हि. ६८३
१४२५

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन सिद्धान्त भास्कर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ग संख्या................ प्राप्ति-संख्या....................

ग्रन्थ-कार्ड
श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान
ग्रन्थागार
नरिया, वाराणसी-५

ग्रन्थ नाम जैन सिद्धान्त-भास्कर
लेखक भाग २५ किरण २

लेनेवाले का | देनेकी | लेनेवालेका

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन पुरातत्त्व सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

वि० सं० २०२५, वीर निर्वाण सं० २४९४
दिसम्बर १९६८

भाग २५

समालोचनार्थ

Dr. G. C. Choudhary,
M.A., Ph.D., Acharya (B.E.S Class I).
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda (Patna)

परामर्श मण्डल

डॉ० प्रो० ए० एन० उपाध्ये, एम० ए०, डी० लिट०
सिद्धान्ताचार्य पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री
सिद्धान्ताचार्य पं० के० भुजबली शास्त्री

सम्पादक

डॉ० ज्योति प्रसाद जैन, एम० ए०, एल-एल० बी०, पी-एच्० डी०
डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, एम० ए०, पी-एच्० डी०, डी० लिट्०

प्रकाशक
श्री सुबोध कुमार जैन, मंत्री
श्री देवकुमार जैन ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट
(जैन-सिद्धान्त भवन)
आरा : बिहार

भारत में १०) विदेश में १५) एक प्रति का ५-५०)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषय - सूची

		पृष्ठ
१	पार्श्वनाथस्तोत्रम् —पं० श्री पन्नालाल, साहित्याचार्य	१
२	आर्य का श्रमणीकरण —श्री रामचन्द्र जैन, एडवोकेट	६
३	जैन-रास-साहित्य में स्वप्नवर्णन —डा० सनत्कुमार रंगाटिया	१४
४	मोहन बहुत्तरी (श्री मोहन दास ठोर श्रीमाल कृत) —प्रेषक श्री कुन्दन लाल जी	२३
५	जैन-चिन्तकों द्वारा प्रमाण-स्वरूप विचार —प्रो० डा० श्री दरबारी लाल कोठिया, एम० ए०, आचार्य, पी-एच० डी०	३४
६	पतियानदाई की अद्वितीय प्रतिमा —श्री गोपीलाल 'अमर'	४०
७	प्राचीन भारतीय युद्ध-विज्ञान : कुछ नये संदर्भ —श्री प्रेम सुमन जैन, एम० ए०, शास्त्री	४४
८	यशोधर कथा का विकास एवं महाकवि रइधू कृत जसहरचरिउ : एक अध्ययन —डा० राजाराम जैन, एम० ए०, पी-एच० डी०	६२
९	श्री जैन सिद्धान्त भवन और छः माह का कार्य विवरण	७०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१४९२.

पार्श्वनाथस्तोत्रम्

वर संवरसंवर संवरसं भवदं भवदम्भवदं भवदम् ।
सममा सममा सममा सममा गमभं गमभं गमभम् ॥ १ ॥

व्याख्या—वरसंवरः उत्कृष्टसंवर एक संवरः कवचस्तेन संवरं कालसंवरं एतन्नामकासुरं कमठस्य जीवं स्यन्ति हन्ति इति वरसंवरसंवर संवरसम् । कालसंवर इत्यत्र पूर्वपदस्य लोपः । षोऽन्त कर्मणि । भवस्य संसारस्य दम्भं कपटं वदतीति भवदम्भवदस्तम् । भवं श्रेयो ददातीति भवदः, तम् भवदम् । भवं संसारं द्यति खण्डयतीति भवदः तम । दो ऽवखण्डने । 'भवः श्रीकण्ठसंसारश्रेयः सन्तापिजन्मसु' इति विश्वलोचनः ।

अमा युगपत् , समम् = मया लक्ष्म्या सहितस्तम् विष्णुमित्यर्थः । आसमम् = आ ब्रह्मा तस्य समः तम् 'आः पितामहे' इति विश्वलोचनः । आसमम् = आ समन्तात् समः शिवो महेश इति यावत् तम् (मश्चन्द्रस्तेन सहित समः 'भः शिवे पुंसि मश्चन्द्रे' इति विश्वलोचनः) । आसम् अ अभावं अस्यति प्रक्षिपति इति आसः, तम् 'अः श्रीकण्ठे ऽव्ययं तुल्याभावयो राः पितामहे' इति विश्वलोचनः । यो युगपद् ब्रह्म-विष्णु-महेश-सदृश इत्यर्थः ।

गमभङ्गम् = गमो द्यूतं तस्य भङ्गो यस्मात्स तम् 'गमो द्यूतान्तरे मार्गे' इति विश्वलोचनः । अभङ्गम् = न विद्यते भङ्गो यस्य तम् अविनश्वर मित्यर्थः । अभङ्गमयम् = अभङ्गा अविनाशिनी मा लक्ष्मीः येषां ते अभङ्गमाः अविनाशिलक्ष्मीयुक्ता जिनेश्वराः तेषु भाति शोभते इति अभङ्गमयः तम् ॥ १ ॥

दरमन्दरमन्दरमन्दरमं गतरं गतरङ्गतरं गतरम् ।
तरसं गरसं गरसङ्गरसं नवरं नवरं नवरं नवरं ॥ २ ॥

व्याख्या—दरेण संसारभयेन मन्दो ऽल्पः रः कामाग्निर्यस्य स दरमन्दरः 'रस्तु कामानले वह्नौ' इति विश्वलोचनः । मन्दरे मेरुपर्वते मन्दं स्वैरं यथेच्छं यथा स्यात्तथा रमते क्रीडति जन्माभिषव समये इति मन्दरमन्दरमः । उभयोर्द्वन्द्वः दरमन्दरश्चासौ मन्दर मन्दरमश्चेति दरमन्दरमन्दरमन्दरमः तम् 'मन्दः स्वैरे खले मन्दरते मूर्खाल्परोगिषु' इति विश्वलोचनः ।

गतं ज्ञानं राति ददातीति गतरः तम् गतरम् । गतमित्यत्र भावे क्तः । ये ये गत्यर्थास्ते ते ज्ञानार्था अपि भवन्तीति नियमात् गतशब्दस्य ज्ञानमर्थः । गतरङ्गतरम् = गतो विनष्टो रङ्गो रागो यस्य स गतरङ्गः, अतिशयेन गतरङ्ग इति गतरङ्गतरः तम् अतिशय वीतरागम् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'कार्मणेऽपि च रङ्गो ना रागे नृत्ये रणक्षितौ' इति विश्वलोचनः। गतरम् = गतो विनष्टो रः कामाग्निर्यस्य स तम् कामरहितं ब्रह्मचारिणमित्यर्थः।

तरसं = तः पालनं जीवानां रक्षणमित्यर्थः तस्मिन् रसः स्नेहो यस्य तम् तरसम् 'पालने पालके तः स्यात्' इति विश्वलोचनः। गरसं = गरं रोगं स्यति हन्तीति गरसः तम् गरसम् 'गरं करणरोगयोः' इति विश्वलोचनः। गरसङ्गरसं = गरस्य विषस्य सङ्गो यस्यां तथा भूता गरसङ्गा, गरसङ्गा विषयुक्ता रसा भूमिर्यस्य तं गरसङ्गरसं यो भूमिं सविषामिव मुमोचेति भावः। भूमिर्भूरचलानन्ता रसा विश्वम्भरा स्थिरा' इत्यमरः।

नवरं = न विद्यते वरः श्रेष्ठो यस्मात् स नवरः तम्, नवं नूतनं स्वर्ग मोक्षादि लाभं राति ददातीति नवरः तम् नवरम्, नवं स्तुतिं राति ददातीति नवरः तम् 'नवः काके स्तुतौ पुंसि नवं नव्येऽभिधेयवत्, इति विश्वलोचनः। वेषु पूज्येषु वरः श्रेष्ठः तम् नवरम् 'नकारो जिनपूज्ययोः' इति विश्वलोचनः॥ २॥

रमुदारमुदारमुदार मुदा समिनं समिनं समिनं समिनम्।
विदितं विदितं विदितं विदितं नमतेनमतेनमतेनमते॥ ३।

व्याख्या—रम् = तीक्ष्णम् कुशाग्रबुद्धिसम्पन्नमित्यर्थः। 'रस्तु कामानले वह्नौ तीक्ष्णे' इति विश्वलोचनः। उदारं दातारम्। उदारं महान्तम् 'उदारो दातृमहतोः' इत्यमरः। उदारमुदा = महतानन्देन उपलक्षितमिति शेषः।

समिनम् = सम्यक् चासौ इनश्च समिनः तम् समीचीनपतिम्। समिनम् = सम्यक्चासौ इनश्च समिनस्तम्—समीचीननृपम्। समिनम् = सम्यक्चासौ इनश्च समिनस्तम्—समीचीनसूर्यम् अज्ञान—तिमिरापहरणे इत्यर्थः। 'इनः पत्यौ नृपे सूर्ये' इति विश्वलोचनः। समिनम् = इः कामः तस्य नः बन्धः इनः, सम्यक् समीचीनः इनः कामबन्धः कामकथा निरोधो यस्मिन् स समिनः तम् सम्यक्तया कामनिरोधसहितमित्यर्थः। 'इस्तु कामे पुमान् खेदे' इति विश्वलोचनः। 'नः पुमान् सुगते बन्धे' इति विश्वलोचनः।

विदितम्—विदन्तीति विदो ज्ञानिनः तैः इतः प्राप्तस्तम् ज्ञानिजनसेविनम् इत्यर्थः। विदितं ज्ञानम्, विदितं = स्वीकृतम्, विदितं स्वीकृते ज्ञाने, इति विश्वलोचनः। विदितम्—अर्थितम् याचितमित्यर्थः विदितं बुद्धितार्थितयोः, इति मेदिनी।

नमतेनम् = न मता इना राजानो यस्य तम् नमतेनम्। अतेनमतेनम् = अतति सततं गच्छतीति अनः पचाद्यच् अतश्चासौ इनः सूर्यश्च इति अतेनः तेन मता आदृता या ईः लक्ष्मीस्तस्या इनः स्वामी तम्। एवंभूतं पार्श्वं जिनेन्द्रम् अने = गच्छामि शरणत्वेन व्रजामि। अनधातोः आत्मनेपद प्रयोगः आर्षः॥ ३॥

यतनायतनायतनायतना नयमानयमानयमा नयमाः।
क्षणलक्षणलक्षणलक्षणल क्षरदक्षरदक्षरक्षरद॥ ४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्याख्या—यतनायतन ! यत्यते साध्यते कार्यं यैस्तानि यतनानि साधनानि तेषामायतनं स्थानं तत्सम्बुद्धौ हे यतनातन ! अयतन ! अयान् शुभावह विधीन् तनोति विस्तारयतीति अयतनः तत्सम्बुद्धौ अयतन ! आयतंन ! आयं लाभं तनोति विस्तारयतीति आयतनः तत्सम्बुद्धौ आयतन !

अनयमानयम ! अनयानां मिथ्यानयानां नीतिरहितानां वा मानं समादरस्तस्य विषये यमस्तत्सम्बुद्धौ अनयमानयम ! मा माम् नयमा नयलक्ष्मीः आनय प्रापय।

क्षणलक्षण ! क्षणमुत्सवं लाति ददातीति क्षणलस्तथाभूतः क्षणः कालो यस्य तत्सम्बुद्धौ क्षणलक्षण ! लक्षणलक्षणल ! लक्षणानां नाम्नां लक्षणं व्याख्यानं तत् लाति ददातीति क्षणलक्षणलः तत्सम्बुद्धौ लक्षणलक्षणल !

क्षरदक्षरदक्ष ! क्षरन्ति दिव्यध्वन्यपेक्षया सर्वाङ्गतो निःसरन्ति यानि अक्षराणि तेषु दक्षः समर्थः तत्सम्बुद्धौ क्षरदक्षरदक्ष ! रदक्षरद ! रदानां विलेखनानां हिंसनानामिति यावत् क्षरं विनाशं ददातीति रदक्षरदः तत्सम्बुद्धौ रदक्षरद ! एवंभूत हे पार्श्वजिनेन्द्र ! अहं त्वाम् अते शरण्यबुद्ध्या गच्छामि इति पूर्वेण सम्बन्धः ।। ४ ।।

प्रमदाप्रमदाप्रमदाप्रमदा नकरानकरानकरानकराः ।
नवमानवमानवमानवमा नसदानसदानसदानसदाः ।। ५ ।।

व्याख्या—प्रमदाप्रमदाप्र ! प्रमदानां स्त्रीणां प्रमदः हर्षः प्रमदाप्रमदः पिपति पूरयतीति प्रः न प्रः अप्रः प्रमदाप्रमदस्य अप्रः प्रमदाप्रमदाप्रः तत्सम्बुद्धौ प्रमदाप्रमदाप्र ! ब्रह्मचारित्वात्स्त्रीणां हर्षस्य अपूरक इतिभावः। मदाप्रम ! मदेन हर्षेण अप्रमः प्रमाणरहित इति मदाप्रमः तत्सम्बुद्धौ मदाप्रम ! 'मदो मृगमदे मद्ये दानमुद्दर्व रेतसि' इति विश्वलोचनः। दानकर ! दानस्य शुद्धेः करो दानकरः तत्सम्बुद्धौ दानकर ! दानं त्यागे गदमदे छेदे शुद्धौ च रक्षणे, इति विश्वलोचनः। आनक ! आनयति प्राणयति जीवयति दया धर्मोपदेशकत्वाज्जीवानिति आनकः तत्सम्बुद्धौ आनक ! रानकर ! रः कामाग्निस्तस्य आनका जीवयितारः समुत्तेजक पदार्था इतियावत् तेषां रो वह्निर्विनाशक इत्यर्थः तत्सम्बुद्धौ रानकर ! रस्तु कामानले वह्नौ इति विश्वलोचनः।ः अन ! अकारो वासुदेवः नारायण इति यावत् तेन नः पूज्यः तत्सम्बुद्धौ हे अन 'अ श्रीकण्ठेऽव्ययं' इति विश्वलोचनः। श्रीकण्ठः विष्णुः शिवो वा। 'नकारो जिनपूज्ययोः' इति विश्वलोचनः। कराः कं सुखं तेनोपलक्षितो रा धनं कराः तत्सम्बुद्धौ कराः। 'कं सुखे वारि शीर्षे च' इति विश्वलोचनः।

नवमानवम ! नवस्य स्तवनस्य मानं गर्वं वमति निराकरोति इति नवमानवमः तत्सम्बुद्धौ। आनव मानव ! आ समन्तात् नुवन्ति स्तुवन्ति इति आनवाः आनवा मानवासस्य आनव मानवः तत्सम्बुद्धौ आनवमानव ! मानसदान ! मनसि भवो मानसः कामः तस्य दानं छेदो यस्मात्स मानसदानः तत्सम्बुद्धौ मानसदान ! सदान !

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दानेन त्यागेन सहितः सदानः तत्सम्बुद्धौ हे सदान ! सदान ! दानेन शुद्धया सहितः सदानः तत्सम्बुद्धौ हे सदान ! अथवा देन उपतापेन सहिताः सदा स्तेषाम् आनो जीवयिता रक्षकः इति सदानः तत्सम्बुद्धौ सदान ! 'दः पुमानचले दन्ते। स्त्रियां शोधनदानयोः। छेदोपताप रक्षासु पुमांस्तु दातरि स्मृतः' ॥ इति मेदिनी। सदाः ! संश्चासौ आ इति सदाः समीचीन ब्रह्मा तत्सम्बुद्धौ सदाः 'आस्तु पितामहे' इति विश्वलोचनः। एवंभूत हे पार्श्वजिनेन्द्र ! अहं त्वाम् अने इति पूर्वेण सम्बन्धः ॥ ५ ॥

तरसातरसा तरसातरसादयनो दयनोदयनोदयनो।
कमदं कमदं कमदं कमदं विभवाविभवाविभवाविभवा ॥ ६ ॥

व्याख्या—तरसा अक्रोधेन तरसां गुणेन क्षमागुणेनेति यावत्। 'गुणे कोपेऽप्यभिमतं तरः स्याद्बलवेगयोः, इति विश्वलोचनः। तर ! तरतीति तरः संसारसागरादिति शेषः तत्सम्बुद्धौ तर ! सातरसात् साते सुखे रसो रागस्तस्मात् सातरसात् सुखस्नेहात् 'शर्मसातसुखानि च' इत्यमरः। शृङ्गारादौ विषे वीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः, इत्यमरः। अयनोदयन ! अयनं मार्गं मोक्षस्येति यावत् उदयते प्रेरयतीति अयनोदयनः तत्सम्बुद्धौ अयनोदयन ! हे मोक्षमार्ग प्रेरक ! उदय ! उत्कृष्टः अयो भाग्यं यस्य तत्सम्बुद्धौ हे उदय ! नोदयन ! नेषु जिनेषु उदयते प्रभवति नोदयनः तत्सम्बुद्धौ हे नोदयन ! 'नकारो जिन पूज्ययोः, इति विश्वलोचनः। उ इति सम्बोधनपदम् 'उः शिवे नाव्ययं तु स्यात्सम्बुद्धौ शेयभाषणे' इति विश्वलोचनः।

कं ब्रह्माणम् अदम् न द्यति न खण्डयतीति अदः तम्, कमदं कस्यात्मनो मदो हर्षो यस्य तम्, कम् आत्मानम्। अदम् उपतापरहितं 'दः पुमानचले दत्ते स्त्रियां शोधनदानयोः। छेदोपताप रक्षासु पुमांस्तु दातरि स्मृतः, ॥ इति मेदिनी। कम् प्रकाशम्, अदम् अच्छेदम्। एवंभूतं पार्श्वजिनेन्द्रम् अने गच्छामि इति पूर्वेण सम्बन्धः। पुनरपि तस्य सम्बोधनमुच्यते।

विभव ! विगलो विनष्टो भवः संसारो यस्य तत्सम्बुद्धौ ! विभव ! अविभव ! न विद्यते विभवः परिग्रहो यस्य तत्सम्बुद्धौ अविभव ! विभो ! स्वामिन् ! आविभव ! आ समन्तात् विभवः ऐश्वर्यं यस्य तत्सम्बुद्धौ आविभव ! विभो + आविभव इत्यत्र अवादेशो वस्य लोपाभाव पक्षे च रूपम्। आ इति सम्बोधनपदम् ॥ ६ ॥

इति पार्श्वजिनेश्वर ते स्तवनं रचितं रचितं रचितं यमकैः।
शयनं परिरञ्जितदक्षनर प्रकरं कुरुतां शिवसौख्यभरम् ॥ ७ ॥

व्याख्या—इतीत्थं हे पार्श्वजिनेश्वर ! यमकैः यमकालङ्कारैः रचितं निर्मितं यमकैः संयमिभिः रचितं कृतं, रचितं रैः रगणैः लघुमध्याक्षरगणविशेषैः चितं व्याप्तम्। शयनं शयेन सर्पेण नं पूज्यं शयनं 'शय्यः शय्याहि हस्तेषु' इति विश्वलोचनः। 'नकारो जिनपूज्ययोः' इति च। नागेन्द्रपूजितमिति भावः। परिरञ्जिनदक्षनरप्रकरं परिरञ्जितः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रसन्तीकृतो दक्षनराणां विदग्धपुरुषाणां प्रकरः समूहो येन तत्। एवंभूतं ते स्तवनं स्तोत्रम्, शिवसौख्यभरं शिवस्य मोक्षस्य सौख्यभरं सुखसमूहं कुरुतां विदधातु ॥ ७ ॥

सम्पादक और टीकाकार

पं० श्री पन्नालाल, साहित्याचार्य

नोट—यह स्तोत्र अजमेर मे श्रीमान् सेठ भागचन्दजी सोनी के मन्दिर की भित्ति पर अंकित है। टीकाकार श्री पंडित पन्नालालजी साहित्याचार्य ने मूलस्तोत्र वहीं से लेकर यह संस्कृत टीका लिखी है। स्तोत्र 'यमक' रूप में रचा गया है, जिससे शब्दार्थ निकालने में प्रतिभा चमत्कार की अपेक्षा रहती है। साहित्याचार्य ने अपनी इस स्वरचित टीका में प्रत्येक शब्द का अर्थ स्पष्ट किया है।

—सम्पादक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आर्य का श्रमणीकरण

श्री रामचन्द्र जैन, एडवोकेट, गंगानगर

साईबेरिया के घने जंगलों के दक्षिणी व मध्यऐशिया के पठारों के उत्तर और पूर्व में समुद्रपर्यन्त के स्थल के मध्य आर्य पद्धति का उद्गम हुआ। सबसे पहले यूरोपार्य प्रायः ४५०० वर्ष पूर्व यूरोप में गये और धीरे धीरे दक्षिण यूरोप की ओर बढ़ कर ३२०० वर्ष पूर्व यूनान और भूमध्य सागर पर सैनिक विजय प्राप्त कर अपनी राजनीतिक शक्ति स्थापित की। प्रायः ४००० साल पूर्व वे पश्चिमी ऐशिया के सीमान्त पर आये। चतुर्थ सहस्राब्दि में उन्होंने पश्चिमी ऐशिया पर राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित कर लिया। सबसे अन्त में ब्रह्मार्य भारत की तरफ आये और ३१०० वर्ष पूर्व दाशराज्ञ महायुद्ध में विजयी होकर पश्चिमी भारत में वे ब्रह्मावर्त के नाम से अपना उपनिवेश स्थापित करने में सफल हुए[१]।

ज्ञान का यह आकर्षक विषय है कि आर्य शब्द से किस प्रकार की संस्कृति का बोध होता है। आर्य शब्द का प्राचीनतम प्रयोग ३६०० वर्ष पूर्व पश्चिमी ऐशिया के उत्तरी मैसोपोटामियां पर शासन करने वाली हरी जाति के साहित्य में कैस्पियन सागर के आस पास रहने वाली जाति के अर्थ में मिलता है[२]। इस समय और इसके बाद ३३८० वर्ष पूर्व तक आर्य जाति का नेतृत्व वरुण के हाथ में था और इन्द्र उसके आधिपत्य में था, जैसा कि विजयी हिट्टाइट जाति के नेता सुप्पीलूलियमस और विजित मित्तनी जाति के नेता मतीवाजा में[३] ३३८० वर्ष पूर्व[४] हुई सन्धि से प्रकट होता है। इसके बाद ३२०० वर्ष पूर्व तक इन्द्र के नेतृत्व में ब्रह्मार्य भारत में आये और ३००० वर्ष पूर्व तक हस्तिनापुर तक पहुँच गये[५]। उन्होंने सरस्वती-दृषद्वती की घाटी में ब्रह्मावर्त की स्थापना की, जिसकी प्रान्तीय राजधानी कालीबंगा जिला गंगानगर थी[६]। यहीं पर ऋग्वेद अपने वर्तमान स्वरूप में रचा गया। ऋग्वेद का वर्तमान रूप ३००० वर्ष पूर्व ही अस्तित्व में आया[७]।

मूल ऋग्वेद (मण्डल १ से ६ तक) में आर्य शब्द का प्रयोग २६ बार हुआ है। इन्द्र आर्य व दस्युओं में भेद करते हैं। दस्यु यज्ञक्रिया नहीं करते, अतः इन्द्र उन्हें आर्यों के अधीन करते हैं[८]। इन्द्र वज्र से हथियारबन्द होकर अपनी सैनिक शक्ति में विश्वास रखते हुए दस्युजन के पुरों को नष्ट करते हैं और दस्युजन का नाश करते हैं जिससे आर्यों की शक्ति, सामर्थ्य वयश बढ़े[९]। अश्विन आर्यों की खेत जोतने व यव बोने में सहायता करते हैं। मनु के लिए दूध प्राप्त करते हैं। दस्युजन का नाश करते हैं और इससे आर्यों की यश ज्योति बढ़ाते हैं[१०]। इन्द्र युद्धों में आर्यों की रक्षा करते हैं और यज्ञ कर्म न करने वाले कृष्णत्वचों को विदारते हैं[११]। इन्द्र दानुपुत्र वृत्र का, आर्यों का यश बढ़ाने के लिए, नाश करते हैं[१२]। आर्य दस्युजन पर विजयी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होते हैं। उन्होंने त्वष्टा के पुत्र विश्वरूप का संहार किया[१३]। त्वष्टा ने ही इन्द्र को उसका वज्र निर्माण कर दिया था। इन्द्र ने दस्युजन का नाश कर घोड़े, गायें व धन जीतकर आर्यवर्ग की रक्षा की।[१४] यहां आर्यवर्ण दस्युवर्ण के विरोध में आया है। आर्य गौरवर्ण व दस्यु कृष्णवर्ण के थे। सभी देव इन्द्र की आज्ञा में कर्मरत थे। इन्द्र ने सम्पूर्ण भूमि जीत कर आर्यों को दे दी।[१५] इन्द्र ने शीघ्र ही दस्युजन को पराजित कर उनकी कृष्टी यानी पुत्र, दास, भूमि, धन आदि आर्यों को दे दिये।[१६] इन्द्र ने आक्रमणकारी आर्यसेना की रक्षा करते हुए सम्पूर्ण दासीजन को परास्त किया।[१७] अग्नि आर्यों के लिए दस्युजन का संहार करते हैं। वे आर्यों के मित्र हैं। इस प्रकार वे विश्व के शासक हुए और उन्होंने आर्यों का यश विश्वव्यापी किया[१८]। इन्द्र धन के दाता हैं अतः आर्य उन्हें आर्यित करते हैं[१९]। यहां "आर्यन्ति" शब्द क्रिया पद में सम्मान के अर्थ में आया है। इसी प्रकार एक दूसरी ऋचा में "आर्यात्" शब्द क्रियापद में धनवान बनाने के अर्थ में आया है जहां इन्द्र दासजन पर अपने अस्त्र चलाकर उन्हें न्यस्त करते हैं और सप्तसिन्धु का सारा धन लूट कर आर्यों को धनवान बनाते हैं।[२०] यज्ञ कर्म न करने वालों का नाश कर इन्द्र सम्पूर्ण विश्व को आर्य बनाने में संलग्न होते हैं[२१]। सम्पूर्ण विश्व से अर्थ इस सन्दर्भ में केवल पश्चिमी भारत से है। सोमरस केवल आर्यों के लिए है जो उन्हें अन्न व पशु प्राप्त करने में सहायक होता है[२२]।

आर्यों के शत्रु अयजमान हैं और वे यज्ञकर्म नहीं करते। इन्द्र स्वयं आर्य हैं। दास शक्ति उनके अधीन है।[२३] यज्ञ का अर्थ आर्यों की कबीलीय सामूहिक आर्थिक, सामाजिक व सैनिक क्रिया है।[२४] विष्णु इन्द्र के सहयोगी हैं। वे आर्यों पर कृपा करते हैं और उन्हें यज्ञ-सम्पदा में भागीदार बनाते हैं।[२५] यज्ञ-भाग का अर्थ राज्य की आर्थिक सम्पदा से है।[२६]

भारत में दास व दस्युओं के साथ युद्ध में इन्द्र उन्हें तो नष्ट करते हैं किन्तु जो आर्य भारत में उनसे पहले आ गये और यहां के मूल निवासियों के साथी बन गये उन्हें भी वे नष्ट कर देते हैं। दासराज्ञ युद्ध में भृगु लोग आर्य सुदास के विरुद्ध दस्यु सरदार विश्वामित्र के साथी थे। इन्द्र ने परुष्णी नदी के युद्ध में तुर्वश व दस्यु लोगों के साथ भृगुलोगों को भी मार कर नदी में डुबो दिया और इस प्रकार उन्होंने अपने मित्र सुदास की बड़ी सहायता की।[२७] इसी प्रकार इन्द्र ने अर्ण व चित्ररथ दो आर्यों का संहार किया।[२८] वज्रधारी इन्द्र ने वृत्र जाति की नहुष उपजाति के लोगों को मारा। नहुष जाति में आर्य व दास दोनों सम्मिलित थे। उन्होंने इनका विपुल धन लूट कर अपने अनुयायी आर्यों को दे दिया।[२९] इन्द्र ने वृत्र-जन के साथ-साथ अपने सभी अमित्रों को चाहे वे दास हों या आर्य, नष्ट किया और अपने हथियारों से युद्ध में, जंगल की लकड़ी की तरह, उनका छेदन किया।[३०] केवल इन्द्र के अनुयायी ही सच्चे थे और वह उन्हींका सत्पति था बाकी सब विरोधों का चाहे वे आर्यों द्वारा किये गये हों चाहे दास लोगों द्वारा, इन्द्र सभी विरोधों का विरोध करते थे।[३१] इन्द्र अपने कबीलाई

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सामूहिक समाज की एकता कायम रखने में भी सक्षम थे। गान्धार क्षेत्र के आसपास रहने वाले पूर्वार्यों ने पवथ, भलान, अलिन, विषाणिन और शिव लोगों को परास्त कर उनको अपने समाज में मिला लिया था। आर्य तृत्सुओं ने उनकी गायें चुरा लीं। इन्द्र ने तृत्सुओं से गायें प्राप्त कर पवथादि को दिला दीं।[३२] जिन आर्यों ने दासों के साथ मिलकर विरोध किया उन्हें दासों के साथ-साथ इन्द्र ने नष्ट किया और इस प्रकार उन्होंने राजासुदास की रक्षा की।[३३]

पुरन्दर इन्द्र ने पश्चिमी भारत में अनेक पुरों को ध्वस्त किया। उनकी शासिकाएं दासी-जन थीं। दस्युजन दासी के अधीन थे।[३४] इससे स्पष्ट है कि भारत में उस काल में मातृ सत्ताक प्रथा थी। शासन भी मातृसत्ताक था। उस समय खेती के लिए सिंचाई की सुविधाएं भी थीं। बन्धों में पानी एकत्रित कर नहरों के पानी से खेतों को सींचा जाता था। उन्हें भी इन्द्र ने तोड़ा[३५] और देश में हाहाकार व तहलका मचा दिया। इन्द्र ने हिंसा की महान् सुगठित व सुनियोजित शक्ति का उपयोग किया। इन्द्र के साथ साथ वशिष्ठ भी आर्य प्रजा की शक्ति को जानते थे।[३६] वशिष्ठ के प्रयत्नों से ही इन्द्र दाशराज्ञ युद्ध में सुदास के सेनाध्यक्ष बने थे।[३७] इन्द्र व वशिष्ठ की सहायता से तृत्सुओं के नेतृत्व में आर्यजन दाशराज्ञ युद्ध में घोर अमानवीय हिंसा के सैनिक प्रयोग से विजयी हुए और भरत राष्ट्र को अधीनस्थ किया।[३८] इस प्रकार हम देखते हैं कि आर्यों की मूल संस्कृति हिंसा और शोषण पर अधारित थी। ऋग्वेद में आर्य शब्द का प्रयोग हर स्थल पर नग्न हिंसा और नग्न शोषण के संदर्भ में ही हुआ है।

सभी यूरोपीय व भारतीय शोध विद्वानों का मत है कि ऋग्वेद का दशम मण्डल मूल वेद में बाद में जोड़ा गया। अथर्ववेद से उसका गहरा साम्य है। ऋग्वेद का दशम मण्डल, अथर्ववेद और यजुर्वेद की रचनाएं एक ही काल में हुई प्रतीत होती हैं। यह काल प्रायः २८०० वर्ष पूर्व है।[३९] ऋग्वेद के दशम मण्डल में आर्य शब्द का ११ बार प्रयोग हुआ है।

इस काल में भी ब्रह्मार्यों व भारत के मूल निवासियों के मध्य सैनिक संघर्ष चलता रहा। ऋग्वेद के दशम मण्डल में इसकी ध्वनि स्पष्ट सुनाई देती है। ब्रह्मावर्त उपनिवेश से आर्यों को पूर्व भारत की ओर बढ़ना था और वहां भी विरोध स्वाभाविक था। आर्य-दास संघर्ष होता है और दास पिपु के साथ युद्ध और उसके किलों को तोड़ने की स्मृति अभी ताजी है।[४०] इन्द्र सब आर्यों का प्रमुख है[४१] और देवों ने सर्व संसार में आर्य-जीवन-पद्धति का प्रसार किया।[४२] अभी तक आर्य और दस्यु भिन्न भिन्न हैं। अभी तक इन्द्र ने दस्युओं को आर्य नाम देने की स्वीकृति नहीं दी।[४३] त्वष्टा ने इन्द्र के लिए वज्र निर्मित किया और देवों की सम्पूर्ण बौद्धिक शक्ति उसे प्राप्त हुई। वे सूर्य की तरह प्रकाशमान् हुए। इन्द्र के कार्यों के लिए उनके अनुयायी उनका सम्मान करते हैं। यहां भी क्रिया पद "आर्यन्ति" का प्रयोग हुआ है।[४४] सोमपान अभी तक आर्य-ज्योति का कारणभूत है।[४५] सोम का यज्ञ से सम्बन्ध जुड़ने पर और आर्यगण के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अग्नि के नेता बन जाने पर आर्यों में वैज्ञानिक बुद्धि उत्पन्न हुई।[४६] अग्नि की शोध ने आर्यों के जीवन में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया ; जिससे उनके हिंसा और शोषण के साधन सबल व प्रभावशाली हो गये। यूनान, पश्चिमी ऐशिया व भारत में उन्होंने कई कई पुरों को तो ६–६ बार जलाया। आर्यों द्वारा जलाये इस प्रकार के पुरों को पुरातत्त्व ने इतिहास के सामने ला खड़ा किया है।[४७] अभी तक आर्यों को भारतीयों के साथ संघर्ष लेना पड़ रहा है। ब्रह्मावर्त की स्थापना के बाद बहुत से भारतीय आर्य पद्धति में चले गये तो कुछ आर्य भारतीयों के साथ भी रहे। आर्यों को अभी तक भारतीयों के साथ उनके मित्र आर्यों का भी सफाया करना पड़ रहा है। कुछ आर्यों ने देवों के नेतृत्व को अस्वीकार कर दिया। युद्ध में दासों के साथ उनका भी संहार किया गया।[४८] गणपति आर्यों के गण कबीलों के अधिपति थे और देव उनके अधीन सामन्त थे।[४९] अग्नि ने आर्य व दास को युद्ध में ध्वस्त कर उनके पहाड़ी व मैदानी सब कोषों को लूट लिया।[५०] आर्यों ने बहुत क्रोधित होकर दासों वा आर्यों का संहार किया।[५१] इन्द्र के अनुयायी उससे दासों व आर्यों के साथ युद्ध में आक्रमण से व उनके आयुधों से रक्षित होने के हर समय आकांक्षी रहते थे।[५२] हम देखते हैं कि आर्यों के २८०० वर्ष पूर्व तक भारतीयों के साथ युद्ध होते रहे। भारतीयों को आर्य-हिंसा व आर्य-शोषण का शिकार बनना पड़ा।

अथर्ववेद में आर्य शब्द का ११ बार प्रयोग हुआ है। निम्न सूक्त ऋग्वेद दशम मण्डल के पुनरावृत्ति, कहीं कहीं कुछ पाठ भेद के साथ, अथर्व वेद में प्राप्त है :—

अथर्ववेद			ऋग्वेद दशम मण्डल			
४	३२	१	१०	६	१५	१
१८	१	२१	१०	१	११	४
२०	११	९	३	३	५	९
२०	१७	४	१०	४	१	४
२०	३६	१०	६	२	७	२०
२०	१२६	१९	१०	७	२	१९

अथर्ववेद को ब्रह्मवेद, अभिचार-वेद व सम्प्रयोग-वेद कहा जाता है।[५३] अभिचार-सिद्धि के लिए अथर्ववेदी साधक शूद्र व आय को व ब्राह्मण, राजस्य, शूद्र व आर्य को समान दृष्टि से देखता है।[५४] अथर्वण के नियम को दास या आर्य कोई उच्छेदित नहीं कर सकता।[५५] अथर्ववेद से भी स्पष्ट प्रतीत होता है कि आर्यों के हिंसा और अभिचार का उद्देश्य है, भौतिक सुख और समृद्धि।

इस युग में यज्ञ का कर्मकाण्डीकरण पूर्ण हो जाता है। उद्देश्य वही भौतिक सुख और समृद्धि है। शुक्ल यजुर्वेद में आर्य शब्द केवल तीन बार इसी संदर्भ में आता है।[५६] कृष्ण यजुर्वेद में भी आर्य शब्द का प्रयोग केवल तीन बार हुआ है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कृष्ण यजुर्वेद का सूक्त ४.३.१०.२ शुक्ल यजुर्वेद के सूक्त १४.३० व प्रथम का सूक्त १.८.३.१ द्वितीय के सूक्त २०.१७ में कुछ परिवर्तन के साथ मिलते-जुलते हैं। कृष्ण यजुर्वेद का तीसरा प्रयोग भी कर्मकाण्डीकृत यज्ञ के सम्बन्ध में ही आया है।[५७] इस प्रकार हम देखते हैं कि आर्यों का सम्बन्ध उत्तर-ऋग्वेदिक काल में हिंसा और शोषण पर आधारिक सांसारिक सुख के साथ ही बना हुआ है।

ब्राह्मण-साहित्य कर्मकाण्डीकृत यज्ञों की विधि का ही विस्तार से विवेचन करते हैं। सामवेद का पञ्चविंश ब्राह्मण और कृष्ण यजुर्वेद का तैत्तिरीय ब्राह्मण प्राचीनतम है। ऋग्वेद के ऐतरेय व कौषीतकी ब्राह्मण इसके बाद के हैं। यजुर्वेद का शतपथ ब्राह्मण इसके भी बाद का है।[५८] पञ्चविंश में आर्य शब्द केवल दो बार कर्मकाण्ड व अभिचार के अर्थ में आया है।[५९] तैत्तिरीय ब्राह्मण में भी आर्य शब्द का प्रयोग केवल दो बार हुआ है।[६०] ऐतरेय, कौषीतकी व शतपथ ब्राह्मण में आर्य शब्द का प्रयोग बिलकुल नहीं हुआ है। बुद्ध व महावीर-युग से पूर्व के उपनिषदों में ऐतरीय, कौषीतकी, छान्दोग्य व बृहदारण्यक में भी आर्य शब्द का प्रयोग बिलकुल नहीं हुआ है। इनके इलावा बाकी सब उपनिषद महावीर-युग के बाद के हैं।[६१] इससे प्रतीत होता है कि ब्रह्मार्यों में आर्य शब्द प्रभावशाली नहीं रहा। ब्राह्मण शब्द का प्रयोग निरन्तर बढ़ता गया। आर्य शब्द का प्रयोग निरन्तर घटता गया। ऋग्वेदोत्तर संहिताओं का काल २८००–२७०० वर्ष पूर्व व प्राचीनतम उपनिषदों का काल २५०० वर्ष पूर्व निश्चित है। ब्राह्मण काल २७००–२६०० वर्ष पूर्व निश्चित होता है अतः प्राचीनतम ब्राह्मण २७०० वर्ष से अधिक पुराना नहीं है।[६२] इससे प्रतीत होता है कि वैदिक संस्कृति में तीर्थङ्कर पार्श्व के युग में आर्य शब्द के उपयोग का लोप हो गया। इसका कारण क्या रहा, इसका उत्तर श्रमण संस्कृति में "आर्य" शब्द के उपयोग के रूप को समझने से मिलेगा।

२८००–२९०० वर्ष पूर्व तीर्थङ्कर पार्श्व के युग में हिंसा व शोषण पर आधारित ब्रह्मार्य संस्कृति पर श्रमण संस्कृति पूर्ण रूप से विजयी हो गयी। तीर्थङ्कर पार्श्व के युग में श्रमण संस्कृति का नाम सम्भवतः व्रात्य संस्कृति था। व्रात्य संस्कृति पूर्वार्य व अवैदिक संस्कृतिक है।[६३] अथर्ववेद के एक-व्रात्य संभवतः तीर्थङ्कर पार्श्व ही हैं। आर्योत्तम इन्द्र, अग्नि, वरुण, प्रजापति विष्णु, रूद्र व बृहस्पति आदि ब्रह्मार्य देव व इन्द्राणी, इडा, दिति व अदिति आदि ब्रह्मार्य देवियां एक-व्रात्य-वर्ती यानी पार्श्य-वर्ती हो जातीं हैं।[६४] इस श्रमणीकरण के कारण ब्रह्मार्य-संस्कृति या आर्य-संस्कृति अपने हिंसा या शोषण पर आधारित पूर्व रूप में स्थिर न रह सकीं। हिंसा व शोषण से सम्बन्धित आर्य शब्द निराहत हो गया।

तीर्थङ्कर महावीर और तथागत बुद्ध तीर्थंकर पार्श्व की श्रमण संस्कृति के उत्तराधिकारी बने। तीर्थंकर महावीर मूल रूप में कायम रहे और उन्होंने पार्श्व के चातुर्याम में बहुत थोड़ा परिवर्तन किया। तथागत बुद्ध ने भी पार्श्व के चातुर्याम को स्वीकार किया[६५] किन्तु उन्होंने उसे चार-आर्य-सत्यों की आधारशिला दी। ब्रह्मार्यों ने हिंसा और शोषण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वारा भारतीय जनता पर असीम दुःख लाद दिया था। भारतीय प्रजा पर इस आये हुए दुःख के निवारण के लिए ही तथागत बुद्ध ने अपने दुःख दर्शन और दुःखनाश शास्त्र का निर्माण किया। वृद्ध-रोगी-मृत-व्यक्ति-दर्शन तो रूपक मात्र है, जो सभी को हर समय होते हैं किन्तु यह व्यापक राष्ट्रीय दुःख भारतीय जनता के लिए नवीनतम अनुभव था। इसके निवारण के लिए बुद्ध ने समझौते का मार्ग अपनाया और काफी सीमा तक वैदिक संस्कृति के प्रभाव को स्वीकार कर अपने नव्य श्रमणवाद की स्थापना की। बुद्ध और महावीर ने आर्य शब्द का श्रमणीकरण किया और उन्होंने आर्य शब्द को अहिंसा और सत्य से जोड़ दिया। अरिय-सुत निर्माण प्राप्ति हेतु आर्य-गुणों की विवेचना करता है। अरियपरियेसना सुत्त तृष्णा-विजय का उपदेश देता है। अरियमगवग्ग आर्य-विचार को सम्यक् विचार स्थापित करता है। अरियमग्ग सुत्त आर्य-मार्ग और उसके फल पर प्रकाश डालता है। अरियवंश बौद्धसंघ के प्रसिद्ध पुरुषों का जीवन-इतिहास है। अरियवसा सुत्त आर्य-स्थानों को विवेचना करता है। अरियसावक सुत्त सम्यग्दृष्टि श्रावक के ज्ञान व आचार पर प्रकाश डालता है[६६]। तथागत बुद्ध ने आर्य शब्द का व्यापक रूप से श्रमणीकृत किया।

जैन अंगों में प्राचीनतम आयारांग और सूयगडांग सूत्रों में आर्य शब्द का सम्बन्ध सत्य आचार और सत्य विचार से जुड़ा हुआ मिलता है।[६७] साथ ही आर्य-क्षेत्र, आर्य-विचार, आर्य-रक्त, आर्य-पद्धति आदि भी जैन संस्कृति के अंग बनते गये।

आर्य शब्द के श्रमणीकरण की प्रक्रिया जब पार्श्व के युग में प्रारम्भ होकर महावीर के युग में पूर्ण हो गई तब वैदिक संस्कृति ने उसे त्याग दिया, क्योंकि अब आर्य शब्द का विकास हो गया और उसने हिंसा और शोषण से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया। इस पर वैदिक संस्कृति को अपना रूप परिवर्तित कर नया रूप धारण करना पड़ा, किन्तु यह दूसरे शोध लेख का विषय है।

REFERENCES.

1. Ramchandra Jain; The Most Ancient Āryan Society; 1964; chapter 2.
2. Will Durant; Our Oriental Heritage, 1954; Page 286.
3. James B. Pritchard; Ancient Near Easter Texts; 1955; Page 205-206.
4. S. Moscati; The face of the Ancient Orient; 1960; Page 190.
5. B. B. Lal; Excavations at Hastinapur and other Explorations; Ancient India No. 10-11; Pages 147-150.
6. Indian Archaeology; 1961-62; Page 32.
7. (1) B. K. Ghose; Vedic Literative; General View (in the Vedic Age edited by R. C. Majumdar and A. D. Pusalkar); 1957; Page 225.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(2) A. S. Altekar ; Presidential Address in Proceedings of Twenty Second Indian History Congress; 1959; Page 100.

8. Ṛgveda 1.10.1.8
9. „ 1.15.10.3
10. „ 1.17.2.21
11. „ 1.19.4.8
12. „ 2.1.11.18
13. „ 2.1.11.19
14. „ 3.3.5.9
15. „ 4.3.5.12
16. „ 6 2.3.3
17. „ 6.3.2.2
18. „ 7.1.5.6 ; 1.11.2.2 ; 8.10.10.1
19. „ 8 3.4.6
20. „ 8.4.4.27
21. „ 9.3.3 5
22. „ 9.3.3.14
23. „ 5.3.2.6
24. R. C. Jain; op. cit, chapter IV
25. Ṛgveda 1.21.17.5
26. D. R. Mankad; The Twelve Devāsurasaṁgrāmas; Journal of the Oriental Institute, Baroda; Vol. XII No. 3; Page 228.
27. Ṛgveda 7.2.1.6
28. „ 4.3.5.6
29. „ 6.2.7.10
30. „ 6.3.10.3
31. „ 6.5.11.6
32. „ 7.2.1.7
33. „ 7,5.13.1
34. „ 1.15.10.3 ; 6.3.2.2
35. „ 4.3.5.2
36. „ 7.2.16.7
37. „ 7.2.16.1—3
38. „ 7.2.16.5—6
39. R. C. Jain; Origin of the Kuru Tribe; Jain Bharati Shodha Anka; 1964; Page 4.
40. Ṛgveda 10.11.10.3
41. „ 10.7.2.9
42. „ 10.5.6.11
43. „ 10.4.7.3
44. „ 10.4.6.3

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

45. Rgveda 10.4.1.3
46. ,, 10.1.11.4
47. R. C. Jain; op. cit (M.A.A.S.) ; chapter 2 Section 4.
48. Ṛgveda 10.3.9.3
49. R. C. Jain; op.cit (M.A.A.S) ; chapter 3.
50. Ṛgveda 10.5.9.6
51. ,, 10.6.15.1
52. ,, 10.9.3.3
53. (1) M. Monier Williams; A Dictionary : English and Sanskrit; 1961 page 475.
(2) M. Bloomfield; The Atharvaveda; 1899 Page 7-10.
54. Atharvaveda; 4.20.4,4.20.8,19.32.8,19.62.1
55. Atharvaveda; 5.11.3
56. Sukla Yajurveda 14.30,20.17,33.82
57. Kṛṣṇa Yajurveda 7.4.19.1
58. A. A. Macdonell; A History of Sanskrit Literature; 1958; Page 203.
59. Panchaviṁsa Brāhmaṇa; 5.5.16,13.4.11
60. Taittirīya Brāhmaṇa; 2.3.5.4,2.8.3.3
61. S. Radhakrishnan; Indian Philosophy; 1951; Vol I Page 142.
62. A. B. Keith; Religion and Philosophy of the Veda; 1925; Page 20.
63. R. N. Dandekar; Man in Hindu Thought; A.B.O.R.I. Vol. 43 Page 25
64. Atharvaveda; XVth Kāṇḍa.
65. Dharmanand Kaushambi; Parashvanath Ka Chaturyama Dharma (Hindi); 1957; Page 19,30.
66. G. R. Maḷalasekera; Dictionary of Pali Proper Names; 1960, Pages 178-182
67. (1) Āchārāṅga Śutra; 1.4.2.
(2) Sutrakṛtāṅga Sutra; 1.1.2.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन-रास-साहित्य में स्वप्नवर्णन ।

डा० सनत्कुमार रंगाटिया, सूरत (गुजरात)

स्वप्नवर्णन जैन कवियों का अत्यंत प्रिय रूढ़ि (Motif) है। यहाँ हम जैन-रास-साहित्य—१५वीं शती तक के उपलब्ध जैन रास और रासान्वयी काव्य-चर्चरी, फागु-विवाहलु आदि में प्राप्त स्वप्नवर्णन पर विचार करेंगे। मनोविज्ञान का क्षेत्र व्यापक है। जिन कथानक रूढ़ियों में बुद्धि का चमत्कार या उपचेतन मन का क्रिया-कलाप प्रमुख रूप से व्यक्त हुआ है उन्हें इस वर्ग में रखा जा सकता है। जैन-रास-साहित्य में स्वप्नवर्णन इस प्रकार वर्णित हैं— (अ) स्वप्नों के द्वारा भाग्यवान पुत्र की प्राप्ति का संकेत। (आ) स्वप्न के द्वारा धन-प्राप्ति की सूचना। (इ) भावी घटना के विषय में परामर्श व सूचना। (ई) जाति-स्मरण।

भारतीय एवं पाश्चात्य मनोविश्लेषण-शास्त्रियों ने स्वप्न की दिशा में अधिक कार्य किया है। बृहदारण्यक उपनिषद में इस विषय पर सर्वप्रथम विचार किया गया है। प्राचीनकाल में भारत में स्वप्नफल पर कितना विश्वास था इसका पता चरक, वराह, मार्कण्डेय, आचारमयूख, पराशर, बृहस्पति आदि की संहिताओं और ग्रन्थों से चलता है। जिस प्रतीक पद्धति का उनमें निरूपण है, आधुनिक मनोविश्लेषण-शास्त्रियों ने भी अपनाया है।

फ्रेजर महोदय[१] ने बताया है कि निद्रित व्यक्ति की आत्मा उसके शरीर से निकल कर अनेक स्थलों पर भ्रमण करती है और जो कुछ देखती है, उसे मनुष्य स्वप्न में देखता है। ब्राजिल और जिनोआ में निवासित हिन्दुस्तानी जब जागता है तब महसूस करता है कि उसकी आत्मा सचमुच शरीर से बाहर थी। उसने जो स्वप्न देखा था यथा शिकार करना, मछली पकड़ना, पेड़ का गिरना या जो कुछ उसने स्वप्न में किया था, सब उसी आत्मा का प्रभाव है। जर्मनी के लोगों की मान्यता है कि आत्मा श्वेत चूहा या छोटे पक्षी का रूप लेकर सोनेवाले के शरीर से भाग जाया करती है। स्वप्न में अपने को पानी में उतरते पाना प्यास का ही कारण है, जिसके फलस्वरूप प्यासी आत्मा पानी में उतरती है। आदिम जाति में सोये हुये मनुष्य को धीरे धीरे जगाया जाता था, क्योंकि भ्रमणशील आत्मा को शरीर में पुनः प्रवेश करने में समय लगता है। यदि आदमी को आत्मा के प्रवेश से पूर्व जगाया जायेगा तो वह बीमार हो जायेगा। रेडक्लिफ[२] के शब्दों में आदि मानव ने कहा "सोते में हम समय समय पर अपने माता, पिता, साथी, शत्रु, भयानक पशु-पक्षी आदि से भेंट करते रहते हैं। वास्तव में स्वप्नों में हमें जीवित मृत, सभी दिखाई दे जाते हैं। अतः यह निश्चित है कि दिन के समान रात्रि का जीवन

१ Sir J.C. Frager—The Golden Bough—Page 239-41.
२ डा० सुबोध अग्रवाल—स्वप्नलोक का रहस्योद्घाटन—पृ० ११,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भी वास्तविक है। स्पष्ट ही नींद में हमारी आत्माएं चुपचाप एक दूसरे से मिलने के लिये निकल पड़ती है। कभी कभी तो हम सबकी आत्माएं एक साथ निश्चित संसार का भ्रमण करने के लिये शरीर का त्याग कर देती है।" लेवी[३] ने बताया कि रेड इण्डियन की मान्यता है कि मनुष्य की दो आत्माएं होती हैं। एक मनुष्य की मृत्यु के समय मर जाती है और दूसरी मृत शरीर के साथ कायम रहती है। यही आत्मा उसकी निर्देशक, प्रतिभा-रक्षक, व्यक्तिगत देव आदि है। अतः स्वप्न देखनेवाला उस सबके प्रति स्वयं जिम्मेदार है, जो उसकी आत्मा स्वप्न में करती है। वैदिक विचारधारा के अनुसार आत्मा जब इस स्थूल शरीर को छोड़ती है, तब उसके साथ मन भी रहता है। मनुष्य के मन पर इस जन्म के क्या, अपितु कई पिछले जन्मों के संस्कार पड़े हुए हैं। मनुष्य की जो इच्छाएं रहीं, पापकर्म व पुण्यकर्म किये, वे सब मन के अन्दर निहित होते हैं।[४] जैन-धर्म की मान्यता है कि स्वप्न के दर्शन से जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न होता है और जाति-स्मरण ज्ञान होने से मनुष्य अपने पूर्व भवका स्मरण प्राप्त करता है—

> सुमिणदंसणे वा से असमुप्पन्नपुव्वे समुप्पज्जिज्जा अहा तचं सुमिणं पासित्तए, जाईसरणे वा से असमुप्पन्नपुव्वे समुप्पज्जेज्जा अप्पणो पारोणियं जाइं सुमिरित्तए ॥[५]

क्योंकि चित्त प्रभास्वर शुद्ध है और व्यक्तिगत चित्त विराट चित्त का ही अहं से मर्यादित अंश है। कभी कभी चित्त भविष्य में घटित होनेवाली घटना की सूचना करता है।[६] जिस प्रकार मत्स्य नदी के इस तट से दूसरे तट की ओर आवागमन करता रहता है उसी प्रकार मनुष्य भी स्वप्नावस्था की धारा में पड़ा हुआ जाग्रत व सुषुप्ति के सिरों को छूता रहता है।[७] उक्त विवेचन से स्पष्ट है कि कुछ स्वप्न भूतकाल की अनुभूति के रूप में, कुछ स्वप्न भविष्य के दिशासूचक के रूप में तो कुछ का सम्बन्ध मात्र वर्तमान से है। कुछ स्वप्न पूर्व जन्म के संस्कार से भी प्रतीकात्मक रूप में आते रहते हैं। अतः स्वप्न रसप्रद एवं रहस्यमय समस्या है। आदिमकाल से ही मनुष्य इसका रहस्य जानने को उत्सुक है। अनेक पाश्चात्य एवं भारतीय विचारकों ने इस रहस्यमय तत्त्व को सुलझाने के हेतु विभिन्न व्याख्याएं प्रस्तुत की हैं। यथा—

स्वप्न शब्द का अर्थ होता है (अ) बुद्धि व इन्द्रियों आदि का बाह्य जगत् से सम्बन्ध विच्छिन्न होना। (आ) मन का अन्तर्लीला करना।[८] डॉ० पद्मा अग्रवाल भी

३ Dr. J.A. Hadfield—Dreams and Nightmares—Page 3.
४ श्री भगदत्त वेदालंकार—वैदिक स्वप्न विज्ञान—प्रथम भाग पृ० ३५.
५ श्री दशाश्रुतस्कंध—श्री मणिविजयजी ग्रन्थमाला—१४ (भावनगर) पृ० २६.
६ श्री बालकृष्ण वैद्य—आयुर्वेदीय मानसशास्त्र—पृ० ३७.
७ श्री भगदत्त वेदालंकार—वैदिक स्वप्नविज्ञान —प्रथम विभाग पृ० २.
८ वही पृ० ३.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वप्न का अर्थ अपने आप में रमण करना मानती हैं।'[९] स्वप्न चित्त की वृति नहीं किन्तु अजागृत अवस्था में चलता हुआ कर्मपुरुष का सम्पूर्ण व्यापार है।[१०] जिस अवस्था में व्यावहारिक इन्द्रियों के द्वारा जीव को बाह्य पदार्थों का ज्ञान नहीं होता, किन्तु मन से ही मनोमय पदार्थों का ज्ञान होता है, वह अवस्था स्वप्न कहलाता है।[११] श्री नीलकंठी[१२] प्रदेश विशेष में अवस्थित मन के संयोग को 'स्वप्न' कहते हैं। 'पुरीतद्' नामक नाड़ी और बाहरी भाग के सन्धिस्थान पर जब मन रहता है उसीको प्रदेश विशेष कहते हैं। प्रशस्त पादाचार्य[१३] मानते हैं कि इन्द्रियों के द्वारा मानसिक अनुभूति ही स्वप्न है। पुराणों में बताया गया है कि परमेश्वर की इच्छा से जीव को अपने मनोगत संस्कार दिखाई पड़ते हैं, यही स्वप्न है। आचार्य अभिनवपाद गुप्त[१४] के अनुसार आत्मा में उत्पन्न होनेवाले विचारों से स्वप्न की सृष्टि होती है। दार्शनिक कांट[१५] ने कहा था कि 'स्वप्न' अज्ञात मानस की स्वतः बनी हुई कविता है। अरस्तू[१६] के अनुसार नींद के समय मस्तिष्क का जीवन है, ऐसा जीवन है जिसमें हमारे जाग्रत जीवन से कुछ सादृश्य होते हैं और साथ ही उससे बहुत भिन्नता होती है। उक्त व्याख्याओं से स्पष्ट होता है कि स्वप्न का सम्बन्ध विशेषतः मानस से है। तथापि शारीरिक विकारों का भी उस पर प्रभाव अवश्य रहा है। क्योंकि मन और शरीर भिन्न होकर भी अभिन्न है।

भारतीय दार्शनिकों ने स्वप्न प्रक्रिया में आत्मा की प्रधानता मानी है। वैदिक स्वप्नविज्ञान पुनर्जन्म के सिद्धान्त पर आधारित है। आत्मा जब इस स्थूल शरीर को छोड़ती है तब उसके साथ मन भी रहता है। मनुष्य के मन पर इस जन्म के क्या अपितु कई पिछले जन्मों के संस्कार पड़े हुए हैं। मनुष्य की जो इच्छाएं रहीं, पापकर्म व पुण्यकर्म किये, वे सब मनके अन्दर निहित होते हैं। मृत्यु इहलोक (जन्म) और परलोक (पुनर्जन्म) का सन्धि स्थान है। मनुष्य की मरणोन्मुख अवस्था में स्वप्न का प्रारम्भ होता है और मृत्यु प्रस्वप्न है।[१७] शयन के लिए जाने के समय मन में जिस प्रकार के गुण यानी सत्त्व, रज या तम की प्रधानता होती है, वैसा स्वप्न दिखाई पड़ता है। यदि 'सुखमहमस्वाप्यसम्' —सुखपूर्वक शयन किया, इस प्रकार की स्मृति होती है तो सत्त्व गुण की प्रधानता हुई। 'दुखमहमस्वाप्यसम्'—कष्टदायक निद्रा में सोया—की प्रधानता रजोगुण प्रधान हुई।

९ डाँ पद्मा अग्रवाल—मनोविश्लेषण और मानसिक क्रियाएं—पृ० १६०.
१० श्री बालकृष्ण वैद्य—आयुर्वेदीय मानसशास्त्र—पृ० ३६.
११ श्रीमन्नथुराम शर्मा—पातंजल योगदर्शन—पृ० १५२.
१२ श्री परिपूर्णानन्द वर्मा—प्रतीक शास्त्र—पृ० ३१९.
१३ वही० पृ० ३२२.
१४ वही० पृ० ३३४.
१५ वही० पृ० ३२६.
१६ श्री देवेन्द्र कुमार विद्यालंकार—मनोविश्लेषण—पृ० ६७.
१७ श्री परिपूर्णानन्द वर्मा—प्रतीकशास्त्र—पृ० ३३४.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'नकिंचिच्चेतिवानहम्'—कुछ ज्ञान नहीं हुआ—यह तमोगुण हुआ। आयुर्वेद रजोगुण को प्रधानता देता है। 'निद्रोपप्लुतेन रजोयुक्तेन मनसा विषयंग्रहणं—निद्रा से आच्छादित होने पर भी रजोगुणयुक्त मन विषयों का ग्रहण करता है तब स्वप्न उत्पन्न होता है। अप्रसुप्त मनुष्य इन्द्रिय प्रेरक मन से अपने संस्कारों को जाग्रत करके नानाविध स्वप्न देखता है।[१८] तर्कशास्त्र के भारतीय पंडितों का कथन था कि बुद्धि की एक अवस्था 'अविद्या' है। इसी अवस्था में स्वप्न होते हैं। स्वप्न के तीन कारण हैं। यथा (अ) असमवायी कारण—स्वप्न ही स्वयं कारण है। (आ) निमित्त कारण—धातु (वात, पित्त, कफ) दोष या अदृष्ट दैव के कारण। (इ) समवायी कारण—आत्मा के कारण।

वैशेषिकसूत्र की द्वितीय टीका के अनुसार स्वप्न ज्ञान के तीन प्रकार हैं—(अ) संस्कार से (आ) धातुदोष से (इ) अदृष्ट से। संस्कार से ज्ञान का उदाहरण यों दिया जा सकता है कि कामो पुरुष या क्रुद्ध पुरुष जो बातें सोचता है, उन्हें रात्रि में स्वप्न में देखता है। धातुदोष से विचित्र स्वप्न होते हैं, जैसे यदि शरीर में वात-वायु का दोष अधिक हो तो रात में आसमान में उड़ना, जमीन पर दौड़ना आदि, पित्त दोष से आग लगना, आग की लपटों में फंसना, स्वर्ण के पहाड़ पर चढ़ना, बिजली का चमकना आदिड़ और कफदोष से समुद्र या नदी में तैरना या डूबना, वर्षा, झरना, फुहार, सफेद पहा आदि दिखाई पड़ता है।[१९] आयुर्वेदीय मानसशास्त्र में इन्हीं दोषों का समर्थन किया गया है।[२०] नीलकंठी का मानना है कि जब मन 'पुरीतद्' नामक नाड़ी के उपरी स्तर पर रहता हैं तब स्वप्नावस्था होती है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार 'मेध्या' नाड़ी, में मन का संयोग होने से स्वप्न होता है।[२१] पातंजल योगदर्शनानुसार कंठ में 'हिता' नामक नाड़ी में जब अभिमानी विशेष स्थिति में होता है और वासना रूप पदार्थों को अंतःकरण की वृत्ति से जब अभिमानी अनुभूत करता है तब स्वप्नावस्था होती है।[२२] 'स्वप्न सेन्सर' की चर्चा करते हुए डॉ० फ्रायड[२३] स्वीकार करते हैं कि इच्छाएँ जो स्वप्नों में विपर्यस्त रूप से प्रकट होती हैं, सीमाहीन और निष्ठुर अहंकार की अभिव्यक्ति होती हैं क्योंकि प्रत्येक स्वप्न में स्वप्न देखनेवाले का अहंकार ही प्रकट होता है और मुख्य कार्य करता है। विन्ज[२४] ने ई० १८७६ में कहा था 'स्वप्न शारीरिक प्रक्रम है जो सदा बेकार और बहुत बार वस्तुतः विकृत और अस्वस्थ होता है।' शारीरिक या बाह्य उद्दीपन के दो सिद्धान्त हैं—(अ) बोधन भ्रम सिद्धान्त (Perception Illusion theory of

१८ श्री बालकृष्ण वैद्य—आयुर्वेदीय मानसशास्त्र—पृ० ३६.
१९ श्री परिपूर्णानन्द बर्मा—प्रतीकशास्त्र—पृ० ३२१–२२.
२० श्री बालकृष्ण वैद्य—आयुर्वेदीय मानसशास्त्र—पृ० ३७.
२१ श्री परिपूर्णानन्द वर्मा—प्रतीकशास्त्र—पृ० ३१९.
२२ श्रीमन्नथुराम शर्मा—पातंजल योगदर्शन—पृ० ३२.
२३ श्री देवेन्द्र कुमार विद्यालंकार—मनोविश्लेषण—पृ० १२०.
२४ श्री देवेन्द्र कुमार विद्यालंकार—मनोविश्लेषण—पृ० ६६.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Dream) (आ) अन्वीक्षा विभ्रम (Dream as an Apperceptive Trial and Error)। प्रथम सिद्धान्तानुसार स्वप्न निद्रावस्था के उद्दीपनों की प्रतिक्रिया है। निद्रा में हम उद्दीपन (Stimulus) को उसके वास्तविक रूप में नहीं देखते, प्रायः उसे कुछ का कुछ समझते हैं और इस प्रकार हमें भ्रम होता है। निद्रावस्था में विचार (Thinking), प्रत्यक्षीकरण (Perception) और स्मरण (Memory) शक्तियां परस्पर असम्बद्ध हो जाती हैं। विकृत स्वप्नों का यही कारण है। द्वितीय सिद्धान्त स्वप्न को प्रत्यक्ष उद्दीपन की प्रतिक्रिया मानता है। इसके अनुसार स्वप्न उस उद्दीपन का परिणाम ही नहीं होता बल्कि उसमें उसकी विवेचना भी मिलती है। डा० विलियम डिमेन्ड[२५] मानते हैं कि स्वप्न में आंतरिक या बाह्य उद्दीपक नहीं हैं और न तो आंतरिक इच्छाओं की परिपूर्णता। मानसिक सन्तोष के लिए स्वप्न नहीं आते।..........जाग्रतावस्था में हमारे मध्यस्थ ज्ञानतंत्र में विष पैदा होता है। (यह क्रिया अत्यंत आवश्यक है। इसके बिना मनुष्य पगला हो जाय या तो उसकी मौत हो जाय।) ज्ञानतंत्र के विष के कारण आंख के अवयवों की उत्तेजना से आंखों की हलचल होती है। इस हलचल को निरूपित करने के हेतु मस्तिष्क स्वप्न की स्थिति का आयोजन करता है।" किन्तु हमें यह मानने के लिये तैयार रहना चाहिए कि स्वप्नों में भीतरी उद्दीपक वही कार्य कर सकते हैं, जो बाहरी उद्दीपक।

फ्रायड, युंग, एडलर आदि पाश्चात्य विद्वानों ने स्वप्न को मानसिक प्रक्रम माना है। फ्रायड के मतानुसार स्वप्न किसी इच्छा के कारण पैदा होते हैं और स्वप्न की वस्तु उस इच्छा को प्रकट करती है। यह स्वप्नों की विशेषता है। दूसरी इतनी ही स्थिर विशेषता यह है कि स्वप्न विचार को केवल व्यक्त ही नहीं करता, बल्कि इस इच्छा को एक मतिभ्रमात्मक अनुभव के रूप में पूर्ण हुआ दिखाता है।[२६] फ्रायड तथा उनके अनुगामियों का कथन है कि चेतन मन के अतिरिक्त एक अचेतन मन भी होता है, जिसमें कि भावनाएँ जो सामाजिक बन्धनों के कारण प्रकाश में नहीं आ सकतीं, स्थान पा जाती हैं। हँसी-मजाक, दैनिक भूलें साहित्य और स्वप्न आदि इन भावनाओं के निष्कासन मार्ग हैं। सबसे अधिक प्रचलित मार्ग स्वप्न है। फ्रायड के दृष्टिकोण से स्वप्न कामवासना का काल्पनिक पूरक मात्र है। युंग अवचेतन को वैयक्तिक के साथ-साथ सामूहिक अवचेतन को भी मानता है। मनुष्य सामूहिक अवचेतन को सामाजिक दाय के रूप में ग्रहण करता है। जिसका उत्स लोकविश्वास, दन्तकथाएं और पौराणिक कथाएँ आदि में है। इस प्रकार युंग फ्रायड की कामशक्ति की अपेक्षा व्यापक जीवन शक्ति को मनुष्य की क्रियाओं का प्रेरक मानता है। एडलर स्वप्नों को पिछली इच्छाओं की पूर्ति की अपेक्षा वर्तमान समस्याओं के हल का निर्देश समझता है। उसके अनुसार यह कहना चाहिए कि हमारे स्वप्न हमारी कठिनाइयों और परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करने की तैयारी के रूप में आते हैं। युङ्ग द्वारा प्रतिपादित स्वप्न एक मानसिक क्रिया है, जिसमें दबी-दबायी प्रवृत्तियाँ तथा जातीय विशेषताएँ प्रतीक रूप में अभिव्यक्त होती हैं।

---

२५ डा० मधुकान्त—वर्तमान पत्र-गुजरात समाचार—दिनांक १६-५-६७. पृ० ३.
२६ श्री देवेन्द्र कुमार विद्यालंकार—मनोविश्लेषण—पृ० १२०.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावना के अनुरूप स्वप्न होते हुए भी उसे दो प्रकार का माना गया है। प्रथम है 'स्वप्न जागरा'। इसकी प्रतीति उपेक्षा, स्वप्न, संकल्प, स्मृति, उन्माद, काम, शोक, भय, और चोरी आदि कार्य या दशा में होती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे जागते हुए वैसा काम कर रहें हों। सब चीजें साक्षात् दिखाई पड़ती हैं। इसीलिए इसे मुख्य स्वप्न कहते हैं। दूसरी श्रेणी का नाम केवल 'स्वप्न' है। इसमें प्रतीक रूप में कुछ बातें दिखाई पड़ती हैं, जो कल्पना तथा भावना के मेल से बनती है। इनमें वह स्पष्टता, वह प्रत्यक्षता नहीं है। इनका अर्थ समझने की जरूरत पड़ती है। किसी स्वप्न अवयव और उसके अनुवाद में जो नियत सम्बन्ध होता है, उसे हम प्रतीकात्मक सम्बन्ध कहते हैं और स्वयं स्वप्न अवयव को अचेतन स्वप्न विचार का प्रतीक या संकेत कहते हैं। किसी प्रतीक और उससे निर्दिष्ट मनोबिम्ब का सम्बन्ध नियत होता है। मनोबिम्ब प्रतीक का मानो अनुवाद ही होता है। इसलिये प्रतीकवाद कुछ मात्रा में प्राचीन और प्रचलित दोनों प्रकार के स्वप्न निर्वचन के आदर्श को मूर्त कर देता है। श्रीमद् भगवती सूत्र[२७] में प्रतीकानुसार पांच प्रकार के स्वप्न दर्शन वर्णित हैं —

(अ) **यथातथ्य स्वप्नदर्शन**—सत्य अथवा तात्त्विक स्वप्न। इसके दो प्रभेद हैं (१) **दृष्टार्थाविसंवादी** और (२) **फलाविसंवादी**। स्वप्न में निर्दिष्ट अर्थानुसार जाग्रत अवस्था में घटित घटनाएं दृष्टार्थाविसंवादी कहलाती हैं। स्वप्नानुसार जिसका फल प्राप्त हो, वह फलाविसंवादी स्वप्नदर्शन है।

(आ) **प्रतान स्वप्नदर्शन**—विस्तृत स्वप्न, जो यथातथ्य हो या न भी हो।

(इ) **चिन्ता स्वप्नदर्शन**—जाग्रतावस्था में चिन्तन के अनुसार अजाग्रतावस्था में उपलब्ध स्वप्न।

(ई) **तद्विपरीत स्वप्नदर्शन**—जाग्रतावस्था में विपरीत वस्तु की प्राप्ति।

(उ) **अव्यक्त स्वप्नदर्शन**—स्वप्न में अव्यक्त अर्थ की अनुभूति।

समग्र जैन-रास-साहित्य में स्वप्न वर्णन प्राप्त होता है। प्रतीकात्मक स्वप्नों के द्वारा भाग्यवान पुत्र की प्राप्ति का संकेत अत्यंत प्रचलित अभिप्राय है। तीर्थंकर विशेष के जन्म से पूर्व उनकी माता विशेष चौदह स्वप्नों के दर्शन करती हैं। श्रीमद् भगवतीसूत्र[२८] के अनुसार कुल बहत्तर स्वप्न होते हैं। इनमें से बयालीस सामान्य स्वप्न और तीस महास्वप्न होते हैं। तीर्थंकर या चक्रवर्ती के जन्म के पूर्व उनकी माता तीस महास्वप्नों में से सोलह महास्वप्नों को देखकर जाग्रत होती है। सोलह स्वप्नों के प्रतीक हैं—हस्ति, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी का अभिषेक, पुष्पमाला, चंद्र, सूर्य, ध्वज, कुम्भ, पद्म, सरोवर, समुद्र, विमान, भवन, रत्नराशि, अग्नि इत्यादि। इनमें से वसुदेव की माता कोई भी सात, बलदेव की माता कोई भी चार और मांडलिक राजा की माता किसी एक प्रकार का स्वप्न देखती हैं।

---

२७ संपा० पंडित भगवानदास दोशी—श्रीमद् भगवती सूत्र—चतुर्थ खंड—पृ० १५-१६.

२८ वही० तृतीय खण्ड—पृ० २३७–४१.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

"यदि तीर्थंकर विशेष उर्ध्वलोक से अवतरित होते हैं, तो उनकी माता स्वप्न में विमान देखती हैं। और यदि अधोलोक से अवतरित होते हैं तो विमान के स्थान पर भवन देखती हैं।[२९]" श्वेताम्बर सम्प्रदाय में चौदह स्वप्नों की मान्यता है। दिगम्बर सम्प्रदाय में दो अधिक स्वप्न माने जाते हैं —एक सिंहासन और दूसरा नागभवन।

धर्मसूरि विरचित 'जम्बूस्वामी रास' में सुमतिगणि विरचित 'नेमिनाथ रास' में सोमसुन्दरसूरि कृत 'रंगसागर नेमि फाग' में उपाध्याय लक्ष्मीतिलक कृत 'शान्तिनाथदेव रास' में तीर्थंकर विशेष के जन्म से पूर्व उनकी माता के स्वप्नदर्शन वर्णित हैं। किन्तु विशिष्ट प्रतीकों की अपेक्षा मात्र संकेत ही प्राप्त होता है। यथा—

ते सा पिच्छिवि चउदस सुमिणइं हठ्ठ तुठ्ठ उट्ठिवि पिउ पभणइ
सामिय सुणि मइ सुमिणा दिट्ठ चउदस सुंदर गुणिहिं विसिट्ठ।[३०]

श्री सुमतिगणि—नेमिनाथ रास।

चक्कि तित्थ कर लच्छि तणा वद्धावा आविय।
चउदस सुमिणइंदुगण कंति देवी संभाविय ॥[३१]

—उपाध्याय लक्ष्मीतिलक—शांतिनाथदेव रास।

राजतिलक कृत 'शालिभद्र रास' में, शालिभद्र के जन्म से पूर्व, उसकी माता शालि का क्षेत्र देखती है—[३२]

उज्जोयंतउ दिसह चक्कु संजायउ पुत्तु।
सालिखित्त सुमिणेण कहिय सोहग्ग पुन्नू ॥ ४ ॥

इसी तरह पौराणिक कथानक में भी स्वप्नवर्णन वर्णित है। 'पंचपाण्डव चरित रासु' में माता कुंतीदेवी युधिष्ठिर के जन्म से पूर्व सूरगिरि, सागर, सूर्य, चन्द्र आदि स्वप्न में देखती हैं। भीम के जन्म से पूर्व वह देखती हैं कि पवन के द्वारा आंगन में कल्पवृक्ष बोया जाता है। अर्जुन के जन्म से पूर्व, हाथी पर सवार होकर जाते हुए किसी योद्धा को देखती है—[३३]

पुन्न प्रभाविहिं पामियउ पहिलुं कुंतादेवि।
पुन्नमणोरहु पूत्त पुण सुमिणां पंच लहेवि ॥
दीठउ सुरगिरि क्षीरहरो सुमिणइं सिरि रवि चंद।
जनमि युधिष्ठिरराय तणइ मिलीय सुखइंविंद ॥

---

२९ 'आउरपच्चक्खाण पयन्ना'—जैन तत्त्व विवेचक सभा प्रकाशन—अहमदाबाद। पृ० ६
३० संपा० डा० दशरथ ओझा—रास और रासान्वयी काव्य—पृ० १०१ पद ८
३१ संपा० श्री अगरचन्द नाहटा—सम्मेलन पत्रिका—भाग ४० संख्या ४ पृ० ३६ पद ५.
३२ संपा० श्री मणिभाई ब० व्यास—जैनयुग—पुस्तक २ अंक ७–८ पृ० ३७०.
३३ संपा० डा० दशरथ ओझा—रास और रासान्वयी काव्य—पृ० १५५–५६.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रोपीउ पवणिहिं कलपतरो सुमिणइ कुंतिदूयारि।
पवणह नंदण वज्रमग्रो भीमु सु भूयण मझारि॥
धनुषु चडावीयु भूयणि भमंउ इच्छा छइ मन माहि।
वइठउ दीठउ हाथिणीयं सरवइ सुमिणा माहि॥

स्वप्न के द्वारा धन प्राप्ति की सूचना कर्ण के पालक पिता को मिल ही जाती है—

मइं गंगा ऊगमतइ दीस लाधी रतनभरी मंजुस।
कुंडल सरिसउ लाधउ बालो रंकु लहई जिम रयण झमालो।
तिणि दिणि दीठउ सुमिणइ सूरो ग्रम्ह घरि ग्राविउ पुन्नह पूरो॥[३४]

श्री देयाल विरचित 'ग्रभय श्रेणिक रास' [३५] में वैताढ्यगिरि स्वप्न में उपस्थित होकर ग्रभयकुमार को रत्न प्राप्ति का संकेत करता है। तदनुसार ग्रभयकुमार ग्रष्टादश दिव्य रत्नों को प्राप्त करता है।

भमत भमत वयरागरि गयु वयरागर सुमिणइ ग्रावीउं।
संगर पी (प) ल छइ नय तीरि तिणी छाया वीसमिज्ये वीर॥ ३७॥
तेह बिहु विचि धउलु पाषाण तेह तणग्रो गुण मेरू समाण।
तेह माह छइ रतन ग्रढार एक लगइ वसि वर्ण ग्रढार॥ ३८॥

वेनातट नगर में प्रविष्ट ग्रभयकुमार को हाटपति बताता है कि ग्राज रात्रि को किसी ने स्वप्न में उपस्थित होकर कहा था कि प्रातःकाल में ग्रागंतुक कुमार को, उसकी इच्छानुसार वस्तु ग्रवश्य देना —

ग्रज रयणिहिं ग्रज रयणिहिं कहिउं मज्झ केणि।
प्रह एगमि नर ग्राविसिइ बाल धवल सोभाग सुंदर॥
जं जोइ तं ग्रापिजे ए गरूउ गुणलच्छि मंदिर।
सुमिणं वरह विचारण हव हउं हाटि वइठ॥
तव मइ तुंह जि लक्खणे तउं निज नयणे दिठ॥ ८८॥

मतिशेखर कृत 'मयणरेहा रास' में दाहज्वर से पीड़ित नेमि स्वप्न के प्रभाव से निरोग हो जाता है।[३६] तत्पश्चात् जाति स्मरण प्राप्त होने से दीक्षित होता है।

राति पाछली नृप सुयणुं लहइं ति वारइ काती पूनिम वहइ।
जाणइ हाथीइ च्छं ग्रसवार चडि मरिसुं परिवार॥

---

३४ वही० पृ० १५६.

३५ हस्तप्रत—डेहला उपाश्रय (ग्रहमदाबाद) का भण्डार क्रमांक ७०-६१.

३६ हस्तप्रत—श्री लालभाई दलपतभाई प्राच्य विद्या मन्दिर, ग्रहमदाबाद—पू० पुण्य-विजयजी भंडार क्रमांक ८८७८ पत्र संख्या ३२-४६.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अरथ विमासीइ सुयरणा तणुं मइ एहवउ किहा दीटउ गिणुं ।
थाइसु उपजउ जाती समरण सांभरयउ पाछिलुं भव आचरण ।। ३५७-५६ ।।

अपनी विपुल समृद्धि से गर्वित दशार्णभद्र इन्द्र की दिव्य समृद्धि देखकर शून्य मनष्क होता है । इसके दिवास्वप्न का वर्णन दर्शनीय है—[३७]

निरखतु सूपनि विमुख चउमुख सिंह मुखि गज किंनरा ।
एक आसणि करइ हयवर एक आसणि वेसरां ।
एक आसणि हंस सारसा एक धवल धुरंधरा ।
एक आसणि महिष मुकर एक आसणि विसहरा ।
दशनभद्र मनि चींतवइ ए ।। २३ ।।

—**श्री हीरानन्द सूरि—दशार्णभद्र विवाहलु ।**

समग्र रास साहित्य में स्वप्न में प्रियदर्शन का अभाव है । इसका कारण कर्मवाद को प्रधानता है । नायक नायिका का पाणिग्रहण प्रायः पूर्वजन्म के कर्मानुयोग से ही सम्पन्न होता है ।

३७ वही० प्रति क्रमांक ४४६४ पत्र—२.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मोहन बहुत्तरी

[मोहन बहुत्तरी हिन्दी का एक अप्रकाशित लघुकाव्य है। जैन कवियों ने संख्या वाचक, पच्चीसी, छब्बीसी, छत्तीसी, बहुत्तरी जैसी अनेक रचनाएँ हिन्दी में प्रस्तुत की हैं। प्रस्तुत का विशेष परिचय श्री गोपालदास बरैया स्मृति ग्रन्थ में प्रकाशित हो चुका है। अतएव यहाँ काव्य की मूल पाण्डुलिपि को ही प्रकाशित किया जा रहा है। यह रचना हमें श्री कुन्दनलाल जी ने सम्भवतः दिल्ली के पंचायती दिगम्बर जैन मन्दिर की पुरानी प्रति से प्रतिलिपि की है। —**सम्पादक**]

सवैया इकत्तीसा

१

धूलसाल देखे मूलसाल न रहत उरमान खंभ देखे मान जाइ महामानी कौ।
वेदी के विलोकै आपवेदी परवेदी होत निखेद पद पावै यातै है कहानी कौ।
कोटि कैनिकट गए कोटिक कलेस कटै मिटै परताप परताप जिनवानी कौ।
बाजे देव बाजे सुनि होहिं रिपराज मुनि बाजै पावै राजजिन राज राजधानी कौ।

२

मानै आनदेव आनदेव काऊ देवरिद्धि जानै फलसिद्धि लोभ कूप में गिरत है।
तातैं परताप सौं न जानै परताप आप करै महापाप जाकै नैंकन विरत है।
मोह की अलट सौं न पलटै पयोग जाकौ उलटी सी बात कहै काहे की निरत है।
नट की सी रीति लिए नट की सी बुद्धि हिए घट की खबरि बिना भटकौ फिरत हैं।

३

ग्रीषम में सैल श्रृंग सीत में नगनलिंग पावस परीसह कौकीनी काया मैंन की।
एकगास असन रसन रस कौन रस फरस के स्वाद में न चाही चाह मैंन की।
ग्रंथ के पढ़े तैं निरग्रंथ को न पायो भेद खेद विना करनी सौं कौन जो मैंन की।
मुद्धतान गई सुद्ध भाव की सिद्धि भई मोक्ष रिद्धि की सम्हार एकहू समै न की।

४

आप पापकी और पाप उपदेस दीनै कीनी अनुमोदना कुमन वच कायकी।
हिंसाभाव जोग भाव भोगभाव कौ सुभाव याही तैं करुना मैं न कीनी छहूं कायकी।
दानपूजा जपतप करिकै रिझाए लोक नर्क की करनी हित हरनी जुकायकी।
गही खोटी रीति जामें जैनी की न नीति कोऊ ज्ञान परतीति मोह बाकी नचकायकी।

५

पूजै जिनदेव ताहि पूजै न करम जोर जोर कर नए जरा जोर न करि सकै।
सेवा करै या सेवा को करै न लागै पलु भाव करै परभाव अव न धरि सकै।
सन्मुख दीठि करै माया सौं ईठि करै ज्ञान को बसीठ करै बुद्धि न वरिस कै।
धरै ध्यान थिर होइ मोह सेती फिरै होइ सौ ऐसोफिर होइ टेक टारी न टरि सकै।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६

शिक्षा छांडि गुरुकी कुगुरु की कुशिक्षा लीनि तिनही की दीक्षा लीनी जानी बात जैनकी
फिरौंडांवाडोल तौही मोहकी तरंगनि में मोक्षपंथ साधन कौ सुधि बुधि जैन की।
क्रोधमानमाया में सदामलीन काया में निजतम तपाया राग देवकी विजैन की।
जेते हिंसा कारज हैं सबै ते अनारज हैं जीवन सौंक्षमा ख्याति पूजा कीन जैनकी।

७

लोक परवांन परवांन याही आत्मा कौ देह परवांन परवांन जाको मौन है।
ज्ञान परवान लोकालोक परवान कीनौ आतप परवान परवान और सौन है।
सोई भवभाव धर चेतना करम कर पुग्गलसौं मिलौ जैसे विंजन में लौन है।
श्रोत फाख नासा स्वास जीवन की धरै आस नैननि में कौन अरू वैनि में कौन है।

८

ऐसो जिनसासन विसारौ जिनसासन हू याकी पाक सासन उपासना करतु है।
रहै एक आसन उपास मासमांसन अडोल पद्मासन दुरासन हरतु है।
ज्ञान परकासन सौं मोह परकासन सें द्रोह परनासन भौवासनि वरतु है।
ध्यान की हुतासन में हो मैं अरिरासन को आत्मा साधि सिद्धि लोक ले धरतु है।

९

नीके लागे नगलाल देख भूलौ इन्द्रजाल फूलो मारोगाल परोकाल के हलक में।
तोहि न ठगेंगे भोग ऐसो जानो तैं अजोग काया जोग को सजोग जोगन खलक में।
स्वारथविसारौ न विचारौ परमारथ को मोक्षपंथ धारबु उधारत पलक में।
एकछिन सुख नांहि नरककी धरामांहि वारवार एतौ दुख वारन अलक मैं।

सवैया तेईसी

१०

किंनर को पुरमान परिग्रह विग्रह संग्रह भोग बढ़ाए।
भूल गयो निज रूप अनूप कुंजोगन संग पयोग रढ़ाए।
दूर कियो न अधोगति को दुख भूरि दवानल दूर उढ़ाए।
याही कौ नीच को मीच तकै जिन काल के अंक निसंक पढ़ाए।

११

उपदेश कानधरै देस पर कान धरै हरै मोह मल फल गुरु सीख मानी कौ।
पाप पुण्यहीन होय आपही मलीन होय भव दुख भी न होइ संचै सरधानी को।
छिन में पवित्र होइ सबही सौमित्र होइ थिर जैसे चित्र होय सुख सिवकानी को।
लहैमोखलछी रागद्वेष को विपच्छी उरधारै गति अच्छी जो सुपछी जिन वानीकौ।

१२

धर्म तरु मूल याके गुण अठाईस उत्तर चौरासी लक्ष लक्षन सौं लच्छ है।
वहै श्रुत केवली है केवली कहत या कौ केवली को भाषो सर्वज्ञया—कौवच्छ है।
जिनकौ आचार सुविचार पंचाचार सूख है वीतराग याकौ ज्ञान बिनु अच्छ है।
अंजन विनास कै निरंजन कहाए सिद्ध सुभीयाकी आतमा न और दूजौ पच्छ है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१३

जलके चढ़ाए जलजात कौन जीव होइ जले जात पाप जाइ जिनपांव लागतें।
चंदन चढ़ाए चंद वंदन करत हरचंद कीसी पुरी जग लागै भले भागतें।
फलके चढ़ाए भोग फलकी न इच्छा होइ मोखफल होइ मल छीजै अनुरागतें।
अछत चढ़ाए अत्तज्ञान सौं विलस जानि पावै परतछ पदवचै काल नागतें।

१४

आप कौन पाप करि पंचइष्ठ जाप करि लोकालोक नापकरि थाप ज्ञान धन में।
देही को न जान देह देही आंन आन देह देह बुध जानदेह नेह तिहूंपन में।
सिद्ध पद साधकरि धर्म की आराध करि ध्यान की समाधि करि बैठ साधुजन में।
जोगी जोग काज करि जोग से न जानघर जोपै जोग साधिवे की साध तेरेमन में।

१५

ज्ञान सूरलोपि मोहि अंधकार गोप राखै समुझै नहीं वस्तु भेद काली है कि पीली है।
वानी निरवानी की न मानीतैं न जानीजन आन गुरमानी सीखती नही कीढीली है।
पाहन ऊपर भागमेह की गरज जैसे गरजन आवै कछू वरज न सीली है।
वाद उपदेस जाइ नैकहू न ठहराइ मोह जलधार मतगार कोसी कीली है।

१६

परवस्तु नहरे परवस्तु न आपोकरै आपोनोही वस्तु सरवस मानि रहौ है।
जोगकी जुगति जानै जोग कौन आपौ मानै सीई जोग मानै जो सजोगीजिन कहो है।
जुगलपयोग नथै जुगलगए हैं दोष गलौराग मोह फिर उगलन गहौ है।
सुरुचि सुभावसौं विभावसौं अरुचि जाकी ऐसें भेदभाव सौं अभेद भावल हौ है।

दोहा

१७

एक नांह में कहु नहीं है न एक द्वै मांहि।
है नांही की संधि में दरबभाव ठहराहिं।

१८

एक ठौर दोनों रहहिं मिलै न काहु कोइ।
वह अजान देखे न वह जुगपत कारज होई।

१९

है नांही जामैं नहीं नहि उत्पत्ति विनास।
सो अभेद अतम दख एकभाव परगास।

२०

सुमति सरूप न अंतरौ वस्तु एक नहीं दोइ।
जैसे कली अनार की वहै फूल फल दोइ।

२१

चित थिरता नहीं मेरु सम अथिर न पत्र समान।
ज्यों तरु पवन झकोर तैं ठौर न तजत सुजान।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२२

सवैया इकतीसी

सांचीमति सिद्धभई मिथ्यामति दूरगई जाकी त्रुटिलाई जैसीकारी करहरी रहै।
आत्मा सुभट बल फोरिकै प्रगटभइ ज्ञान के हकारै मोह सेना थरहरी है।
विषैको अचार अनाचार को विचार मिटोभयो वीतराग सभी परहरी है।
मोख मुखवासी लोकालोक को विकासी ऐसी लोक कै सिखर धर्मधुजा फरहरी है।

२३

ज्ञानकै दिढ़ावमोख पद्धति बढ़ावभयो जाके सद्भावसै लीजानी खोटी खरी है।
थिति उत्पाद नास निहचै व्योहार वास ऐसी स्याद्वाद बानी आगे आगे खरी है।
गई है जुगल पापपुण्य की विगलताई भयो है विरागी समलागी सीरी खरी है।
कामदोष मैल मिटै रागदोष फैल फटै आत्मा उजारी सर्वज्ञ जैसी खरी हे।

२४

सवैया तेइसी

पारसनाथ जिनेसुर के पग देखन कौं मन यौं तरसै हैं।
चंद की ओर चकोर रहे विन सूरज कंजकली परसै है।
चातक स्वाति कै बूंदन कौ मन मोहे रहै कवहूं वरसै है।
कुंज कछू कर सूत्र लगै दिन ज्यों चकई पतिकौं परसै है।

२५

परिगह त्यागौ पैन परिगह त्याग कियौ विसन विसारो पर वसन विसारौ है।
कामिनी सों काम नांहि तजो मौ मुकाम नांहि लौ लगाई कामनाही कुमन विथारो है।
रसना न रस दियो सुरसन रस लियो विरस बढ़ायो मोह जाल सौ पसारो है।
कहै जैनमती जैनमत को न भेद पायो यो ही परजाइ को समझ जिय हारो है।

२६

झूटी परजाइ जोई लेइ परजाइ जोई जाइ सोई तेरो नांहि जो न जाइ तेरो है।
जाके गुण गावै मुनि राग विना लावै धुनि आपकौं रिझावैं रीझिपावै धन मेरो है।
आत्मीक सुखभयो विषय सिंधु सुख गयो पराधीन मोह नयो दुखन परेरो है।
संत के समीप आयो अचल सुदेस पायो सासतो वसेरो है।

२७

देवकी दुहाई कहौ तेई देवी होनहार आनदेव छांड़ि जिन देव पाय नये हैं।
जाकी अंगवानी सतभंग में समानी सब भेद ज्ञान ज्ञानी है निरोध बंध नये हैं।
सीख के कहनहार सबिसौं गहनहार जग में बहुत काल नर ह्वैवै नये हैं।
पर के अभाव-सौं विभाव-सौं कुभाव मिटो अपने सुभाव सुद्ध भाव परनये हैं।

२८

जवही तें मिथ्यादर्व भाव को विनास भयो गहो उपदेस गुरु कहो एकबार को।
परसौं न नेह करे आपसौं सनेह करे विषय भोग देहयो वलूला मोहवारि को।
ज्ञान दृग उंचो धावै केवल निकट आवैं संग नहि भावै एक अंस अग्रवार को।
भए हैं अनंत सुख मिटो भवविकार दुख मोह मुद्रा टूटी पट खुलो मोक्ष द्वार को।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२९

देवगुरु सांचे जानै आन ज्ञान सांचे मांहि सांचा था अनादि का मिथ्यात्त्व भाव नसा है
थिर सुखवास के विलास कों सुमन कीना अत्मासुमन की सुवास मांहि वसा है।
अरस परसनांही परसौं दरसनांही आप रस रसिया सुरस मांहि रसा है।
आतम दरव हेमवानी सों अधिक प्रेम वानी जिनवानी की कसौटी मांहि कसा है।

३०

बंध है सुकरता न बंधै न सो करता न छांड़ै न पकरता है परही सौं परै हैं।
दुख कौ रमीन है सुख कौ कमीन है राग सौं अभी न बंध मोख कौन करे हैं।
ऐसो अविनासी अविनासी हैं विनासी मत स्वपर विकासी एक भाव तें न टरै हैं।
सो ही समयसार समैसार को पसार होइ मिटो अंधकार ज्ञान दीपक जो वरै है।

३१

ज्योति को वितान जैसो होइ सवितान तैसो काउ कवितान ऐसो वानी मांहि आनै है।
सुखसभा चित्र बोधभयो कर्ममल सोधभ्रमसौं विरोध दुख दोप थल भानै है।
महिमा अपार षटकारक सरूप साधषट् गुनी हानि वृद्धि ऋद्धि पहिचानै है।
ऐसो जिनराज जिन मोखपद राजपायो फिरि है दुहाई जाकी आन जगमानै है।

३२

कीनी जिन सेवा तैं सेवा मोक्ष देस जाइ लियो जिननाम भी न लियें जिननाम है।
धरो जिनध्यान ते निधान ज्ञान धनपाइ अचल सुधाम मांहि कियो विश्राम है।
देखी जिन जिनमूरति भव-भूरति विनास करि जासौं जगवासी रत तासौं कौन काम है।
आन जिन देव की है, आन जिनदेव नांहि, आन सरधान ऐसो रूप अभिराम है।

३३

ऐसी मिथ्या दृष्टि को अनिष्टजान छाड़ि दीजै कीजिए न इष्टउत्कृष्ट दुख दीयो है।
आत्मा वलिष्ट को निकिष्ट कर राखो जिन अपने अदिष्ट महा-मोह-मद पीयो है।
ऐसी काली किष्ट जाते सूझै नांहि आगो पृष्ठ बुद्धि बल नष्टकरै कष्टवान हीयो है।
मिष्ट देववानी छाड़ि अशिक्षा उच्छिष्ट गहैं शिष्टाचार त्यागकर भिष्टाचार लीयो है।

दोहा ३४

साधर्मी विनती करै सुनो सरल कर चित्त।
वीतराग की भक्ति सौं शिथिल न हूजे मित्त। ३४।
और वस्तु बहु विधि सकल भई अनंती बार।
सरधानी जिन धर्म कै हैं विरले संसार। ३५।

कुण्डलिया ३६

जिन प्रतिमा जिन सारखी जिन जानहुँ कछु भेद
जिन समान जिन जन लखी तेजन भए अभेद वेद आपौ परवेदी।
विधि निपेध परभाव दुइतता भाव विछेदी सोइ साधन सोइ सिद्ध सोई साधक है तिनसी
दरसन ज्ञान अनंत कही प्रतिमा जिन जिनसी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सवैया इकतीसा ३७

ज्यों-ज्यों दिनआवै जाइ त्यौं त्यौं छिन आवैजाइ ऐसीपरजाई को उपाइ कीजियतु है
आसन वसन तन वस में वसन कीनौ नासिका सुवासु कौ उसास पीजियतु है।
जोवन विचारै और जीवनि सौंदोष्र करै जीवन जोजीवौ करिछिद्र छीजियतु है।
सासतो सरूप रागद्वेष है न रूप जाकौ ऐसी निधि छांड़ि कांच-खंड लीजियतु है।

३८

सत्य छत्र सीस धरै नय देसवसि करै ऊंकार सिंघासन ज्ञान श्रुत भूप कौ।
सवद भंडार खुले द्वार न किवाड़ जाके अरथ गरथ पूरौ रतन अनूप कौ।
सूधी परपाटी नीति मारग अनीति मांहि भवि सुख बासी हैं उदासी भवकूप कौ।
आगम अध्यातम है मंत्री सवद बुद्धि जाकै साम दाम दंड साधन सरूप को।

३९

कारण सरूप भेदाभेद को विपर्यय नांहि निहचै व्यौहार के विरोध सौं न रत्त है।
सवद जुगत परवान परमागम है परम पुरूष को परूप्यौ जामें तत्त है।
याही के विचारी भए मुकति के अधिकारी कुगति निवारी उरधारी सिद्ध गत्त है।
सवही कौ सुखकारी करै आत्मा उजारी ऐसो हितकारी उपकारी जैनमत है।

कुण्डलिया ४०

श्रुतज्ञानी सेवहिं सदा गति विहंग की धार,
उडि उडि वैठे डार बहु निहचै अरु व्यौहार।
निहचै अरु विवहार डार तजिअनत न जानै।
अरथ अंग फल फलौ सांत रस रसह लुभानै।
कलप वृच्छ उपयोग भूमि जाकी जिनवानी।
मुकति हौन को बीज जान सेवहु श्रुत ज्ञानी।

४१

जैनी को मन जैन में जैनी के उरझाइ,
सोमन सोमन को भयो टरै न टारो जाइ,
टरै न टारो जाइ पाइ अपनो रस रसिया,
चंचल चाल मिटाइ ज्ञान सुख सागर वसिया,
स्वपर भेद को खेद दुइतता कारज फीको,
एकी भाव स्वभाव मिलो मनुवा जैनी को।

४२

जिन जिन जैनी जैन को भेदभाव सुखपाइ,
तिन तिन को तैसी लगै तनतन की परजाइ।
तन तन की परजाइ जाइ उपजी फिरि नासी।
बाजीगर को खेल खेल खेलै अविनासी।
स्वपर भेद परछेद छेद परणति पर सैनी,
लोक अंत निवसंत भेद जानौ जिन जैनी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

छप्पय ४३

धन्य धन्य ते साधु साधन साधन है !
आधि व्याधि न उपाधि मोक्ष आराधन मन है !
अपने ही रसलीन लीन परवस विध जेती।
जातें परवस वास गई परवस बुधि लेती।
थिरभई सुद्ध अनुभूति की ज्ञानभोग भोगी भयो।
अनुभागवंध निजभागतैं भाग राग दारिदगयौ।

कुण्डलिया ४४

कानन सुन कानन गए कानन कीनी एक,
जिनवानी वरनन बिना वरणे भाव अनेक।
वरणे भाव अनेक वस्तु सामान्य विसेखी,
तातें कछु इक घाटि कही जानी जो देखी।
वीतराग नयभेद भेदपायो नहिं आनन,
निहचै अरु व्यवहार स्याद्वादी सुनि कानन।

वारह भावना वर्णन— ४५

प्रथम अथिर असरण जगत एक आन असुचीन
आश्रव संवर निर्जरा लोक बोध दुर्लभान।
एई वारह भावना कथे नाम सामन्य।
अब कछु विवरन स कहौं क्षय उपसम पखान ॥ ४६

छप्पय

विज्जु घटाघन घटा अटामिलि धूम पटन्तर,
जलतरंग पर संग संगनहि रहे निरंतर।
बारिबलूला बारि बिन्दु वारि महि छिज्जइ
पवन पताका करी कान, पलुइ वक धिज्जइ
इम जानिबंध सज्जन सुजिन विछुरे मिलहि न वृक्ष दल।
छिनभंगुर संसार सब सुथिर सिद्ध आतम अचल ॥ ४७

४८

जीतव की लालसा मरन भय सरन विचारै,
तहाँ जाइहूं बसौं जहां अन्ततक नहीं मारै।
सुरगविलासी देव सेव कर तिनहिं रिझाऊं,
जो मुझ करै बचाव आऊप्यु तिंह की दीयाऊं।
चिंतवै उपाय मिथ्यात बसि मरै सौ न रक्षा करै,
जिय जान वान यह काल ही ज्ञान बिना प्राननि हरै।

४९

जनम जरा अरु मरण भाव छिन एक न मूक्यौ,
पंचावर्त्त समुद्र कर्म जल नैक न सूक्यौ,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मीनादिक गतिचार मगर अन्तक मुखधावहिं।
परे मोह भ्रम चक्र फिरतथिरता नहीं आवहिं।
नौकर्म एक बहु जीव तहां अल्प आयु थिति को धरै।
संसार असार अपार यह ज्ञानवंत नहीं आदरै।

५०

एक अकेलो आप आप बंधन को कारन,
एक अकेलो आप कर्म को करै निवारन।
एक अकेलो आप भाव संसार बढ़ावै,
एक अकेलो आप मोक्ष थानक सुख पावै।
एक सुद्ध आतम दरब उपजै विनसै थिर रहै,
एकत्व भावना जान जिय द्वन्द दशा मूरख गहै।

५१

यह जड़ मूरति आन आन चेतन अमूरत,
यह तेरो कछु नांहि सोइ तेरौ जिस तूरत।
वरन गंध रस फरस गलन पूरन स्वभाव जुत,
यह अखंड रस एक भाव तैं होइ नहीं च्युत।
यह और दरब सजा अमिल गुण लच्छिन अमिलाय जिस
यह आन भावना जिन कही सवत न्यारौ जानि तिस॥

५२

निर्मल जुगलपयोग योगमलजोग जानि चित्त,
असुचिभाव संभाव अभाव अंसपर सपर सरित।
यौ जल कमल सुभाव लिप्त नहि होई नीर निधि,
नव द्वार मल कीच बीच नहिं परै जानि विधि।
सो देह खेह मल मूत धरि हित हर दुखकर जानिए।
उज्जल अनुभव ज्ञानरस रसिक अमर पद मानिए॥

(यह पंक्ति मूलप्रति में नहीं है)।

५३

मिथ्या जोग कसाय विरत बारह नहि जाकै, (व्रत)
ए समावन द्वार खुलै अवरोधन ताकै,
कर्म चोर पर वेस होत दृग खोल न जोवै,
मूसहि ज्ञान दृग चरन रतन तीनों सठ खोवै,
संचरै दोष दुख ऊपजै बढ़ै बंधथिति रैनि दिनि।
आश्रव व्यथा नहीं उपसमैं औवधि आय उपाय बिन।

५४

संवर भावति सोइ तपै तप समिति गुपतिधर
अनुप्रेक्षा धरम सहित जीति से परीसह अपकर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावत आतमलब्धि आप में आपौ लहिए
चारित पंच परकार एह सब दर्वि कहिए
(यह पंक्ति मूल प्रति में नहीं है।)
तहां न कछु विचार शुद्ध चेतन सम चेती,
एही सव नित रहै कहैं निज ज्ञानी जेती।

५५

भावन निर्जर एह जहां परभाव जाहि खिर,
बहुउर न आवै तह होइ आपौ आपैथिर।
जप तप क्रिया विसेष भोग पंचेन्द्रिय केरा।
ए कर्म उदै विचार फिरत जगहु बाधेरा
ए जानि जीव निज आप बल आप ज्ञान मैं जानिए।
रहिए सचेत चेतन सदा अपर भावना आनिए।

५६

लोक भावना जेह जहां गति पंच कही जै,
नरक तिरी मानवी देवसिद्ध तहाँ लीजै।
अधो मध्य ऊरध विलास द्रव्य पट् करिवै पूरौ।
धर्म अधर्म अकाल काल पुग्गल की असूरौ।
विवहार रूप ए जांनि सब काल अनादि बखानिए।
निश्चै सुलोक निज आत्मा जामें गिने जुगुन जानिए॥

५७

वोधत्सु भावन जानएह जहां समकित सांचौ
आपौ आप संभारि आपमें होइ न कांचौ
अक्षय अनादि अधिक सार जग जीवन सोइ,
आप सकल समरथ आपकौ करै न कोइ
निज आप आपौ लहै और सहाइ को नहीं,
यौ कहौ सुद्ध आचर्ण में भेद ज्ञान छूड्यौ सहीं।

५८

ए अनुप्रेक्षा दुर्लभ जान जहां दुर्लभ ए होइ
दर्व क्षेत्र पर काल भाव तहाँ करै न कोइ।
रूप अरूपी द्रव्य और जड़ चेतन जानौ
फेर न सकै कोई जासु जासु अज्ञानज आनौ,
यौ जानि जीव निश्चल सदा वीतराग सबने कहीं।
सरदहै आप अनुभव लही अनहोतौं दुर्लभ सही।

दोहा— ५९

एही द्वादस भावना घट धरि अविचल आन।
तिहूं काल जानी जिसौ जानपन्न में जानि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६०

कवलाहार जो केवली मुनि उपकरन सुधारि
पुरुषाकार विनि सिधि कहै तिनकी संगति वार ॥

६१

प्रतिमालेप रसाभरन मूलनिषेधी जेह
वीतराग कौं रोग कहि उनसौ कैसो नेह ॥

६२

वीतराम साद्दश्य जे प्रतिमा दरसन होइ
बंदन भावन ऊपजै मिथ्याद्दष्टि सोइ ।

६३

आश्रवभाव अवंदनी संवर भाव सुबंद ।
जैसे कृष्णा अरु सुकल पक्ष दसा दोइज्यौं चंद ।

सोरठा ६४

मिथ्या अविरत दोइ परमाद अरु कषाय स्यौं
जोग सहित ए होई आश्रव पंच अवंदनी ।

६५

सम्यक व्रत अप्रमाद अकषाय अरु जोगए ।
संवर आश्रवनाद फेडि आप सिद्धै रमैं ।

छप्पय ६६

मिथ्यातै मिथ्यात जेह सम्यक कर टाल्यो ।
हुई अव्रित गुनवान सुद्ध रत्नत्रय पाल्यौ ।
विरत न देती होण जेह असंजमरानी !
ते संजम परिणाम जाणि ढल गयो ज्यों पानी ।
परमाद तेह अप्रमाद थै कषाय अकषाय धरि
जेहुतै जो पंचम बली तेह अजोगी भावकरि ॥

चौपाई ६७

जोगाश्रव तेरह गुनठानी आदय थकी कषाय वखानी
दस में उदै एकदस साता प्रमदाश्रव छहलग छाता ।

६८

अव्रित आश्रव चउ पंच में मिथ्या आश्रव तिहुं लग रमें,
हिव संवर अजोग चौदह में कषाय संवर द्वादस में वमें ।

६९

अप्रमाद सनम गुनजानि व्रत संवर पंचम षट् आनि ।
समकित संवर चौथोमानि ऊपरि लग करोवरवानि ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

छप्पय ७०

समकित संवर एक ठाणैं ग्यारह कहित।
व्रत संवर दूसरो ठाणनव दशमें लहिए।
अप्रमाद तीसरो ठाण मैं जानै।
अकषाय चौथो सुभांत तीनो गुण ठानै।
अजोग सुसंवर पंचमो गुण ठाणैं एकै सही।
इम कही जैन आगम विषै सद्बुद्धि तिनही लही।

७१

मिथ्या आश्रव प्रथम तास तीनों गुणठाना।
अव्रत आश्रव दुती तासु चौपंचाजाना।
प्रमाद आश्रव तृतीया तासगुन ठाना।
छहलग आश्रव तुरीय कषाय ठानइ !
ग्यारह अनिभागि जोगाश्रव पंचमं कही गुनठानी तहांतेर।
ए आश्रव पंचै तजी रहै अचल ज्यौं मेर।

७२

धुर के त्रेपन कवित्त आदि मोहन ने कीना।
तहां परमारथ अधिक बुधि अपनी फल कीना।
ता पीछै उगणीसं वीसवीजे कवित्त बनाए
भवचंपै मनरीझि नाम बानारसि पाये
सरधान सुधनिज आत्मा सिद्ध सरूपी जानिए।
तजि भविक जीव मत बालमति आप आपमति आनिए।

७३

मोहनदास बहुत्तरी पढ़ै सुनै ते जीव
आपै आपाथिर करी पावै निजशिव दीव।

इति श्री मोहन दास ठोर श्रीमाल कृत बहत्तरी सम्पूर्ण । ग्रंथाग्रंथ ३००। संवत् १७८५ वर्षे आसाढ़ सुदी १२ दिने साहजी श्री पुण्य प्रभावक दृढ़ धर्मी जिन शासन हितकारी सभारंजन पंडित प्रवीण लाला हुकम चंद्र जी पठनार्थं ! लिखतं जती भाग चंद्रेण लिपीकृतं। **७/३४ दरयागंज, दिल्ली**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
क्र. सं० ....
दिनांक ....
नरिया (का. हि. वि.) वाराणसी-५

सिद्धान्ताचार्य पं. कैलाश चंद्र जी शास्त्री
प्राचार्य, श्री स्याद्वाद महाविद्यालय, वाराणसी
द्वारा भेंट

जैन-चिन्तकों द्वारा प्रमाण-स्वरूप विचार

प्रो० डॉ० श्री दरबारीलाल कोठिया, एम० ए०, आचार्य, पी-एच० डी०

जैन परम्परा में प्रमाण का क्या स्वरूप माना गया है ? आरम्भ में उसका क्या मूल रहा है और उत्तरकाल में उसका क्या विकास हुआ ? इसका यहाँ विचार किया जाता है।

सर्वप्रथम समन्तभद्र ने प्रमाण का लक्षण निबद्ध किया है। वह इस प्रकार है —

स्वपरावभासकं यथा प्रमाणं भुवि बुद्धिलक्षणम्[१] ।

जो ज्ञान अपना और परका अवभासक है वह प्रमाण है। जो केवल अपना या केवल परका अवभास कराता है वह ज्ञान प्रमाण कोटि में निविष्ट नहीं है। प्रमाण कोटि में वही ज्ञान समाविष्ट हो सकता है, जो अपने को जानने के साथ पर को और पर को जानने के साथ अपने को भी अवभासित करता है। और तभी उसमें समग्रता आती है।

सिद्धसेन[२] ने समन्तभद्र के इस लक्षण को अपनाते हुए उसमें एक विशेषण और बढ़ा दिया है। वह है 'बाधविवर्जितम्'।

यद्यपि 'स्वरूपस्य स्वतोगतेः'[३], 'स्वरूपाधिगतेः परम्'[४], आदि प्रतिपादनों द्वारा विज्ञानाद्वैतवादी बौद्ध प्रमाण को स्वसंवेदी स्वीकार करते हैं तथा 'अज्ञातार्थज्ञापकं प्रमाणम्'[५], 'अज्ञातार्थ प्रकाशो वा'[६], 'प्रमाणमविसंवादिज्ञानमर्थक्रियास्थितिः'[७], आदि वचनों द्वारा सौत्रान्तिक (बहिरर्थाद्वैतवादी) बौद्ध उसे केवल परसंवेदी मानते हैं। परन्तु किसी भी तार्किक ने प्रमाण को स्व और पर दोनों का एक साथ प्रकाशक नहीं माना। जैन तार्किकों ने ही प्रमाण को स्व और पर दोनों का एक साथ ज्ञापक स्वीकार किया है। उनका मन्तव्य है कि ज्ञान चमचमाता हीरा अथवा दीपक है, जो अपने को प्रकाशित करता हुआ उसी काल में योग्य बाह्य पदार्थों को भी प्रकाशित करता है। और यह स्व पर प्रकाशक यथार्थ ज्ञान प्रमाण है। प्रमाण की व्युत्पत्ति द्वारा हम देखते हैं कि 'प्रमी-

---

१ स्वयम्भूस्तो० का ६३।
२ प्रमाणं स्वपराभासि ज्ञानं बाधविवर्जितम्। — न्यायाव० का० १।
३ प्रमाणवा० २।४ ; धर्मकीर्ति।
४ वही, २।५ ; धर्मकीर्ति।
५ प्रमाणसमु० स्वोपज्ञवृ० का० १; दिङ्नाग।
६ प्रमाणवा० २।५ ; धर्मकीर्ति।
७ वही, २।१ ; धर्मकीर्ति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यतेऽनेन प्रमाणम्'—जिसके द्वारा प्रमा—अज्ञान निवृत्ति हो अर्थात् अर्थ प्रमित हो वह प्रमाण है। नैयायिक यह अर्थ प्रमा सन्निकर्ष से मानते हैं, अतः उनके अनुसार सन्निकर्ष प्रमाण है वैशेषिकों का भी यही मत है। सांख्य इन्द्रिय वृत्ति से, मीमांसक इन्द्रिय से, बौद्ध सारूप्य एवं योग्यता से प्रमिति स्वीकार करते हैं अतः उनके यहाँ क्रमशः इन्द्रिय वृत्ति, इन्द्रिय और सारूप्य एवं योग्यता को प्रमाण माना गया है। समन्तभद्र ने स्व-परावभासक ज्ञान को प्रमाण प्रतिपादन करके उक्त मतों को अस्वीकार किया है। पूज्य-पाद-देव नन्दि[1] ने समन्तभद्र का अनुसरण तो किया ही, साथ में सन्निकर्ष और इन्द्रिय को प्रमाण मानने वाली सम्बन्धी मान्यताओं की समीक्षा भी प्रस्तुत की है। उनका कहना है कि सन्निकर्ष या इन्द्रिय को प्रमाण मानने पर सूक्ष्म, व्यवहित और विप्रकृष्ट (दूर) पदार्थों के साथ इन्द्रियों का सन्निकर्ष सम्भव न होने से उनका ज्ञान असम्भव है। फलतः सर्वज्ञता का अभाव हो जाएगा। दूसरे, इन्द्रियाँ अल्प विषयक हैं और ज्ञेय अपरिमित हैं। ऐसी स्थिति में समस्त ज्ञेयों (अतीत, अनागतों, असम्बद्धों) का ज्ञान कभी भी न हो सकेगा। तीसरे, चक्षु और मन दोनों अप्राप्यकारी होने के कारण सभी इन्द्रियों का पदार्थों के साथ सन्निकर्ष भी सम्भव नहीं है। चक्षु स्पृष्ट का ग्रहण न करने और योग्य दूरस्थित का ग्रहण करने से अप्राप्यकारी है।[2] यदि चक्षु अप्राप्यकारी न हो—प्राप्यकारी हो तो उसे स्वयं में लगे अञ्जन को देख लेना चाहिए। दूसरे, स्पर्शनादि इन्द्रियों की तरह समीपवर्ती वृक्ष की शाखा और दूरवर्ती चन्द्रमा को वह एक साथ नहीं देख सकती। तीसरे, चक्षु अभ्रक, कांच और स्फटिक आदि से व्यवहित पदार्थों के रूप को भी देख लेती है, जबकि प्राप्यकारी स्पर्शनादि इन्द्रियां उनके स्पर्श आदि को नहीं जान सकतीं। चौथे, यह आवश्यक नहीं कि जो कारण हो वह पदार्थ से संयुक्त होकर ही अपना काम करे। चुम्बक दूर से ही लोहे को खींच लेता है। पाँचवें, चक्षु को प्राप्यकारी स्वीकार करने पर पदार्थ में दूर और निकट का व्यवहार नहीं हो सकता। इसी तरह संशय और विपर्यय ज्ञान भी नहीं हो सकते। ये वे कारण हैं जिनसे चक्षु को जैन दर्शन में अप्राप्यकारी माना गया है।

पूज्यपाद[3] ने ज्ञान को प्रमाण मानने पर सन्निकर्ष और इन्द्रिय प्रमाणवादियों द्वारा दी गयी आपत्ति का भी उत्तर दिया है। आपत्तिकार का कहना है कि ज्ञान को प्रमाण स्वीकार करने पर फल का अभाव हो जाएगा, क्योंकि प्रमाण का फल अर्थाधिगम है और उसे प्रमाण मान लेने पर प्रमाण का कोई फल अवशेष नहीं रहता। सन्निकर्ष या इन्द्रिय को प्रमाण स्वीकार करने पर तो स्पष्टतया उसका अर्थाधिगम फल बन जाता है। इस आपत्ति को उचित न बतलाते हुए पूज्यपाद कहते हैं कि सन्निकर्ष या इन्द्रिय को प्रमाण मानने पर उसके फल अर्थाधिगम को भी सन्निकर्ष की तरह द्विस्थित (दो में

१ सर्वार्थसि० १।१० ; पूज्यपाद।

२ अप्राप्यकारि चक्षुः स्पृष्टानवग्रहात्। यदि प्राप्यकारि स्यात् त्वगिन्द्रियवत् स्पृष्टमंजनं गृह्णीयात्, न तु गृह्णाति, अतो मनोवदप्राप्यकारीति। वही, १।१९, पूज्यपाद।

३ स० सि० १।१०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रहने वाला) मानना पड़ेगा, फलतः घट, पट आदि अचेतन पदार्थों में भी ज्ञान की प्राप्ति होगी। यह कहा नहीं जा सकता कि ज्ञान का समवाय चेतन आत्मा में है, घटादि अचेतनों में नहीं; कारण कि आत्मा को ज्ञस्वभाव न मानने से अन्य अचेतनों की तरह उसमें भी ज्ञान का समवाय सम्भव नहीं है और आत्मा को ज्ञस्वभाव स्वीकार करने पर सिद्धान्त विरोध आता है।

ज्ञान को प्रमाण मानने पर फल के अभाव का प्रसंग उपस्थित नहीं होता, क्योंकि पदार्थ का ज्ञान होने पर प्रीति देखी जाती है[1]। तात्पर्य यह कि आत्मा ज्ञस्वभाव है, पर कर्म सम्बन्ध के कारण वह मलीन है। अतएव वह इन्द्रियों की सहायता से पदार्थ का निश्चय करता है। इस निश्चय के होने पर उसे प्रीति होती है। यह प्रीति ही ज्ञान रूप प्रमाण का फल है। अथवा[2] उपेक्षा या अज्ञाननिवृत्ति उसका फल है। पदार्थ को जानने के उपरान्त उसमें राग या द्वेष का न होना उपेक्षा है और अन्धकार तुल्य अज्ञान का दूर हो जाना अज्ञाननाश है[3]।

उल्लेखनीय है कि वात्स्यायन[4] और जयन्त भट्ट[5] ने भी ज्ञान को प्रमाण स्वीकार किया है और उसका फल हान उपादान तथा उपेक्षा बुद्धि बतलाया है। पर यह सत्य है कि न्यायदर्शन में मुख्यतया उपलब्धि साधन रूप में सन्निकर्ष या कारकसाकल्य को ही प्रमाण माना गया है और ज्ञान को सभी ने एक मत से अस्वसंवेदी प्रतिपादन किया है।

अकलङ्क ने समन्तभद्रोपज्ञ उक्त प्रमाण लक्षण और पूज्यपाद की प्रमाण समीक्षा को मान्य किया है। पर सिद्धसेन द्वारा प्रमाण लक्षण में दिया गया 'बाधविवर्जित' विशेषण उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उसके स्थान पर उन्होंने एक दूसरा ही विशेषण दिया है जो न्यायदर्शन[6] के प्रत्यक्षण लक्षण में पहले से विद्यमान था, पर प्रमाणसामान्य लक्षण वादियों और जैन परम्परा के लिए वह बिलकुल नया था[7]। वह विशेषण है—व्यवसयात्मक[8]। अकलंक का मत है कि चाहे प्रत्यक्ष हो और चाहे अन्य प्रमाण, प्रमाण

---

१ ननु चोक्तं ज्ञाने प्रमाणे सति फलाभावः इति, नैष दोषः, अर्थाधिगमे प्रीति दर्शनात्। ज्ञस्वभावस्यात्मनः कर्ममलीमसस्य करणालम्बनादर्थ निश्चये प्रीति रुप जायते। सा फलमित्युच्यते। — स० सि० १।१०।

२ उपेक्षा अज्ञाननाशो वा फलम् ।······।

— सर्वार्थसि० १।१०।

३ उपर्युक्त की तुलना के लिए देखिए, आप्तमी० १०२; परीक्षामु० ५।१।

४ न्यायाभा० १।१।३।

५ न्यायम० पृ० ६२।

६ न्यायसू० १।१।४; अक्षपाद।

७ यद्यपि स्थानांग सूत्र (१८५) में 'व्यवसाय' पद आया है पर तर्क ग्रन्थों के लिए वह नया ही था।

८ लघीय० का० ६०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मात्र को व्यवसायात्मक होना चाहिए। कोई भी ज्ञान जाति हो वह निर्विकल्पक, कल्पनापोढ अव्यपदेश्य या अव्यवसायात्मक नहीं हो सकती। यह सम्भव ही नहीं कि पदार्थ का ज्ञान हो, पर विकल्प न उठे। ज्ञान तो विकल्पात्मक ही होता है। इस प्रकार इस विशेषण द्वारा अकलङ्क ने जहाँ बौद्ध दर्शन के निर्विकल्पक प्रत्यक्ष की मीमांसा की है वहाँ न्याय दर्शन में मान्य अव्यपदेश्य (अविकल्पक) प्रत्यक्ष ज्ञान की भी समीक्षा की है। अकलंक की अन्य विशेषता यह है कि उन्होंने समन्तभद्र के प्रमाण लक्षणगत 'स्व' और 'पर' पदों के स्थान में क्रमशः 'आत्मा' और 'अर्थ' पदों का निवेश किया है तथा 'अवभासक' पद की जगह 'ग्राहक' पद रखा है। पर वास्तव में अर्थ की दृष्टि से उनमें कोई अन्तर नहीं है—मात्र शब्दभेद है[1]। अकलंक[2] ने एक विशेषता और प्रदर्शित की है वह है 'अर्थ' के विशेषणरूप से कहीं 'अनधिगत' कहीं 'अनिश्चित' और कहीं 'अनिर्णीत' पदों का प्रवेश, जो सम्भवतः दिङ्नाग और धर्मकीर्ति के प्रमाण लक्षणगत 'अज्ञात' विशेषण का स्मरण कराते हैं। कुमारिल[3] ने भी अपने प्रमाण लक्षण में 'अपूर्व' विशेषण का निवेश किया है। 'ज्ञान' के विशेषण रूप से अकलंक[4] ने 'अविसंवादि' पद को भी कहीं रखा है। आश्चर्य नहीं कि ये पद उन्होंने कुमारिल और धर्मकीर्ति[5] से लिये हों। यद्यपि धर्मकीर्ति से पूर्व जैनचिन्तक पूज्यपाद[6] ने भी 'अविसंवादि' पद दिया है।

विद्यानन्द[7] ने यद्यपि संक्षेप में सम्यग्ज्ञान को प्रमाण कहा है, जो तत्त्वार्थ सूत्रकार गृद्धपिच्छ[8] के अनुसरण को व्यक्त करता है। पर पीछे उसे उन्होंने 'स्वार्थव्यवसायात्मक'[9] भी सिद्ध किया है। इस प्रकार उनके प्रमाणलक्षण में अकलंक की तरह 'अनधिगत' या 'अनिश्चित' या 'अनिर्णीत' विशेषण प्राप्त नहीं हैं। फिर भी उन्हें सम्यग्ज्ञान को अनधिगतार्थविषयक या अपूर्वार्थविषयक मानना अनिष्ट नहीं है। अकलंक की तरह उन्होंने भी स्मृत्यादि प्रमाणों में अनधिगतार्थता या अपूर्वार्थता का स्पष्टतया समर्थन किया है। वे उनकी प्रमाणता में अपूर्वार्थता को ही प्रयोजक बतलाते हैं। प्रमाण के समान्य लक्षण में जो उन्होंने 'अपूर्वार्थ' या अनधिगत' विशेषण का निवेश नहीं किया उसका इतना ही तात्पर्य है कि प्रत्यक्ष तो अपूर्वार्थग्राही होता ही है और अनुमानादि भी प्रत्यक्षादि से अगृहीत देशकालादि विशिष्ट वस्तु को विषय करने से अपूर्वार्थग्राहक सिद्ध हो जाते हैं विद्यानन्द ने जिस अपूर्वार्थ की समीक्षा की है वह कुमारिल का

१ व्यवसायात्मकं ज्ञानमात्मार्थग्राहकं मतम्। लघीय० का० ६०।
२ अष्टश० आप्तमी० का० ३६, १००।
३ तत्रापूर्वार्थ विज्ञानं.........। —कुमारिल।
४ अष्टश० आप्तमी० का० ३६।
५ प्रमाणमविसंवादि ज्ञानम् ....। —प्रमाणवा० २। १।
६ सर्वार्थसि० १। १२।
७ सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्। —प्रमाणपरी० पृ० ५१।
८ त० सू० १। ६, १०।
९ किं पुनः सम्यग्ज्ञानम्? अभिधीयते—स्वार्थव्यवसायात्मकं सम्यग्ज्ञानम् सम्यग्ज्ञानत्वात्
—प्र० प० पृ० ५३।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अभिप्रेत सर्वथा अपूर्वार्थ है, कथंचिद् अपूर्वार्थ नहीं। कथंचिद् अपूर्वार्थ तो उन्हें[1] इष्ट है, जैसाकि हम ऊपर देख चुके हैं।

विद्यानन्द के परवर्ती माणिक्यनन्दि[2] ने अकलंक और विद्यानन्द द्वारा स्वीकृत एवं समर्थित समन्तभद्रोक्त प्रमाण लक्षण को ही अपनाया है। उन्होंने समन्तभद्र का 'स्व' पद ज्यो-का-त्यों रहने दिया और अकलंक के 'अर्थ' तथा 'व्यवसायात्मक' पदों को लेकर एवं अर्थ के विशेषण रूप से कुमारिलोक्त 'अपूर्व' पद को उसमें जोड़ कर तथा उसे विद्यानन्द के अभिप्रायानुसार कथंचिदर्थक मानकर 'स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्' ऐसा प्रमाणलक्षण प्रकट किया है। माणिक्यनन्दि का यह लक्षण इतना लोकप्रिय हुआ कि उत्तरवर्ती अनेक जैन तार्किकों ने उसे ही कुछ आंशिक परिवर्तन के साथ अपने तर्क ग्रन्थों में मूर्धन्य स्थान दिया है। देवसूरि[3] ने अपना प्रमाणलक्षण प्रायः माणिक्यनन्दि के प्रमाणलक्षण के आधार पर रचा है।

हेमचन्द्र[4] ने उक्त लक्षणों से भिन्न प्रमाणलक्षण अङ्कित किया है। पर उसमें अर्थ भेद नहीं है। हाँ, लक्षण प्रणयन में उनकी एक विशेषता परिलक्षित होती है। वह यह कि उन्होंने[5] इस लक्षण में 'स्व' पद का समावेश नहीं किया। उसका कारण बताते हुए लिखा है[6] कि 'स्वनिर्णय' होता अवश्य है किन्तु वह प्रमाण-अप्रमाण सभी ज्ञानों का सामान्य धर्म है। अतः उसे प्रमाण-लक्षण में निविष्ट नहीं किया जा सकता। कोई ज्ञान ऐसा नहीं जो स्वसंवेदी न हो। अतएव हमने उसे प्रमाण का लक्षण नहीं कहा। वृद्धों ने जो उसे लक्षण माना है वह केवल परीक्षा अथवा स्वरूपप्रदर्शन के लिये है। हेमचन्द्र[7] ने प्रमाणलक्षण में 'अपूर्व' पद को भी अनावश्यक बतलाया है। उनका कहना है कि गृहीष्यमाण अर्थ के ग्राहक ज्ञान की तरह गृहीत अर्थ के ग्राही ज्ञान को भी प्रमाण मानने में कोई बाधा नहीं है। यह ध्यान देने योग्य है कि श्वेताम्वर परम्परा के जैन तार्किकों ने प्रमाणलक्षण में 'अपूर्व' विशेषण स्वीकार नहीं किया।

अभिनव धर्मभूषण[8] ने विद्यानन्द की तरह सम्यग्ज्ञान को ही प्रमाण का लक्षण प्रतिपादन किया है। पर उन्होंने उसका समर्थन एवं दोष-परिहार माणिक्यनन्दि के

---

१ ......तर्कः प्रमाणयितव्यः, तस्य कथंचिदपूर्वार्थत्वात्।
—प्र० प० पृ० ७०। त० श्लो० १। १३। ९२, पृ० १९५।
स्मृतिः प्रमाणान्तरमुक्तं ... ... कथंचिदपूर्वार्थग्राहित्वात्।
—वही, पृ० ६७। त० श्लो० १। १०। ७७, ७८-७९।

२ स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानम् प्रमाणम्। — परी० मु० १। १।

३ स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्। — प्र० न० त० १। २।

४ सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्। — प्र० मी० १। १। २।

५ वही, प्र० मी० १। १। २।

६ वही, प्र० मी० १। १। ३।

७ गृहीष्यमाण ग्राहिण इव गृहीतग्राहिणोऽपि नाप्रामाण्यम्। — प्र० मी० १। १। ४।

८ सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्। — न्या० दी० पृ० ९, धर्मभूषण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्' इस प्रमाणलक्षण को दृष्टि में रखकर ही किया है। तथ्य यह कि वे समन्तभद्र के लक्षण को भी विस्मृत नहीं करते।[१] इस तरह धर्मभूषण ने प्रमाण के लक्षण को सविकल्पक, अगृहीतग्राही एवं स्वार्थव्यवसायात्मक सिद्ध किया है तथा धर्मकीर्ति, प्रभाकर, भाट्ट और यौगों के प्रमाणलक्षणों की मीमांसा की है।[२]

उपर्युक्त विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि जैन परम्परा में सम्यक् ज्ञान को प्रमाण माना गया है और उसे स्व पर व्यवसायात्मक बतलाया गया है। कुछ ग्रन्थकार उसमें 'अपूर्व' विशेषण का भी निवेश करके उसे अगृहीतग्राही प्रकट करते हैं। उनका आशय है कि जितने भी प्रमाण हैं वे सब नये (अनिश्चित एवं समारोपित) विषय को ग्रहण करके ही अपनी विशेषता स्थापित करते हैं। स्मृति, प्रत्यभिज्ञा, तर्क, अनुमान और आगम ये वस्तु के उन अंशों को ग्रहण करते हैं जो पूर्ववर्ती ज्ञानों से अगृहीत रहते हैं। उदाहरणार्थ अनुभव के पश्चात् होनेवाली स्मृति भूत, भविष्यत् और वर्तमान कालों में व्याप्त वस्तु के अतीत (भूत) कालावच्छिन्न अंश को विषय करती है जब कि अनुभव वर्तमान कालावच्छिन्न वस्त्वंश को ग्रहण करता है। यही प्रत्यभिज्ञा, तर्क, अनुमान और आगम की बात है। अतः ये ग्रन्थकार प्रमाणलक्षण में 'अपूर्व' 'अनधिगत,' 'अनिश्चित', 'अनिर्णीत' और 'अज्ञात' जैसा विशेषण आवश्यक समझते हैं। इस श्रेणी में अकलंक, विद्यानन्द, माणिक्यनन्दि, प्रभाचन्द्र, अनन्तवीर्य और धर्मभूषण प्रभृति विद्वान हैं। पर कतिपय ग्रन्थ लेखक उक्त पद को प्रमाणलक्षण में अनावश्यक मानते हैं। उनका मन्तव्य है कि प्रमाण गृहीत ग्राही भी रहे तो उससे उसका प्रामाण्य समाप्त नहीं हो जाता। यह विचार देवसूरि, हेमचन्द्र आदि तार्किकों का है। इतना तथ्य है कि प्रमाण को स्वार्थव्यवसायात्मक ज्ञानरूप सभीने स्वीकार किया है।

---

१ ज्ञानं तु स्व परावभासकं प्रदीपादिवत्प्रतीतम्। — वही, पृ० १२।
२ वही, पृ० १८-२२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पतियानदाई की अद्वितीय प्रतिमा

श्री गोपीलाल "अमर", पुरातत्त्व विभाग, सागर विश्वविद्यालय

पतियानदाई का मन्दिर

मध्यप्रदेश के सतना जिले में पतौरा ग्राम से पूर्व में चार मील पर, सतना से दक्षिण-पश्चिम में छह मील पर और उचहरा से उत्तर में आठ मील पर एक सिन्दूरिया नाम की पहाड़ी है। इसकी उपत्यका में एक टीले पर एक छोटा सा ध्वस्त मन्दिर है। उसमें अब कोई प्रतिमा नहीं है। किन्तु लगभग सौ वर्ष पूर्व श्री कनिंघम ने उसमें एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रतिमा देखी थी और अपनी रिपोर्ट में उसकी विशेषताओं का उल्लेख भी किया था[1]। अब यह प्रतिमा प्रयाग नगर के संग्रहालय में प्रदर्शित है[2]।

प्रतिमा का आकार-प्रकार

बाइसवें तीर्थंकर नेमिनाथ की यक्षी अम्बिका की यह खंडित प्रतिमा सवा तीन फुट चौड़े और पौने छह फुट ऊँचे लाल शिलाफलक पर अंकित है। अम्बिका के चारों ओर शेष २३ यक्षियां, १३ तीर्थंकर,[3] नवग्रह, अम्बिका के दोनों पुत्र शुभंकर और प्रभंकर[4], एक भक्तदम्पति और दो सेविकाएँ, कुल ५२ प्रतिमाएँ उत्कीर्ण हैं। अम्बिका के वाहन के रूप में सिंह और पार्श्वसज्जा की दृष्टि से गज, अश्व, मकर आदि के अङ्कन भी हैं। प्रत्येक यक्षी के साथ उसका नाम भी उत्कीर्ण है।

पतियानदाई नाम की सार्थकता

इस प्रतिमा का नाम विशेष रूप से विचारणीय है। स्थानीय जनता इसे "पतियानदाई" कहती है। श्री कनिंघम ने उसे 'पतैनी देवी' लिखा है[5] और उसका समीकरण महाराज संक्षोभ के एक[6] और महाराज सर्वनाथ के दो[7] कास्य अभिलेखों में उल्लिखित 'पिष्टपुरिका' देवी से किया है[8]। यह समीकरण पुरातत्त्व की दृष्टि से संभव नहीं क्योंकि उक्त दोनों महाराजों की इष्ट देवी पिष्टपुरिका पतौरा में नहीं, बल्कि खोह के आसपास किसी मन्दिर में थी[9]। भाषा शास्त्र की दृष्टि से भी यह समीकरण असंभव है क्योंकि 'पिष्टपुरिका' शब्द किसी भी नियम से 'पतियान' या 'पतौनी' शब्द का रूप नहीं ले सकता।

---

१ आर्क्योलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, जिल्द ९, पृष्ठ ३१ और आगे।

२ उद्यान में कुए के पास एक शैड में।

३ शेष ११ तीर्थंकरों की प्रतिमाएँ फलक के खंडित भाग में रही होंगी, अतः इस फलक को चतुर्विंशतिपट्ट भी कहा जा सकता है।

४ इसे प्रियंकर नाम भी दिया गया है।

५ वही (टिप्पणी १)।

६ कार्पस इंस्क्रिप्शनम् इंडिकेरम्, जिल्द ३, अभिलेख सं० २५, पृष्ठ ११२, फलक १५ बी, (द्वितीय)।

७ वही अभिलेख सं० २८, पृ० १२९, फलक १८ तथा अभिलेख सं० ३१, पृ० १३५ फलक २०।

८ आर्क्यो० स० रि०, जिल्द ९ पृ० ३२।

९ उपर्युक्त अभिलेखों की उसी जिल्द में संबद्ध टिप्पणियाँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री नीरज जैन का अनुमान भी इस प्रतिमा के नाम के संबन्ध में उल्लेखनीय है: 'देवी अम्बिका के आसन पर भी एक पंक्ति का लेख है जो अस्पष्ट है। मुनि कान्तिसागर ने इसे रामदास और पद्मावती पढ़कर यह अनुमान लगाया था कि मूर्ति का प्रतिष्ठापक कोई रामदास था जिसका निवास स्थान पद्मावती होना चाहिए, जिसका बनवाया यह मंदिर पद्मावती के नाम से विख्यात हुआ होगा तथा यही नाम कालान्तर में अबोध ग्रामीणों द्वारा "पतियानदाई" हो गया होगा'[१०]। श्री जैन के इस अनुमान में प्रथम आपत्ति तो यह है कि वह एक अस्पष्ट लेख और उसके अनिश्चित पाठ पर आधारित है और दूसरी आपत्ति यह है कि 'पद्मावती' शब्द का अर्थ अपभ्रंश 'पदुमावई' या 'पउमावई' हो सकता है, 'पतियानदाई' नहीं। इस प्रतिमा का वास्तविक और मौलिक नाम "पतियान-दाई" ही है। पति (सिंह के रूप में) है यान (वाहन) जिसका ऐसी इस विग्रह से बहुव्रीहि समास में 'पतियान' शब्द बनेगा[११] यह तत्सम शब्द है, तद्भव या अपभ्रंश नहीं। 'दाई' शब्द अवश्य 'दात्री' या देवी का तद्भव या अपभ्रष्ट रूप है। प्रस्तुत देवी अम्बिका का वाहन उसी का पति कैसे बना, इसकी जैन साहित्य में एक दिलचस्प कथा मिलती है[१२]। एक ब्राह्मणी अपने पति द्वारा सतायी जाकर एक पहाड़ी पर आम्र वृक्ष के नीचे जा पहुँची। अपनी निर्दोषिता के प्रसाद से असमय में ही फले हुए आम्रफल वह अपने दोनों पुत्रों को खिला हीं रही थी कि उसे अपना पति आता दिखा। वह अपने अपराध की क्षमा याचना कर उसे लेने आ रहा था। लेकिन ब्राह्मणी ने समझा कि वह उसे और कष्ट देने को आ रहा है। अतः वह दोनों पुत्रों के साथ पहाड़ी पर से कूद कर मर गयी और तीर्थंकर नेमिनाथ की यक्षी हुई। उसका नाम आम्र देवी या अम्बिका हुआ। क्योंकि आम्रवृक्ष से उसका एक विशेष प्रकार का नाता जुड़ चुका था, इसलिए उसकी प्रतिमा में उसके ऊपर आम्रवृक्ष और उसके एक हाथ आंम्रगुच्छ दिखाया जाता है। वह एक पुत्र को गोद में तथा दूसरे पुत्र को हाथ में लेकर कूदी थी अतः एक बालक उसकी गोद में तथा दूसरा पार्श्व में अंकित किया जाता है। उसे मरी देखकर उसका पति भी आत्मग्लानि से मर गया और सिंह बना और उसके वाहन के रूप में उसकी सेवा करने लगा, इसलिए अम्बिका के यान के रूप में उसका सिंह शरीरी पति दिखाया जाता है।

प्रतिमा का निर्माण काल

कला और लिपि से अनुमान होता है कि इस प्रतिमा का निर्माण मध्यकाल में हुआ था, किन्तु मन्दिर का निर्माण इसके बहुत पहले हो चुका था। इस सम्बन्ध में श्री कनिंघम के शब्द पर्याप्त होंगे: 'अभिलेखों (यक्षीनामों के उत्कीर्ण किए जाने) के प्रारम्भिक काल से भी बहुत पहले का यह मन्दिर प्रतीत होता है। इसलिए निस्संदेह,

---

१० पतिः यानं यस्याः सा देवी पतियान देवी

११ अनेकान्त, वर्ष १६, किरण ३, (अगस्त '६२) पृष्ठ १०३।

१२ पुण्यास्त्रव कथाकोष में यक्षीकथा, वादिचन्द्रकृत अम्बिका कथा सार, प्रभावक चरित में विनयसिंह सूरिचरित, पुरातन प्रबंध संग्रह में देव्याः प्रबन्ध।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यह संभव है कि मूर्ति की स्थापना के काफी समय के बाद नाम उत्कीर्ण किये गये हों। पर मेरा विश्वास इस ओर अधिक है कि प्रस्तुत प्रतिमा भी उसी की है जिस काल के अभिलेख हैं और वह इस मन्दिर में स्थापित की गयी जो काफी लम्बे समय से खाली पड़ा रहा था[13]।

अम्बिका की प्रतिमा

शिलाफलकों के बीचोबीच शिला के कुछ भाग को उकेरकर और कुछ को कोरकर अम्बिका की साढ़े तीन फुट लम्बी, खड़ी चतुर्मुखी-चतुर्भुजी प्रतिमा निर्मित की गयी है। चारों भुजाएँ खण्डित हैं। शरीर पर अनेक आभूषण हैं। मस्तक पर मणिजटित मुकुट है और अलंकृत केशों के तीन जूड़े ऊपर और तीन पीछे गूंथे गए हैं। कटि से पैरों तक का भाग सूक्ष्म वस्त्र से आवृत है और हाथों पर से उत्तरीय के छोर दोनों ओर लटक रहे हैं। पैरों के पास अंकित सिंह अब खंडित हो गया है। उसके पास प्रभंकर बैठा है और शुभंकर अम्बिका का हाथ पकड़ कर उसी के पार्श्व में खड़ा है। अम्बिका के दोनों ओर एक-एक सेविका और नीचे भक्त युगल तथा उसके दोनों ओर नवग्रह अंकित हैं। ऊपर भामंडल का कटाव कमल की पँखुरियों के समान होने से अत्यन्त सुन्दर बन पड़ा है। भामंडल के ऊपर जिस प्रतीक का अङ्कन था वह पूर्णतः खंडित हो चुका है, केवल उसके पाँच आधार बच रहे हैं। यह प्रतीक आम्रवृक्ष रहा होगा। भुजाओं के अतिरिक्त इस प्रतिमा की नासिका भी खंडित है।

तीर्थंकर-प्रतिमाएँ

अम्बिका के मस्तक पर उसके आराध्य तीर्थंकर नेमिनाथ की प्रतिमा है। उसके आसन पर शंख लांछन अङ्कित है। इस प्रतिमा के दोनों ओर एक-एक कायोत्सर्गासन और एक-एक पद्मासन तथा अम्बिका के दोनों ओर की खड़ी पंक्तियों में गज, अश्व और मकर की आकृतियों के नीचे चार-चार कायोत्सर्गासन तीर्थंकर-प्रतिमाएँ उत्कीर्ण हैं। इनके साथ लांछन नहीं है। इस फलक पर इस प्रकार १३ तीर्थंकर ही दृष्टिगत होते हैं, किन्तु जैसा कि कहा जा चुका है, शेष ११ तीर्थंकर भी अवश्य अङ्कित रहे होंगे जो शिलाफलक के खंडित हो जाने से अब अदृश्य हैं।

यक्षियों की प्रतिमाएँ

इस शिलाफलक पर २४ ही यक्षियों की प्रतिमाएँ अङ्कित हैं। मध्य में मुख्य-मूर्ति के रूप में एक (अम्बिका की), उसके ऊपर तीर्थंकर प्रतिमा के नीचे पाँच, उसके पार्श्व की दोनों खड़ी पंक्तियों में सात-सात और उसके सिंहासन के दोनों ओर दो-दो यक्षियाँ अङ्कित हैं। यक्षियों की सभी प्रतिमाएँ प्रायः खड़ी, चतुर्भुज, आयुधधारिणी और वाहन सहित हैं। बाएँ पार्श्व की प्रतिमाओं का दायाँ और दायें पार्श्व की प्रतिमाओं का बायाँ पैर खण्डित है।

---

१३ वही (टिप्पणी ८)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सभी यक्षियों के आसन पर उनके नाम उत्कीर्ण हैं जिन्हें भी कनिंघम ने इस प्रकार पढ़ा था; ऊपर की पाँच बहुरूपिणी चामुण्डा, पद्मावती, विजया, सरस्वती, बायें पार्श्व की पंक्ति में सात अपराजित, महामानुसी, अनन्तमती, गान्धारी, महामानसी, ज्वाला-मालिनी, मानुसी, दाएँ पार्श्व की पंक्ति में सात जया, अनन्तमती, वैराता, गौरी, काली, महाकाली, त्रिजंसकला। नीचे की चार के नाम पढ़े नहीं जा सके। नामों को उत्कीर्ण करने या करानेवाला व्यक्ति अधिक शिक्षित नहीं था क्योंकि उसने भाषा संबन्धी अनेक शोचनीय त्रुटियाँ की हैं। चौदहवें तीर्थंकर की यक्षी अनन्तमती का नाम दो बार अंकित हुआ है जबकि दूसरे तीर्थंकर की यक्षी का नाम अङ्कित किया ही नहीं गया। यह नामावलि तिलोयपण्णत्ती, अपराजितपृच्छा और प्रतिष्ठा सारोद्धार की नामावलियों से कुछ भिन्न है।

इसप्रतिमा का महत्व

पतियानदाई के नाम से विख्यात यह अम्बिका यक्षी की प्रतिमा कई दृष्टियों से अद्वितीय है। अम्बिका की इतनी विशाल प्रतिमा कदाचित् कहीं भी निर्मित नहीं हुई। सम्पूर्ण शिलाफलक पर समाविष्ट विविधता तो निश्चिय से अनुपम है। एक ही फलक पर चौबिस तीर्थंकरों का आलेखन तो साधारण बात है, किन्तु चौबिसों यक्षियों का एकत्र अङ्कन, वह भी अपने-अपने आराध्य तीर्थंकर के साथ एकमात्र इसी शिलाफलक पर हुआ है। इतना ही नहीं, उनका सम्पूर्ण परिकर, आवश्यक प्रतीक, अभिप्राय आदि जो तत्कालीन शिल्प के परम्परागत और सामयिक लक्षण हैं, एक भी यहाँ अदृश्य नहीं है। नवग्रह, अश्व, गज, मकर आदि को यथास्थान देखा जा सकता है। इस प्रकार यह समूचा फलक अपनी सर्वांगीणता में अद्वितीय बन पड़ा है। तीर्थंकरों की प्रशान्त मुद्रा और भक्त युगल को भक्ति प्रवणता दर्शक पर स्थायी छाप छोड़ती है। अम्बिका की प्रतिमा में दिव्य सौन्दर्य, नारीसुलभ सौकुमार्य, भावभंगिमा की अभिव्यक्ति आदि दर्शनीय बन पड़ी है।

यह प्रतिमा मध्यकालीन शिल्प की प्रतिनिधि इकाई मानी जा सकती है। भक्ति निमग्न दम्पति, नवग्रहों के प्रति आग्रह, तीर्थंकर के साथ यक्षी की अनिवार्यता, तीर्थंकर प्रतिमा से यक्षी प्रतिमा का कई गुनी बड़ी होना आदि कुछ ऐसी विशेषताएँ इस शिला-फलक में विद्यमान हैं जिनसे तत्कालीन चमत्कार बहुलता, बहुदेववाद, एहलौकिकता आदि के स्पष्ट संकेत मिलते हैं। भट्टारक सम्प्रदाय का चरम विकास इस प्रतिमा पर मूर्त रूप में दृष्टिगत होता है। गुप्तकाल के पश्चात् उत्तरोत्तर बढ़ती हुई शिल्पगत बोझिलता भी यहाँ परिलक्षित होती है।

इसमें संदेह नहीं कि पतियानदाई की यह प्रतिमा अपने ढंग की एक ही है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के २३वें अलीगढ़ अधिवेशन में कला-विज्ञान विभाग में पठित एवं बहुचर्चित—

प्राचीन भारतीय युद्ध-विज्ञान: कुछ नये संदर्भ

श्री प्रेम सुमन जैन, एम० ए०, शास्त्री, प्राकृत जैन विद्यापीठ, वैशाली

प्राचीन भारतीय युद्ध-विज्ञान विषयक जानकारी प्रत्येक भारतीय साहित्य के माध्यम से प्राप्त होती है। किन्तु अभी तक जो इस विषय में कार्य हुआ उसमें जैन साहित्य का उपयोग नहीं किया गया है। जबकि कथा कहानियों के माध्यम से प्रसंगवश जैन-साहित्य में युद्ध-विज्ञान सम्बन्धी सामग्री इतस्ततः बिखरी पड़ी है। और वह अपने-आप में इतनी पूर्ण है कि यदि उसे संजोया जाय तो प्राचीन भारतीय युद्ध-विज्ञान की प्रत्येक विधा पुष्ट ही नहीं होती, उसमें अपना बहुत कुछ जोड़ती भी है।

प्राचीन भारतीय युद्ध-विज्ञान की ठीक जानकारी के लिए उसके कुछ विशेष अङ्गों—युद्ध के कारण, युद्ध की आचार संहिता, सैन्य-संगठन, सैनिक-शिविर, युद्ध के वादित्र आदि को पृथक्-पृथक् जान लेना अपेक्षित है।

युद्ध के कारण :

संघर्ष किसी विशेष प्रयोजन की अपेक्षा नहीं रखता। जैन-साहित्य में वर्णित युद्धों के कारण प्रायः सामान्य हैं। छोटी-छोटी चीजों से लेकर राज्य-विस्तार तक के लिए युद्ध लड़े गये हैं। राजा प्रद्योत ने केवल एक मुकुट के लिए उदयन से लड़ाई छेड़ दी थी।[१] राजा पद्मनाभ और पृथ्वीपाल एक हाथी के लिए लड़े थे।[२] कुणाक ने हार प्राप्त करने के लिए रणभेरी बजवा दी थी।[३] काष्ठांगार और जीवन्धर की लड़ाई कभी-कभी गोधन के लिए ही हो जाती थी।[४]

युद्ध के कारणों में राज्य-विस्तार एक महत्त्वपूर्ण कारण है। यह प्राचीन परिपाटी थी कि युवराज का अभिषेक होते ही वह दिग्विजय के लिए निकलता था। आवश्यक नहीं, सभी राजा उसकी अधीनता सहर्ष स्वीकार करते जायं। जहां विरोध होता वहीं युद्ध छिड़ जाता। यशोधर कुमार का पाञ्चाल नरेश महाराजा अचल से इसी कारण युद्ध हुआ। चक्रवर्ती भरत की दिग्विजय अनेक ऐसे युद्धों से परिपूर्ण है। और तो और राज्यविस्तार की लालसा दो सगे भाइयों को भी युद्ध क्षेत्र में उतार देती थी। भरत-बाहुबलि का उदाहरण स्पष्ट है।

---

१ उत्तराध्ययन सूत्र ९, पृ० १३५।

२ चन्द्र प्रभ चरित

३ दो हजार वर्ष पुरानी कहानियाँ—डा० जगदीशचन्द्र जैन।

४ जीवन्धरचम्पू

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किन्तु भरत-बाहुबलि का युद्ध राज्यविस्तार की दृष्टि से कम, आत्मस्वाभिमान की दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण है। ज्येष्ठ भ्राता भरत को बाहुबलि नमन कर भी लेते, किन्तु जो बड़ा भाई पितृ तुल्य होकर अपने छोटे भाई के राज्य को अपना लेने में नहीं हिचकता तथा जिसने अपने मस्तक पर तलवार रख छोड़ी हो—मूर्धन्यारोपितखड्गस्य—उसको प्रणाम करना कौन-सी रीति है ?[1] इस भावना के कारण बाहुबलि नहीं झुके और निर्णय कर लिया कि हम दोनों का अब जो कुछ होना होगा युद्ध की भूमि में ही होगा।[2] इस तरह स्वाभिमान की रक्षा को भी युद्ध की सम्भावना में जोड़ा जा सकता है।

वैवाहिक कारण अनगिनत हैं। प्रायः हर स्वयम्बर के प्रारम्भ में मांगलिक वाद्य बजे और समाप्ति पर युद्ध के नगाड़े। अन्य भारतीय साहित्य में यह हर जगह देखने को मिलेगा। जैन-साहित्य में अजितसेन ने अपनी वागदत्ता शशिप्रभा के लिए धरणीध्वज विद्याधर से युद्ध लड़ा।[3] जयकुमार और अर्ककीर्ति का युद्ध सुलोचना के स्वयम्वर के कारण हुआ।[4] जीवन्धर कुमार और काष्ठांगार के युद्ध का प्रारम्भ स्वयम्बर से ही होता है।[5] डा० जगदीश चन्द्र जैन ने प्रेमिकाओं के अपहरण आदि को भी युद्ध के कारणों में गिना है।[6]

इनके अतिरिक्त युद्ध के अन्यान्य कारण भी हो सकते हैं। किन्तु संघर्ष प्रायः सम्पत्ति, भूमि और स्त्रियों के कारण ही होता है। बोलचाल की भाषा में जिसे कहते हैं—'लड़ाई की जड़ तीन—जर, जोरु और जमीन।'

युद्ध की आचार संहिता :

रामायण और महाभारत काल से युद्ध की आचार-संहिताओं का विकास हुआ। तभी से युद्ध धर्मयुद्ध कहे जाने लगे। युद्ध में नियमों का उलंघन हो भी सकता है किन्तु संग्राम नियमपूर्वक लड़ा जाता था।[7] साम, दाम, दण्ड, भेद के द्वारा युद्ध को टालने का भरसक प्रयत्न किया जाता था। शस्त्र युद्ध की अपेक्षा मन्त्र युद्ध को प्राथमिकता दी जाती थी।[8] किन्तु युद्ध अनिवार्य हो जाने पर उससे विमुख नहीं हुआ जाता था।

युद्ध करनेवाले विजिगीषुओं के लिए यह आदेश था कि जब वे शत्रु से हर तरह से शक्तिशाली हों तो उन्हें उसके साथ युद्ध छेड़ देना चाहिए। यदि शत्रु से शक्ति

---

१ महापुराण पर्व ३५, श्लोक १०७
२ ततः समरसंघट्टे यद्वा तद्वास्तु नौ द्वयोः। —वही श्लोक १३८
३ चन्द्रप्रभ चरित
४ महापुराण पर्व ४४
५ जीवन्धरचम्पू लम्भ १०
६ जायाधम्म कहा और आवश्यक चूर्णि—
७ जम्बूदीप पण्णत्ती २, पृष्ठ २४.
८ मन्त्र युद्धाश्रित श्रीणां शस्त्रयुद्धेन किं फलम्। —यशस्तिलकचम्पू ३ आश्वास, श्लोक ७४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समान हो तो युद्ध नहीं करना चाहिए—समेनापि न योद्धव्यं।[१] इससे हमेशा नुकसान ही होता है। दो कच्चे घड़े परस्पर संघर्ष से दोनों फूट जायेंगे।[२] और अधिक शक्तिशाली राजा के साथ तो युद्ध करना ही नहीं चाहिए। नहीं तो, पैदल सैनिक की हाथी के साथ युद्ध करने वाली स्थिति प्राप्त होती है—पादयुद्धमिवेभेन भूयसा सह विग्रहः—।[३] चतुर राजा को तो यह चाहिए कि वह दो परस्पर शत्रु राजाओं को ही लड़ाकर अपना काम बना ले।[४] तथा शत्रु के मित्र राजाओं में जासूसों द्वारा फूट डलवा दे—परिदूष्यारिपु सामवायिकाः—।[५] और यदि अपना कार्य नुकसान न होकर लाभ होता हो तो शत्रु राजा से संधि कर ले।

युद्ध की घोषणा करने न करने का विचार राजा अपने मन्त्री व सेनापति की सलाह से करता था। गुप्तचर तथा दूतों की सूचनाओं के आधार पर मन्त्री राजा को युद्ध करने न करने की सलाह देता था। तब इसके बाद सेनापति से इस विषय में परामर्श किया जाता था। निष्कर्ष निकल आने पर राजा सेना को सजने का आदेश देता था। प्रचीन युद्ध की आचार-संहिताओं से यहां कोई विरोध नहीं है।

बहुत बार ऐसा भी होता था कि दो राजे परस्पर में यह विचार करते थे कि सेना का अनावश्यक विनाश न हो इसलिए वे दोनों ही द्वन्द-युद्ध करके विजय का निर्णय कर लेते थे। भरत और बाहुवलि ने सैन्य युद्ध को रोक कर द्वन्दयुद्ध को ही उचित समझा और दृष्टियुद्ध, बाहुयुद्ध तथा जलयुद्ध के द्वारा अपनी जय-पराजय का निर्णय कर लिया था। इस तरह युद्ध की आचार-संहिता प्रायः शस्त्र युद्ध को रोकने के प्रयत्न में थी तथा मन्त्र युद्ध आदि के द्वारा राष्ट्ररक्षा करने के लिये प्रेरित करती थी। किन्तु इसके बावजूद भी जो युद्ध हो जाते थे वह एक मजबूरी थी। अथवा समाज-संगठन के लिए संघर्ष की अनिवार्यता।

युद्ध की तैयारियां :

दूत-सम्प्रेषण—जब दो समान राजाओं के बीच संघर्ष का प्रश्न उठता तो उनमें परस्पर दूत-सम्प्रेषण के द्वारा अपने-अपने मन्तव्यों को भेजा जाता था। क्योंकि दूत द्वारा कार्य की गति जान कर पश्चात् युद्ध करना उचित है। "दूवें कज्जहं गइ मुणिवि पुणु जुजि-मज्जइ देव"—मयण पराजय चरित १.१८.। दूत अहंकार का साक्षात् रूप—साक्षाद्गर्व इव—बनकर आता था। पहिले तो वह अपने राजा की बड़ाई कर उससे सन्धि कर लेने के लिए शत्रु राजा को प्रेरित करता और यदि वह नहीं मानता तो

१ नीतिपाक्यामृत (भा. टी.) पृष्ठ ३७२
२ आमं हि पात्रमामेनाभिहतमुभयतः क्षयं करोति।—सोमदेवसूरिः
३ यशस्तिलक चम्पू आ. ३, श्लोक ८३.
४ कण्टकेन कण्टकमिव परेणपरमुद्धरेत्। —सोमदेवसरिः
५ चन्द्रप्रभ चरित सर्ग १२, श्लोक १०५-६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यह कह कर कि तुम मृत्यु को प्राप्त करोगे—लभसे नाशमङ्कतः—युद्ध का निमन्त्रण देकर वापिस चला आता था। इन्हीं खरे बचनों के कारण दूत की वाणी को सर्पिणी कहा गया है—वाग्भुजङ्गीयते मृद्वी—।[१]

यद्यपि दूत का भेद कोई नहीं जान सकता था और उसे अच्छा-बुरा सब कुछ कहने का अधिकार था तो भी राजा लोग उसकी बातों से रुष्ट नहीं होते थे। उसे सत्कार सहित अपने पास बैठा लेते[२] और दूसरे की वाणी बोलने वाला—परवागनुवादिनो—मानकर उसके योग्य उचित राजकीय व्यवस्था करवाते थे।[३] राजमंत्र के नियमों के अनुसार दूत अवध्य हमेशा माना गया है।

कभी-कभी दूत द्वारा लायी गई सामग्री से भी उसके राजा का अभिप्राय ज्ञात कर लिया जाता था। यशोधर महाराज के दरबार में जब अचलनरेश के दूत ने उनका लेख और भेंट प्रस्तुत की तो यशोधर के प्रधान राजदूत ने यह अभिप्राय लगाया कि इस राजा का लेख तलवार के चिह्न से अङ्कित है—मण्डलाग्रमुद्राङ्कितो—। अतः वह युद्ध करना चाहता है। और वस्त्रों के चार तह में लिपटी हुई यह भेंट इस बात की सूचना देती है कि वह नरेश चतुरंग सेना द्वारा हमारे महाराज को वेष्टित करना चाहता है।[४] इससे जहां एक ओर राज्य में ऐसे कुशल अर्थवेत्ताओं की उपस्थिति का भास होता है वहां यह भी पता चलता है कि अपने विचारों को अवगत कराने का एक साधन यह भी था।

अन्तर्बाह्य सुरक्षा—

युद्ध निश्चित हो जाने पर शत्रु राजा की शक्ति पर विचार करते हुए अपने नगर का परकोटा, गोपुर, खाई आदि का उचित प्रबन्ध किया जाता था। राज्य के सभी दरवाजों को मजबूत कर किला का आश्रय लिया जाता था। क्योंकि किले का आश्रय ले लेने पर बड़े से बड़े आक्रमणकारी शत्रु को भी हराया जा सकता था—तदाश्रितैरनायासात् जेतुं शक्योरिपुर्महान्—।[५] आन्तरिक सुरक्षा की दृष्टि से नगर में होने वाली सैनिक-जागृति भी महत्वपूर्ण है।

तदन्तर कुशल राजा जासूसों द्वारा शत्रु राजा के कार्यों से अवगत रहते हुए उसके भृत्यों को लोभवश मिलाकर शत्रु के मित्र राजाओं में फूट डलवा देता था। और इधर अपनी सेना को मजबूत बनाने के लिए अपने पड़ोसी मित्र राजाओं को मिलाने की कोशिश करता। उनसे सैनिक सहायता की मांग करता था। जीवन्धर कुमार ने

१ धर्म शर्माभ्युदय सर्ग १९, श्लोक ६६
२ ससत्कारं कुमारेण नातिदूरं न्यवेशिसः। —महापुराण पर्व ३५, श्लोक ५६
३ धर्म शर्माभ्युदय
४ यशस्तिलक चम्पू आ. ३, पृ. ३६६
५ महापुराण पर्व ३२, श्लोक ५४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपने मित्र राजाओं को पत्र लिखकर काष्ठागार के विरोध तथा अपने पक्ष में किया था और उनको सेना-सहित आने लिए निमन्त्रण भेजा था—ततः समागच्छत वाहिनीभिः—।[1] अपनी शक्ति को मजबूत बनाने के लिए यह एक दूसरा साधन था।

सैन्य संगठन—

प्राचीन भारतीय सैन्य संगठन में चतुरङ्गिणी सेना सर्व प्रमुख है। राम-रावण का युद्ध भले मात्र पदाति सेना से हो गया हो, किन्तु प्रायः सेना के यही चार प्रमुख अंग थे— रथ, हाथी, घोड़े तथा पैदल सैनिक।[2] कहीं कहीं गज, रथ, तुरङ्ग और पदाति यह क्रम भी मिलता है।[3] चक्रवर्ती भरत की सेना में देव और विद्याधर भी सम्मिलित थे।

रथ—

रथ दो प्रकार के होते थे—साधारण भारवाहक रथ और संग्राम रथ।[4] यहाँ अंतिम प्रकार के रथ से ही प्रयोजन है। संग्राम रथ सब प्रकार के शस्त्रों से सुसज्जित तथा ध्वजारूपि बाहों से युक्त होते थे। उनमें बड़े-बड़े घोड़े जोते जाते थे।[5] इन रथों में सौ बाणों से युक्त कई तरकश, कवच, टोपी, धनुष तथा अन्य विभिन्न प्रकार के शस्त्र रखे जाते थे।[6] रथ में ध्वजाओं के अतिरिक्त अनेक छोटी-छोटी घंटियां भी लगी रहती थीं, जिनकी आवाज मानों शत्रु को चेतावनी देती होती थी—निक्रणत्किङ्किणिक्वाणैर्योद्धुं जहुविरे द्विषः—।[7] चक्रवर्ती भरत के रथ के ऊपर फहराती लम्बे कपड़े की ध्वजा पीछे आने वाली सेना का मार्गदर्शन करती थी।[8] रथ प्रायः बड़े-बड़े योद्धाओं और सामन्तों के द्वारा संचालित होता था। इसका प्रयोग तीव्रगामी कार्यों के लिए अधिक होता था। रथों के प्रकारों का कोई विशेष उल्लेख तो नहीं मिलता, किन्तु प्रद्योत का अग्निभीरु रथ[9] (fire proof) अनेक शक्तिशाली रथों की विद्यमानता का प्रतीक है। आकाश में चलने वाले रथों—रथश्चाम्बर गोचराः—का भी युद्ध क्षेत्र में प्रयोग होता था।[10]

गज—

हाथी अपनी शक्ति, गति और आक्रमण करने के लिए सेना में प्रसिद्ध था।[11] हाथी की उपयोगिता सैन्यबल में सबसे महत्वपूर्ण थी। जिस सेना में हाथी नहीं होता

---

१ जीवन्धर चम्पू लम्भ १०, श्लोक २९.

२ उत्तराध्ययन १८, २.

३ गजरथतुरङ्गपादात शबलेन। —जीवन्धर चम्पू लम्भ ५, श्लोक २.

४ स्टडीज इन भगवती सूत्र, पृ. १२०.

५ महापुराण पर्व ४४, श्लोक ९८.

६ आवश्यक चूर्णि पृ. १८८.

७ धर्मशर्माभ्युदय १९।५१

८ महापुराण पर्व २७, श्लोक १२६

९ आवश्यक चूर्णि II पृ० ४० ३५-६५

१० महापुराण ३५-६५

११ णायाधम्मकहा १, पृ० ३९.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

था वह सेना अन्य अंगों से युक्त होती हुई भी मस्तकहीन समझी जाती थी।[१] हाथी अपने चारों पैरों, दोनों दांतों, पूंछ और सूंड़ रूपी शस्त्रों के कारण अष्टायुध कहा जाता था। इसीलिए वह सेना का प्रधान अंग समझा जाता था-बलेषु हस्तिनः प्रधानमङ्गम्-क्योंकि वह अकेला ही हजारों सैनिकों को मारने की शक्ति रखता है और स्वयं हजारों के प्रहारों से ताड़ित नहीं होता।

हाथी युद्ध कला में कुशल होते थे—सामीक कला कुशलौ—और देवताओं को भी रोमांचित कर देने वाला भयंकर युद्ध करते थे।[३] जयकुमार के विजयार्थ हाथी ने शत्रु के नौ हाथियों को अपने दन्तप्रहार से जमीन पर गिरा दिया था।[४] अतः दन्तप्रहार की शक्ति हाथियों की सबसे बड़ी शक्ति थी। किन्तु बल-शाली होने पर भी कुशल और शिक्षित हाथी ही युद्ध में अधिक उपयोगी समझा जाता था। अशिक्षित हाथी को धन और प्राणों को नाश करनेवाला माना गया है।[५]

हाथियों की सजावट संग्राम में जाते समय विशेष प्रकार से की जाती थी। उनके ऊपर अनेक हथियार रखे जाते थे तथा उन्हें अलंकार पहिनाये जाते थे। उनके कानों पर लटकते चामरों का वर्णन अनेक जगह आया है—मदवारण कर्णभ्रष्टचामर हंसावतंसिताः।[६] यह सारी सजावट महावत के द्वारा होती थी। उसके बाद पुरोहित अपने हाथों से उनपर शस्त्रादि रखता था।[७] शायद यह विजय प्राप्ति के लिए शकुन समझा जाता रहा होगा।

सेना में कितने हाथी होते थे इसका कोई सामान्य नियम नहीं है। भरत-चक्रवर्ती की सेना में चौरासी लाख मदोन्मत्त हाथियों के होने का उल्लेख है, जो विजय-प्राप्ति के साधन स्वरूप थे।[८] हाथी के मुख्यतः तीन भेद प्राप्त होते हैं—मन्द, मृग और भद्र। ये तीनों प्रकार के हाथी जयकुमार की सेना में उपस्थित थे।[९]

अश्व—

अश्व अपनी तेजगति के लिए समर में प्रसिद्ध था। शत्रु पर चढ़ाई करने के लिए, उसकी ध्वजा काटने के लिए अश्व का अधिक उपयोग होता था।[१०] अश्वों को

---

१ यशस्तिलक चम्पू आ० ३, श्लोक ३२१
२ सोमदेवसूरिः
३ जीवन्धरचम्पू लम्भ १०, श्लोक ४७
४ महापुराण पर्व ४४, श्लोक २५५
५ यशस्तिलक चम्पू आ० ३, श्लोक २८७
६ जीवन्धर चम्पू
७ चन्द्रप्रभ चरित १५।२०
८ महापुराण पर्व ३२, श्लोक १४९
९ वही, पर्व ४४, श्लोक २०४
१० अर्थशास्त्र पृष्ठ ३८८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उनके मुख में लोहे की लगाम लगाकर युद्ध में ले जाया जाता था 'सन्दानित लोहखलीन वदन'।[१] ये अनेक तरह के वस्त्रों तथा शस्त्रों से सुसज्जित किये जाते थे। छोटे गोल खुरवाले, चिकने रोमयुक्त, ऊँचे, चौड़ी पीठ वाले तथा जिनका वेग वायु की तरह होता एवं जो सुन्दर भंवर वाले होते—शुद्धावर्ता—वे घोड़े श्रेष्ठ समझे जाते थे।[२]

अश्वों को संग्राम के लिए और इसलिए अधिक उपयोगी समझा जाता था क्योंकि वे अपने स्वामी का पूरा ध्यान रखते थे। पिछले पैरों पर खड़े होकर अश्व अगले पैरों से अपने शत्रु घोड़े से लड़ते थे। यदि कभी घुड़सवार मारे जाते तो अश्व अपने स्वामी को खोजते हुए बड़े क्रोध के साथ अपने दाँतों और खुरों से प्रतिपक्षी घोड़े से युद्ध करते थे।[३] बिना घुड़सवार के घोड़े को कोई योद्धा नहीं मारता था। भरत की सेना में जल और स्थल में चलने वाले अठारह करोड़ घोड़े थे और एक लाख अश्वारोही।[४] इसमें कुछ यदि अतशियोक्ति है तो एक तथ्य यह भी कि कुछ घोड़े बिना सवारों के भी सैन्य में होते थे, जिनका कुछ और ही उपयोग होता रहा होगा।

सातवीं शती में अश्वों की नश्ल पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा था। अच्छी नश्ल के घोड़े अरब के व्यापारी भारत में लाते थे। बोल्लाह, सेराह, कयाह आदि अच्छी नश्ल के घोड़े माने जाते थे।[५] और इससे पहिले हरिभद्रसूरि ने वाल्लीक, तुरुक्क और वज्जर देशों से आने वाले अश्वों का उल्लेख किया है।[६] अरब राष्ट्र से आनेवाले इन घोड़ों के नाम भारती बाजारों में इतने घुल-मिल गये कि हेमचन्द्र के समय तक उनके मूल रूप का पता लगाना तक कठिन हो गया। इसीलिए उन्होंने अपने 'अभिधान चिन्तामणि' ग्रन्थ में बोल्लाह आदि नामों को संस्कृत से सिद्ध किया है।[७] कुछ जैन ग्रन्थ अश्वों के विषय में विशिष्ट एवं विस्तृत जानकारी भी प्रस्तुत करते हैं।[८]

पदाति—

सेना का मुख्य भाग पैदल सैनिकों की टुकड़ी ही होती थी। इनकी संख्या सेना के अन्य भागों की अपेक्षा बहुत अधिक रहती थी। ये नाना तरह के हथियारों को अपने साथ लेकर चलते थे।[९] धनुष, तलवार, भाला, बर्छी, छुरी आदि इनके प्रमुख शस्त्र थे। हथियारों के अनुरूप ही उनके नाम रख दिये जाते थे। जैसे—शक्तिधारक, लट्ठधारक, भालाधारक इत्यादि। स्थानीय पदातियों के अतिरिक्त सेना में अनेक प्रान्त के पैदल

---

१ जीवन्धर चम्पू लम्ब २, श्लोक २२

२ महापुराण पर्व २७, श्लोक १०६

३ ते स्वदन्त खुरै रेव क्रुद्धाः प्राहनन् परस्परम्। — वही, पर्व ४४, श्लोक १७२

४ वही, पर्व ३२, श्लोक १४९

५ कुवलयमाला कहा—पृष्ठ २३ पंक्ति २४

६ समराइच्चकहा पृष्ठ १६

७ डा. वासुदेव शरण अग्रवाल का अभिमत।

८ स्टडीज इन भगवती सूत्र पृ. ११८।

९ औपपादिक सूत्र ३१ पृष्ठ १३२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सैनिक भी आकर सम्मिलित होते थे। आचार्य सोमदेव ने यशोधर महाराज की दिग्विजय के समय अनेक-प्रान्तों के सैनिकों का परिचय दिया है।

पैदल सैनिकों में पुरुषों के अतिरिक्त स्त्रियों के सम्मिलित होने का भी उल्लेख प्राप्त होता है। अवसर पड़ने पर स्त्रियां भी योद्धा बनकर रणभूमि में उतरती थीं। वे रण-कौशल में चतुर होती थीं तथा योद्धाओं के समान ही आचरण करती थीं—योषितोऽप्य भटायन्त—। जयकुमार की सेना में ऐसी ही वीराङ्गना स्त्रियों के होने से उसकी पदाति सेना की संख्या शत्रु के सैनिकों से अधिक थी—ततः प्रतिबलातत्र भूयांसो वा पदातयः—।[१] अतः स्त्रियों को भी युद्ध में जाने और रणकौशल दिखाने की छूट थी। सम्भवतः वे पैदल ही लड़ती थीं।

सैनिक-सज्जा—

सैनिकों के परिधान के विषय में कोई निश्चित जानकारी नहीं है। विभिन्न देशों से आने के कारण सैनिकों की वेशभूषा भी विविध प्रकार की होती थी तथा उनके रंग-रूप में भी अन्तर होता था। सैनिकों में वस्त्र-पहिनावा के समय इतना ध्यान अवश्य रखा जाता था कि वह वस्त्र इस प्रकार का हो कि जिससे अपने शस्त्र प्रयोग में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और उससे शत्रु का प्रहार भी रोका जा सके, इतना चुस्त और मजबूत हो। प्राचीन भारतीय साहित्य में सैनिकों के मुख्य परिधान 'वारवाण' का विशेष उल्लेख है।[२] यह एक प्रकार का कवच अथवा शाही कोट था। भारत में यह सासानी वेशभूषा से आया। वारवाण के अतिरिक्त चोलक, उष्णीष, कौपीन, घुटनों तक लम्बा एक प्रकार का वस्त्र[३] तथा कञ्चुक[४] आदि सैनिकों के प्रमुख वस्त्र थे। इनमें से कुछ रंगीन—अनेक वर्ण वसन—तथा कुछ सफेद होते थे, जो मार्ग में उड़ी धूलि से कषाय रंग के हो जाते थे।[५]

युद्ध में जाने वाले सैनिक अनेक आभूषणों को भी धारण करते थे। मणिकंकण, मुकुट, मोतीमाला, केयूर, चूड़ामणि, कुण्डल[६], कण्ठी, कड़े, कानों में बालियां[७] आदि आभूषण उस समय सैनिकों द्वारा पहिने जाते थे, जो उन्हें राजा द्वारा उत्साहबर्द्धन के लिए प्रदत्त किये जाते थे। इसके अतिरिक्त कुछ सैनिक गरुणमणियों जैसी प्रभावाले मोरपंखों का छत्र अपने सिर पर धारण करते थे। उत्तर देश के सैनिक अपने मस्तक

---

१ महापुराण पर्व ४४, श्लोक ९९
२ रघुवंश ४/५५, हर्षचरित पृष्ठ २०६, आदि।
३ यशस्तिलक चम्पू आ ३, पृष्ठ ४६५
४ जीवन्धर चम्पू लम्भ ८, श्लोक २६
५ यशस्तिलक चम्पू
६ चन्द्रप्रभ चरित
७ यशस्तिलक चम्पू आ० ३, पृष्ठ ४६२-६५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पर नाना रंग के फूल धारण करते थे—अनवधिप्रकारप्रसवस्तवकचुम्बितशिखम्—।[1] शिरस्त्राण तो धारण किया ही जाता था। पैदल सैनिक पैरों में जूते भी पहिनते थे—सोपानत्कैः पदैः—।[2]

इस प्रकार चतुरङ्गिणी सेना का स्वरूप जो हमें यहाँ उपलब्ध है, वह प्राचीन भारतीय सैन्य संगठन के अनुरूप ही है। यत्र-तत्र नामों तथा प्रमुख अंगों के क्रम में परिवर्तन कोई खास विशेषता नहीं रखता।

सेनापति —

सम्पूर्ण सेना की व्यवस्था एक कुशल सेनापति के द्वारा होती थी। उसका यह कार्य होता था कि वह सम्पूर्ण सेना को अच्छी तरह शिक्षित और संगठित कर सही ढंग से संग्राम में ले जाय।[3] वस्तुतः विजयश्री को प्राप्त करने में प्रमुख हाथ सैन्य संचालन का ही होता है। सेनापति यदि कुशल हो तो थोड़ी शक्ति का भी अच्छा उपयोग कर सकता है। सोमदेव ने सेनापति की निम्न विशेषताएँ निर्धारित की थीं—नीतिशास्त्र में कुशल, समस्त आयुधों के संचालन में निपुण, युद्धकला विशारद, चतुरङ्गिणी सेना से युक्त, राजा का आज्ञाकारी, अपना मत देने में स्वतन्त्र तथा सेना का प्रियपात्र सेनापति ही विजय प्राप्त करने वाला होता है।[4]

शस्त्रास्त्र :—

युद्ध में प्रयोग आने वाले शस्त्रास्त्रों के विषय में जैन-साहित्य में अतुल सामग्री है अनेक प्रकार के नवीन आयुधों के नाम भी प्राचीन भारतीय आयुधों के साथ जुड़े हैं।

आचार्य सोमदेव ने छत्तीस प्रकार के आयुधों का परिचय दिया है।— असिधेनुका या शस्त्री, कर्तरी, कटार, कृपाण, खड्ग, कौक्षेयक, तरवारि, करवाल, भुसुण्डि, मण्डलाग्रु, असिपत्र तथा निस्त्रिंश—ये बारह प्रकार की तलवारें थीं। इनके अतिरिक्त अशनि या वज्र, अंकुश, कणय, परशु, कुठार, प्रास, कुन्त, भिन्दिपाल, करपात्र, गदा, दुस्फोट, मुग्दर, दरिघ, दण्ड, पहिस, चक्र, भ्रमिल, यष्टि, लांगल, शक्ति, त्रिशूल, शंकु, पाश, वागुरा, क्षेपणिहस्त, गोलघर तथा नाराच ये २७ अन्य प्रधान शस्त्रास्त्र थे। इस विषय की पूर्ण जानकारी श्री डा० गोकुलचन्द्र जैन की थीसिस के माध्यम से की जा सकती है। इसी प्रकार के शस्त्रास्त्रों की एक सूची 'प्रश्न व्याकरण' नामक ग्रन्थ में भी प्राप्त होती है,[5] जिसके आयुध यही हैं। नामों के क्रम में भेद हो सकता है।

संग्राम में सर्वाधिक प्रयुक्त होने वाला शस्त्र धनुष-बाण था। धनुष संसार के

---

१ यशस्तिलक चम्पू आ० ३, प० ४६२-६५
२ महापुराण पर्व २७, श्लोक ११०
३ औपपादिक सूत्र २९
४ यशस्तिलक चम्पू आ० ३, श्लोक २४६
५ डॉ० जगदीश चन्द्र जैन द्वारा 'लाइफ इन एंशियेन्ट इण्डिया ऐज डेपिक्टेड इन जैन कैनन्स' में उद्धृत।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सभी अस्त्रों में श्रेष्ठ माना जाता था। धनुष चलाना आ गया तो अन्य शस्त्र चलाना आ ही जाता है। किन्तु अन्य सभी अस्त्र चलाना आ जाने पर भी धनुष चलाना नहीं आ सकता।[१] धनुष आगे-पीछे, दायें-बायें, ऊपर-नीचे बड़ी शीघ्रता से चलाया जाता था। यह क्रिया—'कोदण्डांचन चातुरी' कहलाती थी।[२] धनुष की टंकार बड़ी भयंकर होती थी। जयकुमार के पास वज्रकाण्ड नामक धनुष था, जिसकी टंकार सुनते ही शत्रु अस्त्र छोड़ देते थे।[३] कपिशीर्षक धनुष घोड़ों को ताड़न करने के कार्य में आता था।[४]

वाणों के भी कई प्रकार होते थे। तमोवाण, अग्निवाण, गजवाण, मेघवाण, इनको रोकने वाले सूर्यवाण, जलवाण, सिंहवाण और वायुवाण होते थे।[५] कुछ इस तरह के वाण भी होते थे जो शत्रु द्वारा छोड़े गये वाणों के टुकड़े-टुकड़े कर देते थे।[६] नागपाश और अर्धचन्द्र नाम के वाण भी प्रयुक्त होते थे। इनके अतिरिक्त सर्पास्त्र, पर्वतास्त्र, मोहनास्त्र, पर्वसिद्धास्त्र को गरुणस्त्र, वज्रास्त्र, उद्यमस्त्र एवं विघ्नविनायकास्त्र द्वारा नष्ट किये जाने का भी उल्लेख प्राप्त है।[७] सम्भवतः ये दिव्यास्त्र थे। क्योंकि उस समय की सेना में देव और विद्याधरों का भी युद्ध होता था। कुछ वाण नामांकित भी होते थे जो चक्रवर्ती की दिग्विजय का संदेश राजाओं को देते थे। इनकी गति बारह योजन तक होती थी—क्रान्तद्वादशयोजनः—।[८]

उक्त शस्त्रों के अतिरिक्त अनेक दिव्यशक्तियों का भी प्रयोग युद्ध में होता था। संग्रामस्थल में अंधकार फैला देने वाले कुछ पदार्थों का प्रयोग भी उस समय होने लगा था।[९] अवसर पड़ने पर मिट्टी के बड़े-बड़े ढेलों अथवा छोटी-छोटी चट्टानों से भी योद्धा लोग युद्ध लड़ लेते थे, जिन्हें गण्डशैल कहा गया है—गण्डशैल खण्डिताङ्गेन।[१०] इन शस्त्रास्त्रों को एक आयुधशाला में एकत्रित रखा जाता था, जहां एक शस्त्रविशारद योद्धाओं को शस्त्र चलाने की विद्या सिखाता था। अठारह वर्ष की आयु में क्षत्रिय-कुमारों को योग्य हो जाने पर शस्त्रपारंगत किया जाता था। इन कुमारों को कवचहर कहते थे।

सैनिक-प्रयाण —

जब दो राष्ट्रों के बीच किन्हीं कारणवश युद्ध अनिवार्य हो जाता था और दोनों

---

१ धनुषां गोचर तानि न तेषां गोचरो धनुः। —यशस्तिलक चम्प आ० ३, श्लोक ४६५
२ वही, श्लोक ४७१
३ महापुराण पर्व ४४, श्लोक १५३
४ वही, श्लोक १७४
५ वही, श्लोक ३३५
६ वही, श्लोक १२७
७ चन्द्रप्रभचरित सर्ग ६, श्लोक १०३-५
८ महापुराण पर्व ३५, श्लोक ७१
९ जम्बूदीपपण्णत्ति सूत्र २४, पृष्ठ १२४
१० जीवन्धर चम्पू लम्भ १०, पृ० २०३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और सैन्य संगठित होकर तैयार हो जाता तो युद्ध के नगाड़े बज उठते थे। सैनिक-प्रयाण दल-बल के साथ होने लगता। कभी-कभी बिना युद्ध की इच्छा के ही अभिषिक्त कुमार के साथ दिग्विजय के लिए सेना का प्रयाण होता था। कभी चक्रवर्ती अपने कूच का डंका बजवाते थे। सैनिक-प्रयाण के समय अनेक सामरिक वादित्रों एवं सैन्य-उत्साह का परिचय जैन-साहित्य के परिप्रेक्ष्य द्वारा हमें प्राप्त होता है।

युद्ध के वादित्र —

सैन्य को उत्साहित करने के लिए विशिष्ट वाद्ययन्त्र बजाये जाते थे। यशस्तिलकचम्पू में २३ प्रकार के वादित्रों का उल्लेख हुआ है, जिनमें से शंख, काहला, दुन्दुभि, पुष्कर, ठक्का, आनक, भम्भा, ताल, करटा, त्रिविला, डमरुक, रुंजा, जयघण्टा, पटह, भेरी, तूर तथा डिण्डिम इन १७ वादित्रों का प्रयोग युद्ध में अधिक होता था।[1]

शंख बजे तो दशों दिशाएँ मुखरित हो उठीं। योद्धाओं के मन जाग उठे। काहलाएँ फूँकी गईं तो वे प्रफुल्लित हो गये। दुन्दुभि बजीं कि युद्ध की तैयारी या विजय की खुशी में सैनिक नाच उठे। करहाएँ बजाते ही उनका उत्साह दूना हो गया— प्रोत्तालितासु रणरसोत्साहितसुभटपटासु करहासु—।[2] पुष्कर, ढक्का, आनक, पटह, भेरी, तुरी तो जैसे उन्हें युद्ध में ही ले उड़ते। तबले के नाद पर जैसे नर्तक के पैर थिरकते हैं, वैसे ही इन रणवाद्यों के नाम योद्धाओं में शक्ति का संचार करते और वे दुगुने उत्साह के साथ जूझने में जुट जाते थे।

युद्ध के प्रसंग में वादित्र तीन तरह से बजाये जाते थे। प्रथम वे वादित्र जो कूच के समय बजाये जाते थे, दूसरे वे, जो चलते हुए युद्ध में भी बजते रहते थे और तीसरे वे, जो युद्ध की समाप्ति पर बजाये जाते थे। विजय की दुन्दुभि बजते ही युद्ध की समाप्ति समझी जाती थी।

सैनिक-उत्साह—

राज्य के सैनिक इस प्रतीक्षा में रहते थे कि कब वह समय आये जब हम युद्ध में अपना पराक्रम दिखला कर राजा के ऋण से उऋण हो जायं। क्योंकि राजा संकट के समय के लिए ही सैनिकों का पोषण करता है।[3] नगाड़ों का शब्द उन्हें वह अनुकूल समय ला देता। युद्ध का नाम सुनते ही उनके अंग फड़कने लगते। वे इतने पुलकित हो उठते कि उनके पहली लड़ाई के घावों के टांके टूट जाते। कवच छोटे पड़ जाते तो भी वीर योद्धा बिना कवच के ही युद्ध में जाने के लिए तैयार हो जाते।[4] उनमें परस्पर संलाप होने लगता—कोई कहता कि घावों से जर्जरित अपने शरीर को

१ डा० गोकुलचन्द्र की थीसिस के आधार पर
२ यशस्तिलक चम्पू आ० ३, पृ० ३८४
३ पोषयन्ति महीपाला भृत्यानवसरं प्रति। —महापुराण पर्व ३५, श्लोक १४३.
४ चन्द्रप्रभ चरित १५/६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेकर कब हम युद्ध मण्डप में उपस्थित होंगे, कोई शरशैया पर सोने की अभिलाषा व्यक्त करता—'शरशय्यामसम्बाधम् अध्याशिष्ये कदान्वहम्[१] —आदि।

युद्ध प्रारम्भ होने के पहिले दिन तो यह अधीरता सैनिकों में और ही बढ़ जाती। सुबह उन्हें युद्ध के लिए कूच करना है, वे रात में ही आनन्द विभोर हो रहे हैं। 'जब तक शत्रु के योद्धाओं को हम जीत नहीं लेंगे अपनी प्रियायों का उपभोग नहीं करेंगे' इस प्रतिज्ञा वाले कितने ही शूर वीर उस आखिरी रात अपनी पत्नियों की शैया पर ही नहीं गये—नाभ्यनन्दन प्रियतल्पम् अनल्पेच्छा भटोत्तमाः—[२] किन्हीं ने सारी रात प्रियायों को धैर्य बंधाते ही बिता दी और सवेरे युद्ध के लिए प्रस्थान कर गये। कितनी आतुरता है युद्ध के लिए।

मांगलिक-कार्य—

सैन्य-प्रस्थान के समय मंगल सूचक शकुन पर भी विचार किया जाता था। यदि सैन्य के प्रस्थान के समय दाहिनी ओर सियारियां बोलें, छींकें हों, सांप रास्ता काट जाये, कौआ कर्कश स्वर से बोले, गधा आर्त शब्द करने लगे आदि तो अपशकुन समझा जाता था। इसका प्रतिफल उस राजा की पराजय होती थी। इनके विपरीत बातें शकुन मानी जाती थीं। और उनके दर्शन से राजा की जीत स्पष्टहो जाती थी।[३]

सैनिक-प्रयाण के समय गन्धर्व गान करते थे। ब्राह्मण मन्त्रों का उच्चारण कर आशीर्वाद देते थे। स्तुतिपाठक वीरों के चित्त को प्रसन्न करते थे। युद्ध हेतु प्रस्थान करने में तत्पर राजपुत्रों का दही, दूर्वा और चन्दन से तिलक किया जाता था—संपादित दधिदूर्वाचन्दनेषु नृपतिनन्दनेषु—।[४] जहाँ से सेना का प्रस्थान प्रारम्भ होता था वहां अन्य मांगलिक द्रव्यों के साथ जल से पूर्ण सुवर्ण घट रखे जाते थे।[५] इस तरह के अनेक मांगलिक अनुष्ठान कर अस्त्रों की पूजा कर सैन्य का प्रस्थान कराया जाता था।[६]

नगर-निष्क्रमण--

जिस समय सेना प्रस्थान करती, नगर की समस्त गलियां उससे व्याप्त हो जाती थीं। ऐसा प्रतीत होता था उस सैन्य समुदाय को देखकर कि मानों योद्धाओं की एक अपूर्व सृष्टि ही तैयार हुई हो। जिस गली से सेना गुजरती महलों के गवाक्षों से बधूटियां उनपर पुष्पांजलियां छोड़ती थीं। बड़े-बूढ़े आशीर्वाद देते थे —आप संसार

---

१ महापुराण पर्व ३५, श्लोक १४६
२ वही, श्लोक २११-१२
३ चन्द्रप्रभ चरित १५/३०
४ यशस्तिलक चम्पू आ० ३. पृ० ३८४
५ समराइच्चकहा पृष्ठ २७-२८
६ महापुराण पर्व ३२, श्लोक ८५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की विजय करें और दशों दिशाओं को जीतें—विश्वं विजयस्व दशोदिश—।[1] इस तरह सेना का नगर-निष्क्रमण होता।

सैन्य-प्रस्थान के समय केवल योद्धा ही उसमें सम्मिलित न होते थे बल्कि राज्य के सभी प्रमुख वर्ग के लोग उसके साथ चलते थे। क्योंकि जहां कहीं शिविर लगता वहां वे सारी सामग्री उपलब्ध होती थीं जो नगर में प्राप्त थीं। सम्राट, सामन्त, सम्पूर्ण सैन्यवल, हथनियों पर बैठी अन्तःपुर की रानियां, खच्चरों पर बैठी अन्य स्त्रियां, वेश्याएँ, नगरसेठ, वणिक, सामान से लदी बैलगाड़ियां, ऊँट और अन्य साधारण प्रजा ये सब सैन्य लश्कर के साथ चलते थे।[2] इनके अतिरिक्त सेना के साथ मार्ग ठीक करने, शिविर स्थापित करने, पुल बनाने आदि के लिए विभिन्न प्रकार के कर्मकार भी साथ होते थे। स्थपति क्षणभर में नदियों पर पुल बना देता था।[3] रामायण में भी ऐसे कई कारीगरों का उल्लेख हुआ है।[4]

सैनिक-प्रयाण करने के पूर्व सम्राट अपने सामन्त राजाओं एवं बड़े-बड़े योद्धाओं को अनेक उपहार देकर उनके उत्साह को बढ़ाता और उन्हें प्रसन्न करता था। चमकदार कपड़े, मणिकंकण, मुकुट, मोतीमाला, चूड़ामणि, सुवर्ण यज्ञोपवीत आदि अनेक महामूल्य आभूषण उपहार में दिये जाते थे। जिनके लिए जो योग्य वस्तु होती थीं—अन्योऽपि यस्य यो योग्यः[5]—उन्हें प्रदान कर राजा अपने सैन्यवल को प्रसन्न कर युद्ध में ले जाता था। काष्ठांगार ने अपने सेनापति को इसी प्रकार की वस्तुएँ प्रदान कर प्रसन्न किया था।[6]

सैन्य एक निश्चित क्रम के अनुसार प्रस्थान कराती थी। सबसे आगे पैदल सेना होती जो मार्ग के कंटकों आदि को भी लांघती हुई घोड़ों और रथों से तेज जाती थी।[7] ये रास्ते भर बातचीत करते-करते अपना मार्ग तय करते थे। इनके थोड़ी दूर पर अश्वारोही होते थे और फिर गज सवार। हाथियों के समूह के आगे उनके पैरों के आस-पास कुछ योद्धा तलवार लिए चलते थे जिससे हाथियों के पैरों की रक्षा हो सके।[8] सेना के दोनों किनारों पर रथों के समूह चलते थे तथा आगे पीछे और ऊपर-नीचे विद्याधरों और देवों का समूह होता था। इस तरह ६ प्रकार की सेनाओं से सैन्यवल सम्पन्न हो—षड़ङ्गबल सामग्रया सम्पन्नः[9]—प्रस्थान करता था। भरत

---

१ महापुराण पर्व २६, श्लोक ७६-८२
२ चन्द्रप्रभ चरित
३ महापुराण पर्व ३२, श्लोक २९
४ अयोद्धाकाण्ड ८०/१-३
५ चन्द्रप्रभ चरित १५/२५-१६
६ पारितोषिकप्रदानपरिवर्धतोत्साहेन। —जीवन्धरचम्पू लम्भ १०, श्लोक १०३
७ अश्वेभ्योऽपि रथेभ्योऽपि पत्तयो वेगितं ययुः। —महापुराण पर्व २७, श्लोक ११०
८ वही, पर्व ३६, श्लोक १४
९ वही, श्लोक ५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चक्रवर्ती की सेना में अश्वों का समूह आगे, रथ सबसे पीछे, हाथी मध्य में और पैदल सैनिक सभी जगह चलते थे— सर्वत्रैवात्र पत्रयः —।[१] सैन्य-प्रस्थान का अन्यसाहित्य में भी प्रायः यही क्रम दृष्टिगोचर होता है।

सैन्य-शिविर—

प्राचीन भारतीय युद्ध विज्ञान के अन्तर्गत शिविर का महत्वपूर्ण स्थान था। दिग्विजय के लिए निकले हुए सम्राटों द्वारा रास्ते में अनेक प्रकार के शिविर स्थापित किये जाते थे। सैन्य-प्रस्थान के पूर्व ही उनके पड़ाव का स्थान निश्चित हो जाता था। सेनापति अनेक कर्मकारों को वहां भेज कर शिविर बनवा कर तैयार रखता था, जिनमें सेना जाकर ठहरती थी।[२] एक दूसरे तरह के भी शिविर होते थे जो युद्ध क्षेत्र के आस-पास ही निर्मित किये जाते थे। शाम को युद्ध बन्द हो जाने पर सैनिक उन शिविरों में विश्राम करते थे।

शिविर के चारों ओर तम्बू लगाये जाते थे। बीचों-बीच सम्राट का तम्बू होता था। वह अनेक मंगल द्रव्यों से युक्त होता था। उसकी रचना बड़ी सुन्दर की जाती थी—स्वर्गापहासिश्रयः—। चक्रवर्त्ती भरत का तम्बू चांदी के खम्भों में बड़े-बड़े सफेद कपड़ों को बांधकर बनाया गया था, जिसकी शोभा राजभवनों को भी तिरस्कृत करने वाली थी—सौधशोभापहासिनः— ।[३] उसके ऊपर अनेक पताकाएँ फहराती थीं।

सम्राट के तम्बू को घेरे हुए सामन्तों के तम्बू होते थे। उसके बाद बड़े-बड़े योद्धाओं के और फिर सामान्य सैनिकों के। यदि सामान्य सैनिकों को तम्बुओं की कमी पड़ जाती तो तुरन्त ही घास की बड़ी-बड़ी झोपड़ियां तैयार कर दी जाती थीं—कीडिकाश्च विशङ्कटाः।[४] भरत के शिविर में तो घोड़ों के ठहरने के लिए भी कपड़े के तम्बू बनाये गये थे—अश्वानां पटमण्डपेषु निवहे— ।[५] घुड़शाल में उनको बाँधने के लिए शिलायें डाल दी जाती थीं।[६] हाथियों को वन के वृक्षों से ही बांधकर रखा जाता था। इन शिविरों में बैल और ऊंटों के ठहरने की व्यवस्था का भी उल्लेख मिलता है। इस तरह शिविर का इन्तजाम बड़े अच्छे व्यवस्थित ढंग से होता था। ऐसा लगता जैसे वह सेना बहुत समय से ही वहां रह रही हो—चिरादेव कृतावांसं तदा लक्ष्यते— ।[७] और यदि सेना का पड़ाव कहीं वनप्रदेश में होता तो सैनिक सारी व्यवस्था फिर उसी ढंग से करते। महाकवि जयदेव ने एक ऐसे शिविर का वर्णन करते हुए सैनिकों के कार्य-कलापों का दिग्दर्शन कराया है।[८]

---

१ महापुराण पर्व ३३, श्लोक २
२ महापुराण पर्व २७, श्लोक १२१
३ वही, श्लोक १२६
४ वही, पर्व ३२, श्लोक ६५.
५ वही, पर्व २७, श्लोक १४६
६ चन्द्रप्रभ चरित, १४/५४
७ महापुराण पर्व २७, श्लोक १५१
८ विक्रान्त कौरव

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जहां भी सैनिकों के शिविर लगते वहां एक विस्तृत बाजार लग जाया करता था। व्यापारी वर्ग अपने सामान की बैलगाड़ियों सहित सेना के साथ चला करते थे। जहां पड़ाव पड़ा वहीं वे अपनी दुकानें सजा देते थे। शिविर ऐसी बड़ी-बड़ी बाजार की गलियों से व्याप्त होता था—महाविपणिपथैरूपशोभितम्—।[१] शिविर में सैनिकों के विश्राम के लिए वेश्याओं के भी तम्बू होते थे। वे हारे-थके सैनिकों के स्वागत के लिये अपने तम्बुओं के दरवाजों पर खड़ी रहती थीं। उस समय वे वहां की रहने वाली जैसी ही प्रतीत होती थीं।[२] इस तरह राज्य प्रासाद, तम्बू, बाजार आदि से सुशोभित शिविर का निरीक्षण कर राजा अपने तम्बू में विश्राम के लिए जाता था।[३] इन शिविरों में नाना प्रकार के व्यंजन बनाकर सैनिकों को खिलाये जाते रहे होंगे, क्योंकि सारा शिविर पुड़ियों की सुगन्ध से व्याप्त रहता था—चित्तहरमिन्दुरिकादि गन्धम्—।[४] किन्तु ऐसे शिविरों की भी कमी नहीं थी जिनमें सैनिकों को फल खाकर रहना पड़ता था और पानी पीने के लिए स्वयं कुएँ खोदने पड़ते थे।[५]

युद्धभूमि में—

युद्धभूमि प्रायः नगर के बाहर ही मैदान का क्षेत्र होता था। आक्रमणकारी राजा पहले से युद्धभूमि में डटा रहता था। उसकी चेतावनी का जवाब देने इसका राजा नगर से सेना लेकर युद्धभूमि में पहुँचता। दोनों पक्षों की सेना आमने-सामने जाकर खड़ी हो जाती थी। प्रथम तो दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के लिए अपने पराक्रम का परिचय देते। प्रतिपक्ष का सेनानायक कहता—'अरे मूर्ख, तू जो साहस के साथ रण में खड़ा है सो मरना ही चाहता है'—। तो दूसरे पक्ष से जवाब मिलता—रे शत्रु, चुप रह, चुप रह, मेरी चिन्ता छोड़, तू युद्ध में अपने प्राणों की रक्षा का प्रयत्न कर —विरम विरम शत्रो—कुकसमीके जीवरक्षा प्रयत्नम्—।[६] अन्त में यही बात सामने आती कि ज्यादा बकने से क्या फायदा, हम दोनों के पराक्रम का फैसला अब युद्ध ही करेगा कि कौन शूरवीर है और कौन कायर।[७] तदनन्तर दोनों ओर की सेनाएँ परस्पर युद्ध करने लगतीं।

दोनों सेनाएँ आमने-सामने भिड़ जाने पर अपनी-अपनी श्रेणी के योद्धाओं को ललकारने लगते। पदाति पदाति को, घुड़सवार अश्वारोही को, रथसवार रथसवार को और गजारोही गजारोही को—यस्य येन समाकक्षा स तमाहास्त वीतभीः—।[८] घन-

---

१ जीवन्धर चम्पू लम्भ १०
२ चन्द्रप्रभ चरित १४/४७
३ वही, श्लोक ४४
४ वही, श्लोक ४९
५ विक्रान्त कौरव
६ जीवन्धर चम्पू लम्भ १०
७ शूराणां कालराणां च रणे व्यक्तिर्भविष्यति। —यशस्तिलक चम्पू आ. ३, श्लोक ४२३.
८ चन्द्रप्रभ चरित १५/४०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

घोर युद्ध प्रारम्भ हो जाने पर यह नहीं देखा जाता था कि कौन अपना है, कौन पराया। जो जिसके सामने आता वही उसका शत्रु समझा जाने लगता था—ये संझावास्तेरिपु-सैन्यवर्गाः— ।[1] वे प्राणों का मोह छोड़कर लड़ने लगते थे। उनके भयंकर युद्ध को देखकर देव लोग तो प्रशंसा करते थे, किन्तु दर्शकों को उससे भय लगने लगता था। ऐसे भयंकर युद्ध में सभी शस्त्रों का प्रयोग होने लगता था।[2] सैनिक उस समय साक्षात् वीररस के समान दिखायी पड़ते थे—देहबद्धा इव वीररसाः— ।[3]

व्यूह रचना—

प्राचीन भारत में व्यूह बनाकर युद्ध किया जाता था। व्यूह रचना का प्रारम्भ बहुत पहिले हो चुका था। आदिपुराण में जिन व्यूह रचनाओं के नामोल्लेख हैं वे कौटिल्य द्वारा निर्दिष्ट ४२ प्रकार की व्यूह रचना के अन्तर्गत समाविष्ट हैं। मकर व्यूह, चक्रव्यूह, वज्रव्यूह, नागव्यूह, गरुड़व्यूह, दण्डव्यूह, सूचीव्यूह[4], सगधव्यूह[5] आदि व्यूह रचनाओं का जैन-साहित्य में उल्लेख है। इन व्यूहों को एक दूसरे से नष्ट किया जाता था। जैसे, मकरव्यूह को चक्रव्यूह से इत्यादि। विद्याधर भी अनेक तरह के व्यूहों की रचना करते थे।[6]

समस्त शस्त्रों के विनष्ट हो जाने पर यदि योद्धा जिन्दा बचते तो वे आपस में भिड़कर मल्लयुद्ध करने लगते थे—दण्डादण्डि कचाकचि— ।[7] इससे भी थक जाते तो परस्पर गालियां देते हुए वाक्‌युद्ध करने लगते थे।[8] किन्तु शत्रु के सामने से भागते नहीं थे। और यदि कभी सेना के भागने का अवसर आ भी जाता तो सेनापति उन्हें वीरोचित वाणी के द्वारा पुनः उत्साहित करता था। योद्धाओं के कर्त्तव्यों की याद दिलाता था।[9]

शाम होते ही युद्ध बन्द हो जाया था। यदि किसी पक्ष का राजा अपनी हठ के कारण सूर्यास्त के बाद भी लड़ने को प्रस्तुत होता तो दोनों ओर के मन्त्री इस कार्य को अधर्म कहकर युद्ध रुकवा देते थे।[10] युद्ध बन्द होते ही सैनिक शिविरों में चले जाते। वहां उनकी प्रियाएँ उनका कुशल आदि पूछतीं। सेवा करती थीं। किन्तु कई घायल सैनिक, जिनके प्राण मात्र आंखों में अटके रह जाते, युद्ध क्षेत्र में पड़े-पड़े

---

१ जीवंधर चम्पू लम्भ १०, श्लोक ६२
२ निखिल शस्त्रलीलायितम्। —वही
३ वही, श्लोक २६ के बाद का गद्य
४ औपपादिक सूत्र ४०, पृ. १८६
५ निरयावली कहा
६ महापुराण पर्व ४४, श्लोक १०९-१२
७ चन्द्रप्रभ चरित १५/४०
८ दुर्वचनैः प्रजह्रुः शौर्यशालिनः। —वही
९ नाकृत्यं मरणं रणे— । —चन्द्रप्रभ चरित १५/१३२
१० महापुराण पर्व ४४, श्लोक २७२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपनी प्रिया के आने की राह देखते रहते थे।[1] और जो सैनिक वीरगति को प्राप्त होते उनके बन्धु-बान्धव युद्धभूमि में ही बाणों की चिता बनाकर उनका दाहसंस्कार कर देते थे।[2]

दूसरे दिन सुबह होते ही करोड़ों वाद्यों के साथ सेना जाग पड़ती। सेनापति लोग उठकर स्नान करते, याचकों को दान देते और जिनेन्द्र भगवान की पूजा आदि कर पुनः सैन्य का विभाजन कर युद्ध के लिए प्रस्तुत हो जाते थे।[3] युद्ध कितने दिन तक चला करता ऐसा कोई बन्धन रहा हो इसकी सूचना नहीं मिलती। किन्तु जब तक किसी एक राजा की जय-पराजय निश्चित न हो जाती होगी तब तक युद्ध चलता ही होगा।

युद्ध का परिणाम जय-पराजय के रूप में होना अनिवार्य है। जिस शक्तिशाली राजा की विजय होती वह पराजित राजा को बन्दी बनाकर उसकी समस्त सैनिक-सामग्री पर अधिकार कर लेता था।[4] विजित सैनिकों को प्रायः अभयदान देकर उनके सम्बन्धियों को सौंप दिया जाता था।[5] मृत योद्धाओं का दाह-संस्कार करवा कर घायल सैनिकों के लिए चिकित्सा का प्रबन्ध भी विजयी राजा करवाता था—मृतानां प्रेत संस्कारं जीवनां जीविका क्रियाम्—।[6] तदनन्तर वह विजित नगरी में प्रवेशकर उसपर आधिपत्य जमाता था।

युद्ध के परिणाम :

सामाजिक संगठन के लिए संघर्ष जहां अनिवार्य प्रतीत होता है वहां उससे कुछ तात्कालिक हानियां भी होती हैं। प्राचीन समय में तो ऐसे युद्ध होते थे कि पूरा नगर का नगर युद्ध में सम्मिलित हो जाता था। राज्य के ऊपर आयी आपत्ति किसी एक की नहीं होती थी। इसलिए सामाजिक श्रृंखलायें तो युद्ध से विघटित होती ही थीं, उसका आर्थिक प्रभाव भी जन-साधारण के जीवन पर बहुत पड़ता था। सैनिकों द्वारा लूटपाट भी होती थी और उनके प्रयाण से किसानों के लहलहाते अनाज के खेत रुँदते चले जाते थे। इन सबके बावजूद भी युद्ध लड़े जाते रहे।

जैन-साहित्य में वर्णित युद्धों की परिणति प्रायः वैराग्य में हुई है। किसी को तुरन्त वैराग्य हो गया, किसी को कुछ आगे-पीछे। इसका मूल कारण जैन राजाओं के कुछ जन्मजात संस्कार हैं। जो सम्प्रदाय, सर्वभूतदया की जननी अहिंसा और निवृत्ति-

१ कान्तागमं प्रतीक्ष्यास्त लोचन स्थित जीवितः।— वही, श्लोक ३००
२ संस्कारं प्रापयामासु रिन्धनी कृत सायकाः। — चन्द्रप्रभ चरित १५/१३२
३ महापुराण पर्व ४४, श्लोक ३१८-१९
४ यशस्तिलक चम्पू पृ० ३८६
५ जीवन्धर चम्पू लम्भ १०, पृष्ठ २०९
६ महापुराण पर्व ३४, श्लोक ३५१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूलक अपरिग्रहवाद का उद्घोष करे उसके अनुयायी शासक कहां तक नरसंहारी युद्ध के वातावरण में अपने को खपा सकेंगे ? महाराज पद्मनाभ ने जब किसी निरीह सैनिक का कटा हुआ सिर देखा तो उन्हें बड़ी ग्लानि हुई। विजयी होकर भी उन्हें लगा—दूसरों को पीड़ा पहुँचाकर जो चीजें प्राप्त होती हैं उन्हें धिक्कार है।[1] वे सन्यस्त हो गये। विजयी बाहुबलि ने इसी चिंतन के कारण जीता हुआ साम्राज्य अपने भाई भरत को ही सौंप दिया।[2] और भी अनेक इस प्रकार के उदाहरण हैं।

युद्ध के दार्शनिक पक्ष को जैनचिन्तन के परिप्रेक्ष्य में देखना यह एक दूसरा ही विषय होगा और उसके विवेचन के लिए अनेक सम्भावनाओं एवं प्रयत्नों की प्रक्रिया ही दूसरी होगी। यहां तो प्राचीन भारतीय युद्ध विज्ञान से सम्बन्धित सामग्री के आकलन का प्रयत्न जैन-साहित्य से किया गया है। और जो कुछ भी एकत्रित किया जा सका उससे कम से कम इतना स्पष्ट अवश्य होता है, इस विषय में अभी अत्यन्त मनन-चिन्तन की आवश्यकता है।

प्राचीन भारतीय युद्ध-विज्ञान विषयक बहुत-सी सामग्री का आकलन श्री रामचन्द्र दीक्षित ने अपनी पुस्तक 'वार इन एन्शियन्ट इण्डिया' तथा श्री रामदीन पाण्डेय ने 'प्राचीन भारत की सांग्रामिकता' में किया है। वास्तव में इन सब सामग्री और जैन-साहित्य में संकलित युद्धविषयक सामग्री का समालोचनात्मक ढंग से उपयोग करके एक और तुलनात्मक पुस्तक लिखी जाना अपेक्षित है। इससे एक ओर जहां जैन-साहित्य की समृद्धि का प्रचार होगा, दूसरी ओर देश-विदेश के साहित्य-अन्वेषकों के लिए प्रशस्त मार्ग दर्शन भी।

१ धिग्धिक्परोपघातेन यदन्यदपि जायते। — चन्द्रप्रभ चरित १५/१३४
२ प्रेयसीयं तवैवास्तु राज्यश्रीर्या त्वयाऽदृता। —महापुराण पर्व ३६, श्लोक ९७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यशोधर कथा का विकास एवं महाकवि रइधू कृत जसहरचरिउ : एक अध्ययन

डा० राजाराम जैन एम० ए०, पी-एच० डी०

श्रमण वाङ्मय में अहिंसा तत्त्व की प्रधानता है। यही कारण है कि उसकी अभिव्यञ्जना के लिए साहित्यकारों ने कुछ ऐसे मर्मस्पर्शी लोकाख्यानों को धार्मिक साँचे में ढाला है जिनसे अनेक महत्त्वपूर्ण जीवन तथ्यों की अभिव्यक्ति होती है। यशोधर का आख्यान भी इसी प्रकार का एक लोकप्रिय आख्यान रहा है जिसपर पिछले १२-१३ सौ वर्षों में लगभग ६०-७० छोटे-बड़े ग्रन्थों का प्रणयन हुआ है। उनके रचनातन्त्र के अध्ययन करने से विदित होता है कि वह एक विकसनशील आख्यान है, जिसमें पूर्व-जन्म की घटनाओं को लेकर समय-समय पर अनेक लोक-कथाओं का ग्रथन होता रहा है और जिससे मूलकथा का कलेवर उत्तरोत्तर वृद्धिंगत होता रहा है।

यशोधर कथा सम्बन्धी स्वतन्त्र रचना के क्षेत्र में सर्व प्रथम आचार्य उद्योतन-सूरि (७७९ ई०) ने अपनी कुवलयमाला कहा[१] में प्रभंजन कवि के किसी यशोधर चरित का उल्लेख किया है किन्तु वह अभी तक अनुपलब्ध है। अतः उसके विषय में कुछ भी विचार कर सकना शक्य नहीं। इसके बाद यशोधर कथा सम्बन्धी एक स्वतन्त्र लघु आख्यान आचार्य हरिषेण कृत बृहत्कथाकोष[२] (९३२ ई०) में उपलब्ध है, जिसमें उसका शीर्षक है "यशोधर-चन्द्रमति कथानकम्"। वर्तमान प्रचलित यशोधर कथा के लिए इसे आद्य सुगठित रूप माना जा सकता है। तत्पश्चात् प्राचीनतम् उपलब्ध एवं विशाल ग्रन्थ आचार्य सोमदेव सूरि (९५९ ई०) कृत यशस्तिलक चम्पू है[३]। यह रचना कई दृष्टियों से अत्यन्त समृद्ध कोटि की सिद्ध हुई है। इसके बाद महाकवि पुष्पदन्त (९६५ ई०) कृत जसहर चरिउ[४] एवं वादिराज[५] (१०२५ ई० के लगभग) कृत यशोधर चरित क्रमशः

---

१ सत्तूण जो जसहरो जसहरचरिएण जणवए पयडो।
कलिमल पभंजणो च्चिय पभंजणो आसि रायरिसी॥
कुवलय० पृ० ३/३१ (सिंघी सीरीज बम्बई, १९५९)

२ दे० बृहत्कथाकोष—(सिंघी सीरीज, बम्बई, १९४३) डॉ० ए० एन० उपाध्ये द्वारा सम्पादित—कथानक सं० ७३, पृ० १६९-१७८

३ महावीर जैन ग्रन्थमाला (वाराणसी, १९६०) से प्रकाशित तथा पं० सुन्दरलाल जी जैन द्वारा सम्पादित संस्करण

४ कारंजा जैन ग्रन्थमाला (अमरावती, १९३१) से प्रकाशित तथा डॉ० प० ल० वैद्य द्वारा सम्पादित

५ कर्नाटक विश्व विद्यालय (धारवार, १९६३) से प्रकाशित तथा के० कृष्णमूर्त्ति द्वारा सम्पादित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश एवं संस्कृत में लिखे गये काव्यशैली के अपूर्व ग्रन्थ हैं। इन तीनों रचनाओं की कथावस्तु यत्किञ्चित् हेरफेर को छोड़कर लगभग एक सदृश है। यह ग्रन्थत्रयी परवर्ती कवियों के लिए निस्सन्देह ही प्रेरणा स्रोत रही है और उन्हें इतना अधिक आकर्षित और प्रभावित किया है कि संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, गुजराती, तामिल, कन्नड आदि विविध भारतीय भाषाओं में यशोधर चरित सम्बन्धी रचनाओं की बाढ़ सी आ गई।

अपभ्रंश के क्षेत्र में अभी तक एक मात्र कृति पुष्पदन्त कृत "जसहर चरिउ" ही उपलब्ध एवं प्रकाशित थी किन्तु अभी कुछ समय पूर्व महाकवि रइधू कृत "जसहर-चरिउ" नामक हस्तलिखित एक काव्य ग्रन्थ और उपलब्ध हुआ है जो अपभ्रंश भाषा में निबद्ध है। प्राचीन शास्त्र भण्डारों में इसकी दो प्रतियाँ मात्र ही उपलब्ध हैं। वे दोनों ही अपूर्ण हैं किन्तु दोनों को मिला देने से पूर्ण प्रति तैयार हो जाती है। संयोग से ये दोनों ही प्रतियां सचित्र हैं।

उक्त रचना के प्रणेता महाकवि रइधू का समय अन्तर्बाह्य साक्ष्यों के आधार पर वि० सं० १४५० से १५३० के मध्य निर्धारित किया गया है। अभी तक इस कवि द्वारा लिखित लगभग ३० ग्रन्थों में से २२ ग्रन्थ उपलब्ध हो चुके हैं।[१] ये सभी अप्रकाशित हैं। भाषा-शैली की दृष्टि से यह अपने युग का प्रतिनिधि साहित्य तो है ही मध्यकालीन इतिहास एवं संस्कृति की दृष्टि से भी वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसके विस्तृत प्रशस्तिखण्डों में अग्रवाल समाज के मध्यकालीन गौरवपूर्ण कार्य-कलापों सम्बन्धी प्रचुर सामग्री वर्त्तमान है। साथ ही साथ गोपाचल-दुर्ग में लगातार ३३ वर्षों तक निर्मित सहस्रों जैन मूर्तियों का इतिहास, तोमर वंशी राजाओं का जैन साहित्य एवं कला की उन्नति एवं विकास में सर्वांगीण योगदान, भट्टारक परम्पराएँ, वस्तुपाल एवं तेजपाल जैसे महापुरुषों के उल्लेख, जैसवाल एवं गोलालारे (गोलाराड) जैनों की साहित्य एवं कला रसिकता प्रभृति विषयों पर प्रामाणिक सन्दर्भ सामग्री इसमें निहित हैं।

रइधू ने इस ग्रन्थ का अपर नाम "दयागुणसार"[२] भी कहा है। इससे विदित होता है कि मध्यकाल में "यशोधर कथा" उक्त अपरनामांकित रचना के नाम से भी लिखी जाती रही है। रइधू के समकालीन एक कवि पद्मनाभ कायस्थ ने भी भट्टारक गुणकीर्ति की प्रेरणा से गोपाचल में ही "दयासुन्दर काव्य" नामक एक यशोधर चरित काव्य (संस्कृत, ६ सर्ग एवं १४६१ श्लोक प्रमाण) की रचना की थी।[३]

रइधू ने अपने गुरु भट्टारक कमलकीर्ति (१५०६-१० वि० सं०) की प्रेरणा से अग्रवाल कुलोत्पन्न श्री हेमराज संघपति के आश्रय में रहकर प्रस्तुत रचना का प्रणयन

---

१ रइधू ग्रन्थ परिचय के लिये देखिये—आचार्य भिक्षु स्मृति ग्रन्थ कलकत्ता (१९६१ ई०) में प्रकाशित मेरा शोध-निबन्ध—'अपभ्रंश-भाषा के सन्धिकालीन महाकवि रइधू' पृ० २/२०१-२१५

२ जसहर० १/१/८

३ प्रस्तुत हस्तलिखित ग्रन्थ जैन सिद्धान्त भवन आरा के ग्रन्थागार में सुरक्षित है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किया था[1]। संघपति हेमराज के पिता कमलसिंह संघपति राजा डूंगरसिंह की मन्त्रि-परिषद् के सम्मान्य सदस्य थे। वे महाकवि रइधू के बाल सखा भी थे। उनके आग्रह से कवि ने उनके स्वाध्याय के लिए सम्मत्तगुण० की रचना की थी तथा ग्वालियर-दुर्ग में उनके द्वारा बनवाई गई ५७ फीट ऊँची आदिनाथ भगवान की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी बड़े समारोह के साथ की थी[2]।

हेमराज ने भी अपने पिता की धार्मिक एवं साहित्यिक परम्पराओं को जारी रखा था। राज्य के आर्थिक विकास में सहयोग देने के कारण हेमराज को भी राज-दरबार में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हुआ था। कवि रइधू ने इनकी चार पीढ़ियों तक का परिचय इस ग्रन्थ में प्रस्तुत किया है।[3]

प्रस्तुत जसहरचरिउ में कुल ४ सन्धियाँ एवं १०४ (२१ + २२ + ३३ + २८ = १०४) कडवक हैं इन पंक्तियों के लेखक को जो प्रति उपलब्ध हुई है उसमें कुल पत्र संख्या ७० है। उनपर छोटे बड़े ६३ रंग विरंगे चित्र हैं। कुछ चित्र तो बड़े ही आकर्षक हैं और उत्तर-मध्यकालीन चित्र-शैली के सुन्दर कलापूर्ण नमूने हैं। वर्ण्य-विषय के अनुसार ही पृथक्-पृथक् पृष्ठों पर उनका चित्रांकन हुआ है जिससे प्रसंग प्राप्त घटनाओं की जानकारी बड़ी सुगमता से मिल जाती है।

उक्त 'जसहर चरिउ' की प्रथम दो सन्धियों में राजा मारिदत्त की कथा, क्षुल्लक-युगल का बलिहेतु चण्डमारी देवी के मन्दिर में उपस्थित किया जाना तथा मारिदत्त के पूछने पर क्षुल्लक द्वारा प्रस्तुत अपने विस्तृत परिचय में मूल यशोधर-कथा का वर्णन है। तृतीय और चतुर्थ सन्धियों में भवान्तर वर्णन, बलि प्रथा की कटु आलोचना तथा उसके साथ-साथ अहिंसा-तत्त्व को मानवीय संस्कृति का मूल बताया गया है। यशोधर का कथानक कुलालचक्र की गति से चला है। वह राजा मारिदत्त एवं क्षुल्लक-युगल के परस्पर वार्त्तालाप से प्रारम्भ होता है और उन्हीं दोनों के वार्त्तालाप से समाप्त भी होता है।

कवि रइधू की यशोधर कथा को देखने से विदित होता है कि उक्त रचना के प्रणयन के समय उसके सम्मुख महाकवि पुष्पदन्त कृत 'जसहरचरिउ' विद्यमान था। क्योंकि वर्ण्य विषय के साथ-साथ उसकी भाषा एवं शैली की दृष्टि से भी दोनों कृतियों में पर्याप्त समानता है। पुष्पदन्त के 'जसहरचरिउ' को अपना आधार ग्रन्थ बनाने का एक कारण यह प्रतीत होता है कि गोपाचल में पुष्पदन्त की कृतियाँ बड़ी ही लोकप्रिय थीं तथा रइधू के गुरु भट्टारक यशःकीर्ति के तत्त्वावधान में उनकी जीर्ण-शीर्ण एवं नष्टप्राय प्रतियों का पुनरुद्धार कार्य जारी था। बहुत सम्भव है कि इस पुनरुद्धार कार्य में रइधू ने भी सहायता की हो तथा उसी समय पुष्पदन्त के जसहरचरिउ का अध्ययन कर उसने अपने ग्रन्थ के प्रणयन की भी रूपरेखा तैयार की हो।

---

१ जसहर० १/१/१८

२ दे० श्री महावीर जैन विद्यालय बम्बई (१९६८) में प्रकाशित—"ग्वालियर-दुर्ग के कुछ जैनमूर्ति निर्माता एवं महाकवि रइधू" नामक मेरा विस्तृत शोध निबन्ध पृ० हिन्दी विभाग, ४३-८

३ जसहरचरिउ—अन्त्य प्रशस्ति ४/२६-२८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उपलब्ध 'यशोधर कथा' कृतियों में वैशिष्य—

